| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 73,745.35 |
| निफ्टी | ~ | 22,338.75 |
| सोना | ~ | 57,900 |
| चांदी | ~ | 74,500 |
| डॉलर | ~ | 82.86 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 02 मार्च 2024
फाल्गुन कृष्ण 07 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 161
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### संथन के शव को लंका ले जाने की तैयारी करें- उच्च न्यायालय

चेन्नई । मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा पाए दोषियों में से एक संथन के शव को श्रीलंका भेजने के संबंध में जरूरी कदम उठाने के आदेश दिए है।

संथन एक श्रीलंकाई नागरिक था और सुप्रीम कोर्ट द्वारा मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने और बाद में रिहा किए गए सात दोषियों में से एक था। उसकी सरकारी अस्पताल में लीवर की विफलता और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई थी। रिहाई के बाद से उस त्रिची विशेष शिविर में रखा गया था और हाल ही में उसे श्रीलंका में अपनी मां से मिलने की अनुमति मिली थी और अंतिम सांस लेने से पहले वह उनसे मिलने की योजना बना रहे था। न्यायमूर्ति आर. सुरेश कुमार और न्यायमूर्ति के. कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने अधिकारियों को संथन उर्फ ????के नश्वर के अवशेषों को श्रीलंक भेजे जाने के संबंध में आवश्यक औपचारिकतायें और वहां के उप उच्चायोग की मंजूरी प्राप्त करने का आदेश दिया।

### बिल्डर विजय मचिंदर की 7 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में ईडी ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिल्डर और ऑर्नेट स्पेसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय मचिंदर की 7.04 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। इन संपत्तियों में मुंबई के कई फ्लैट्स भी शामिल हैं। विजय मचिंदर को ईडी ने 3 जनवरी को ओशिवारा इलाके में उनकी कंपनी द्वारा शुरू किए गए एक प्रोजेक्ट में कई खरीदारों और निवेशकों से 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने विजय मच्छिंदर के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की जिसमें दावा किया गया था कि विजय ने ओशिवारा प्रोजेक्ट में फ्लैट बुकिंग करने के लिए 2012 और 2019 के बीच कलेक्ट किए गए रूपयों का उसने दुरुपयोग किया था।

### सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की दलील सुन राजी हुए सीजेआई

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने सुनवाई की। ज्ञानवापी मामले पर मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 19 दिसंबर के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की पांच याचिकाओं को खारिज किया था। सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें कहा गया था कि मंदिर के जीर्णोद्धार संबंधी वाद सुनवाई योग्य है। जब सुनवाई चल रही थी, तभी मुस्लिम पक्ष ने ऐसी मांग कर दी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति जता दी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जब सुनवाई चल रही थी, तभी मुस्लिम पक्ष की ओर से हुजैफा ने कहा कि ये पुराना वाला मामला है। बाकी याचिकाएं लिस्ट नहीं हुई हैं। इसकारण उन्हें एकसाथ सुना जाए। इसके बाद हुजैफा अहमदी ने सुप्रीम कोर्ट से सुनवाई टालने की मांग की। जिसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने मुस्लिम पक्ष की मांग से सहमति जताकर कहा कि हम मूल विवाद की मेंटेनिबिलिटी के सभी याचिकाओं को एकसाथ ही सुनने का तैयार है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दी।

# बेंगलुरु कैफे में हुए विस्फोट में 9 लोग घायल

## धमाके का सीसीटीव्ही फुटेज आया सामने

**बेंगलुरु। बेंगलुरु के मशहूर कैफे में हुए विस्फोट को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बम विस्फोट बताया है। इस हादसे में कम से कम 9 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। पुलिस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को घटना की जानकारी देते हुए बताया था कि कैफे के अंदर एक बैग में विस्फोटक रखा गया था, जिसमें धमाका हुआ है।**




बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार की दोपहर तब तक सब कुछ सामान्य था, जब तक कि विस्फोट नहीं हुआ था। कर्मचारी सेवा में लगे थे और लोग अपने खाने का लुत्फ ले थे। कुछ लोग काउंटर पर नजर आ रहे थे। इसी वक्त एक जोरदारा धमाका होता है और शांत माहौल दहशत में तब्दील हो जाता है। कैफे के अंदर अब चीख-पुकार और भागम-भाग जैसी स्थिति में अफरा-तफरी मच जाती है। इस हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। हादसे को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जो कहा उसके मुताबिक रामेश्वरम कैफे में हुआ धमाका एक बम विस्फोट था, जिसमें कम से कम 9 लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। इसकी पुष्टि भी की जा चुकी है। पुलिस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को अपनी ब्रीफिंग में जानकारी दी है कि कैफे के अंदर एक बैग में विस्फोटक रखा गया था। सीएम सिद्धारमैया बताते हैं कि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति कैफे के अंदर बैग रखते हुए दिखा है। पुलिस को कैफे में कोई और विस्फोटक नहीं मिला है। सीएम ने बताया कि जिस व्यक्ति ने कैफे के अंदर बैग रखा, वह सीसीटीवी फुटेज में कैश काउंटर से एक टोकन लेते हुए भी नजर आया है। इस मामले में कैफे के कैशियर से पूछताछ की जा रही है। हादसे में हुए घायलों में कैफे के कर्मचारी और एक कस्टर शामिल है। सीएम के मुताबिक घायलों की चोटें गंभीर नहीं हैं। धमाके के तुरंत बाद ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई थी और उसने साक्ष्य एकत्र किए हैं। घटना स्थल से बैटरी, जला हुआ बैग और कुछ आईडी कार्ड प्राप्त हुए हैं। पुलिस विस्फोट से पहले के घटनाक्रमों का पता लगाने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच भी कर रही है।

कैफे विस्फोट में हुए घायलों में एक महिला स्वर्णम्बा (49वर्ष) है, जो कि 40फीसदी जल गई है। अन्य घायलों में कैफे के कर्मचारी फारूक (19वर्ष), अमेज़ॅन कंपनी का कर्मचारी दीपांशु (23वर्ष), मोहन (41वर्ष), नागश्री (35वर्ष), मोमी (30वर्ष), बलराम कृष्णन (31वर्ष), नव्या (5वर्ष), श्रीनिवास (67वर्ष) शामिल हैं।

## मुद्दा विहीन है विपक्ष, 15-30 सीटों पर सिमट जाएगी कांग्रेस-उमा भारती

अयोध्या । एमपी की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इस बार सबका सूपड़ा साफ हो जाएगा। कांग्रेस केवल 15-20 सीटों पर सिमट जाएगी। मोदी जी कहते हैं एनडीए के साथ 400 पार करेंगे। मैं कहती हूं कि अकेली भाजपा 400 पार करेगी, एनडीए की सीट उसके अलावा होगी। सरकार एनडीए की ही बनेगी।



शुक्रवार को रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उमा भारती ने राहुल गांधी के बयान पर कहा कि राम लहर नहीं है पर कहा कि राम की लहर नहीं राम के हिलोरे हैं। इस देश की धरती पर अनादिकाल से अनंत काल तक राम हैं। राहुल गांधी को ऐसा कहना उनकी मजबूरी हैं, क्योंकि उन्होंने एफिडेविट में ही राम का अस्तित्व नकार दिया था। जिन्होंने राम का अस्तित्व ही नहीं माना उन्हें न लहरें दिखेगी न ही हिलोरे। कहा कि खाली आलोचना करना ही विपक्ष का काम नहीं होता। देश के प्रति जिम्मेदारी होती है, जो उन्होंने नहीं निभाई। जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे वह नहीं उठाए। विपक्ष ने वह मुद्दा उठाया जिसको हमने अपना अपमान समझा। राम लहर नहीं है, ऐसा बोलने से वोट अब हमारे खिलाफ नहीं विपक्ष के खिलाफ पड़ना है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती ने कहा कि हमारी आस्था अयोध्या, मथुरा व काशी तीनों पर है। अयोध्या को विवादित मानकर अलग कर दिया गया था। मथुरा और काशी को प्रतिबंधित कर दिया गया था। मैंने लोकसभा में कहा था कि अयोध्या के साथ मथुरा और काशी को भी विवादास्पद स्थान मान लीजिए। आस्थाओं का टकराव मत मानिए। मामला कोर्ट में है, मथुरा और काशी पर मंदिर बनना चाहिए। यह मेरी आस्था है। राम मंदिर पर कहा हमने तपस्या की। जिन लोगों ने प्राणों की आहुतियां दे दी वह धन्य हो गए। जब राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई वह दिख भले ही नहीं रहे हैं लेकिन उन सब में फिर से प्राण आ गए होंगे।

## पेटीएम पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पेटीएम पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों के लिए पेटीएम के बैंक यूनिट का इस्तेमाल किया गया है। एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। यह संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा और अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। वित्त मंत्रालय के अनुसार इन अवैध गतिविधियों से प्राप्त धन, आपराधिक आय-व्यय का लेन-देन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया है। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था। एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में आरबीआई के निर्देश पर यह तारीख बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

## रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी...पैसेंजर ट्रेनों के टिकट की कीमतों में कटौती

नई दिल्ली। पैसेंजर ट्रेनों में रोज सफर करने वाले यात्रियों को राहत देकर भारतीय रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों के टिकट की कीमतों में भारी कटौती की घोषणा की है। इससे टिकटों की कीमतों में 40-50 फीसदी की कमी आई है, इससे कोरोना महामारी से पहले के स्तर पर वापस आ गई है। पहले यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों में सफर के लिए एक्सप्रेस का किराया देना पड़ता था। बदले हुए किराए गुरुवार से लागू हुआ हैं।



रेलवे ने अब पैसेंजर ट्रेनों के लिए द्वितीय श्रेणी के साधारण किराये को बहाल किया है। इन-?हें अब एक्सप्रेस स्पेशल या मेमू/डेमू एक्सप्रेस ट्रेन कहते है। कोरोना के दौरान पैसेंजर ट्रेनों को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। जब उन्हें फिर से शुरू किया गया तब टिकट की न्यूनतम कीमत 10 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये कर दी गई। यह एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए के अनुरूप थी। हालांकि हालिया घोषणा के साथ रेलवे अधिकारियों ने इस फैसले को पलट दिया है।

विशेष रूप से रेलवे अधिकारियों ने सभी मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेनों और शून्य से शुरू होने वाली ट्रेनों के लिए साधारण श्रेणी के किराए में लगभग 50 फीसदी की कटौती की है। अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) एप में किराया ढांचे को भी उसी के अनुसार बदला गया है। किराये में यह कटौती उन सभी ट्रेनों पर लागू होती है जिन्हें पहले पैसेंजर ट्रेनों के रूप में वर्गीकृत किया गया था और अब देशभर में एक्सप्रेस स्पेशल या मेमू ट्रेनों के रूप में चल रही हैं।

## बंशीधर तंबाकू कंपनी पर आईटी रेड 60 करोड़ की गाड़ियां और करोड़ों रुपये कैश मिले

नई दिल्ली। बंशीधर तंबाकू कंपनी के मालिक के आवास पर इनकम टैक्स ने छापामार कार्रवाई की है। आाईटी रेड में मिले धन को देख टीम की भी आंखें चौंधिया गईं। इस छापे में करोड़ों रुपये की गाड़ियां एक लाइन से जहां खड़ी मिलीं वहीं करोड़ों रुपये कैश मिलने की बात भी की गई है। जानकारी अनुसार इनकम टैक्स की टीम दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में छापेमारी करने में जुटी है। इस छापामार कार्रवाई की टीम जब दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची तो वहां करीब 60 करोड़ रुपये के वाहन एक लाइन से खड़े मिले। इन महंगे वाहनों में रोल्स-रॉयस फैंटम जैसी अनेक गाड़ियां मौजूद थीं। सूत्रों की मानें तो आईटी रेड के दौरान आयकर विभाग की टीम ने करीब साढ़े चार करोड़ रुपये कैश भी बरामद किए हैं। खबर लिखे जाने तक नयागंज स्थित बंशीधर एक्सपोर्ट और बंशीधर तंबाकू के यहां आयकर अधिकारी लगातार जांच करने में जुटे रहे हैं। आयकर विभाग की 15 से 20 टीमों में शामिल सौ से ज्यादा कर्मचारी व अधिकारियों ने दिल्ली, मुंबई और गुजरात समेत 20 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। इस बीच भारी पुलिस सुरक्षा बल मौजूद रहा है। बताया जा रहा है कि कंपनी का टर्नओवर अरबों में है, लेकिन तंबाकू कंपनी महज 20 से 25 करोड़ का ही कारोबार शो करती चली आई थी।

## इसरो रॉकेट पर चीनी झंडे को लेकर स्टालिन सरकार ने दी सफाई

नई दिल्ली। तमिलनाडु में इसरो के नए लांच कॉम्प्लेक्स से संबंधित उनके विज्ञापन में चीनी झंडा दिखाने के कारण विवाद को लेकर अब पार्टी की ओर से विज्ञापन देने वाली डीएमके नेता और मत्स्य पालन मंत्री अनीता आर राधाकृष्णन ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह डिजाइनर की गलती थी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक गलती थी और उनका कोई अन्य इरादा नहीं था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राधाकृष्णन ने आगे कहा कि विज्ञापन में एक छोटी सी गलती हो गई। हमारा कोई और इरादा नहीं है। हमारे दिलों में केवल भारत के लिए प्यार है। यह उनकी पार्टी का रुख है कि भारत को जाति या धर्म के आधार पर टकराव की कोई गुंजाइश दिए बिना एकजुट रहना चाहिए। डीएमके के दिवंगत संरक्षक एम. करुणानिधि ने ही सबसे पहले तमिलनाडु में कुलसेकरपट्टिनम में इसरो के एक नए प्रक्षेपण परिसर की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और थूथुकुडी से लोकसभा सदस्य कनिमोई ने केंद्र से राज्य में प्रक्षेपण परिसर स्थापित करने का आग्रह किया था। यही कारण है कि परियोजना को तमिलनाडु में लाने के लिए द्रमुक नेताओं के प्रयासों को सबके सामने के इरादे से एक विज्ञापन प्रकाशित करने का फैसला किया गया। विज्ञापन डिजाइन करने वालों ने एक गलती की, जिस पर उनका ध्यान नहीं गया। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने मांग की कि डीएमके उस विज्ञापन को प्रकाशित करने के लिए लोगों से माफी मांगे। मुरुगन ने कहा कि विज्ञापन में भारतीय ध्वज लगाना हमारा कर्तव्य है।

## आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा



नई दिल्ली। यौन दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने स्वास्थ्य आधार पर दुष्कर्म मामले में सजा निलंबित करने की आसाराम बापू की याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को पुलिस हिरासत में महाराष्ट्र के अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। आसाराम ने महाराष्ट्र में पुलिस हिरासत में आयुर्वेदिक इलाज कराने की भी मांग की थी, जिसपर कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट जाने को कह दिया। बता दें कि ये पहली दफा नहीं है जब आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है, इसके पहले भी शीर्ष अदालत से आसाराम को झटका लगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की खंडपीठ राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ बापू की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट ने सजा के निलंबन के लिए उनके चौथे आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि अगर आसाराम को पुलिस हिरासत के बजाय अपनी मर्जी से इलाज कराने की अनुमति दी गई तब कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता की फैन फॉलोइंग को देखते हुए, हमारा विचार है कि उन्हें पुलिस हिरासत में ही अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी जाए।

## भाजपा और मोदी मीडिया मिलकर 'झूठ का कारोबार' कर रहे

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में अपराध की कुछ घटनाओं का उल्लेख कर आरोप लगाया कि राज्य में डबल इंजन की सरकार जंगलराज की गारंटी है। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, भाजपा और मोदी मीडिया मिल कर कैसे 'झूठ का कारोबार' कर रहे हैं, यूपी की कानून-व्यवस्था उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने दावा किया, कहीं पेड़ से लटके नाबालिग बहनों के शव, कहीं ईंटों से कुचल कर हत्या की वारदात। कहीं भाजपाइयों द्वारा आईआईटी-बीएचयू कैंपस में सामूहिक दुष्कर्म का दुस्साहस, कहीं न्याय न मिलने पर आत्महत्या को मजबूर महिला जज।



राहुल गांधी ने कहा, ये उस प्रदेश का हाल है, जिसकी कानून-व्यवस्था का गुणगान करते मोदी मीडिया थकता नहीं है। उन्होंने कहा, रामपुर में आंबेडकर स्मारक की मांग पर 10वीं की परीक्षा देकर लौटते दलित छात्र की हत्या यूपी की जर्जर कानून-व्यवस्था का सबसे वीभत्स उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी मीडिया द्वारा गढ़ी गई झूठी छवि से बाहर निकल कर अब सच्चाई देखने का वक्त है, डबल इंजन सरकार 'जंगलराज की गारंटी' है।

## शरद पवार के घर हुई बैठक में तय किया सीट शेयरिंग फार्मूला

मुंबई। भाजपा से मुकाबला करने को लेकर तमाम दल चिंतित और बेचैन हैं। शंका कुशंकाओं को मिटाने और सीट शेयरिंग को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) नेताओं की एक बैठक शरद पवार के घर पर हुई है। इस बैठक में सभी 48 लोकसभा सीटों के बंटवारे पर चर्चा की गई। पवार के सिल्वर ओक आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस के अलावा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शीर्ष नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक जो फॉर्मूला निकलकर सामने आया है उसके मुताबिक, उद्धव ठाकरे शिव सेना को 21, कांग्रेस को 15, एनसीपी शरद पवार को 9, वीबीए को 2 और राजू शेट्टी स्वाभिमानी पक्ष को एक सीट दी जाएगी। हालांकि यह सीट बंटवारे का एक संभावित फार्मूला है जिसकी पुष्टि एमवीए नेताओं के सूत्रों ने की है। सूत्रों ने बताया कि यह अब तक सीट शेयरिंग का एक संभावित फॉर्मूला है जिस पर अंतिम फैसला वरिष्ठ नेता लेंगे।



सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि जिस सीट पर जिस पार्टी का सांसद है, वह सीट उसी को दी जाएगी, भले ही उम्मीदवार ने पार्टी बदल ली हो लेकिन टिकट उसी पार्टी को मिलेगा। साथ ही 4 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की अहम बैठक होगी जिसमें फिर से उम्मीदवारी पर चर्चा होगी और उसके बाद नामों पर मुहर लगाई जाएगी.विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने गुरुवार को कहा कि उसने सभी 48 लोकसभा सीटों पर सीट-बंटवारे पर चर्चा पूरी कर ली है।बैठक के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि सीट-बंटवारे की प्रक्रिया वैकल्पिक योग्यता के आधार पर तय की गई और फॉर्मूले पर जल्द ही एमवीए के शीर्ष नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ती है।

## जमीन कब्जाने का तरीका बन गया है मंदिर बनाना

अहमदाबाद। सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आसान और सरल तरीका है कि वहां मंदिर बना लिया जाए। जब वही मंदिर किसी सड़क निर्माण में बाधक बने तो इमोशनल ब्लैकमैलिंग शुरु हो जाती है। ये टिप्पणी गुजरात हाईकोर्ट की है। टाउन प्लानिंग स्कीम के तहत एक रोड के लिए ध्वस्तीकरण कार्रवाई को लेकर अहमदाबाद के कुछ लोग हाईकोर्ट पहुंचे और एक मंदिर को छोड़ दिए जाने की गुजारिश की। याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल ने कहा कि मंदिर बनाना भी देश में सरकारी जमीन पर कब्जे का एक तरीका है। उन्होंने कहा, इस तरह लोग सबको इमोशनल ब्लैकमेल करते हैं। भारत में सरकारी जमीन पर कब्जे का एक तरीका मंदिर बना देना भी है।



चीफ जस्टिस ने कहा, जस्टिस ने कहा कि जिस जमीन पर मंदिर है उस पर याचिकाकर्ताओं का मालिकाना हक नहीं। जज ने कहा, यह कहकर कि मंदिर को हटा दिया जाएगा, आप भावनाओं का फायदा उठाना चाहते हैं। इसके बाद जज ने घरों को मंदिरों में बदलकर अवैध निर्माण को बचाने की बात करते हुए कहा, आप घर के बाहर कुछ चिह्न रखकर इसे मंदिर बना दीजिए। भारत में जमीन कब्जाने का यह भी एक तरीका है। अंतरिम आदेश में कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के खिलाफ संरक्षण प्रदान किया। आगे की सुनवाई 14 मार्च को होगी। रिपोर्ट के मुताबिक चांदलोडिया के 93 परिवारों ने सड़क निर्माण का विरोध करते हुए याचिका दायर की है। सिंगल जज की अदालत में याचिका खारिज हो जाने के बाद उन्होंने डिवीजन बेंच के सामने अपील दायर की। अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन की तरफ से यह आश्वासन दिए जाने के बावजूद कि किसी का घर नहीं तोड़ा जाएगा, याचिकाकर्ताओं एक मंदिर को प्रस्तावित सड़क से बचा लेने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि पूरे समुदाय की भावनाएं इससे जुड़ीं हैं और सबने इसको बनाने में योगदान दिया है।

## सांसदों और विधायकों के हाथ और पैरों में चिप्स नहीं लगा सकते

### डिजिटल निगरानी वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

नई दिल्ली। बेहतर पारदर्शिता के लिए सभी निर्वाचित सांसदों और विधायकों की गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इंकार कर दिया। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, देश के सभी सांसदों और विधायकों की हम निगरानी नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज है। वे जो करते हैं उसकी निगरानी के लिए हम उनके पैरों या हाथों पर कुछ (इलेक्ट्रॉनिक) चिप्स नहीं लगा सकते। सभी विधायकों की चौबीस घंटे सीसीटीवी निगरानी के लिए दायर की गई याचिका पर आश्चर्य जाहिर कर पीठ ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का भी अपना निजी जीवन है। जब याचिकाकर्ता ने मामला पेश करने के लिए 15 मिनट का समय मांगा, तब शीर्ष अदालत ने 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। याचिकाकर्ता ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर दलील दी कि सांसद और विधायक जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत वेतनभोगी प्रतिनिधि हैं जो कानून, योजना और नीतियां बनाने में लोगों की राय का प्रतिनिधित्व करते हैं और चुनाव के बाद शासक के रूप में व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। जनहित याचिका में मांगी गई राहत से नाखुश सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। हालांकि, पीठ ने याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगाया।

# कछुआ गति से चल रहा कक्षा 10वीं, 12 वी की कॉपियों का मूल्यांकन

## मूल्यांकन कार्य मे रुचि नही दिखा रहे मूल्यांकनकर्ता, इधर पहले चरण की पूरी कापियां नही जंची, उधर दूसरे चरण की उत्तरपुस्तिकाए पहुची केंद्र





बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तो वही कक्षा 12वीं की परीक्षाएं अब अपने अंतिम चरण में है। जहां परीक्षा के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षा परिणामो की भी तैयारी शुरू कर दी गई है। मंडल से मिले दिशा निर्देश के अनुसार 22 फरवरी से कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां 3 चरणों में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर ओएमआर शीट में रोल नंबर और प्राप्तांक दर्ज कर इसकी रिपोर्ट ऑनलाइन बोर्ड को भेजी जा रही है।उम्मीद जताई जा रही है कि सभी जिलों की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद रिजल्ट तैयार किया जाएगा जहां बोर्ड द्वारा सम्भवतः अप्रैल के पहले सप्ताह में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### मूल्यांकन कार्य में शिक्षक नहीं दिखा रहे रुचि

प्रथम चरण में कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की 60 हजार 227 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए करीब 400 मूल्यांकनकर्ताओं को केंद्र पहुंचने के लिए कहा गया था। लेकिन पेपर होने और मूल्यांकन के लिए समय का अभाव होने के चलते 400 मे से महज 138 मूल्यांकनकर्ता केंद्र पहुँचकर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे है।वही समय सीमा को देखते हुए मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ाने की बात कही जा रही है। वही मूल्यांकन के इस कार्य को नियम अनुसार संपन्न करने के लिए सेवानिवृत्ति संयुक्त कलेक्टर ज्ञानीराम पटले को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। आपको बताएं कि 22 फरवरी से शुरू हुए उत्तर पुस्तिकाओं मूल्यांकन के इस पहले चरण में पहले दिन 400 में से महज 110 मूल्यांकनकर्ता केंद्र पहुंचे थे जबकि 9 दिन बीत 400 में से महज 138 मूल्यांकनकर्ता कॉपियों का मूल्यांकन कर रहे हैं । मतलब साफ है कि अब तक कॉपियों के मूल्यांकन के लिए महज 18 मूल्यांकनकर्ताओं की बढ़ोतरी हुई है। इससे जाहिर होता है कि मूल्यांकनकर्ता मूल्यांकन कार्य में रुचि नहीं दिख रहे हैं।

### प्रथम चरण का मूल्यांकन भी नही हुआ पूरा, दूसरे चरण की कॉपियां पहुची केंद्र

बताया जा रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट को केंद्र बनाया गया है। जहां 3 चरणों में कक्षा दसवी और कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।जिसमें प्रथम चरण में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं की हिंदी विषय की 17, हजार 505 और संस्कृत विषय की 15 हजार 820 कॉपियां पहुंचाई गई थी, तो वही कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की 14 हजार 064 और अंग्रेजी विषय की 12 हजार 838 कापियों को मिलाकर कुल 60,227 कॉपियां मूल्यांकन के लिए उत्कृष्ट विद्यालय केंद्र पहुंचाई गई थी जिनका मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी गुरुवार से शुरू किया गया है।लेकिन इस मूल्यांकन कार्य को 9 दिन बिक जाने के बावजूद भी अब तक महत्व 40त्न उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है जबकि 60त्न उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब भी बाकी है। ऊपर से माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा दूसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए लगभग 55,000 कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाएं पुनः केंद्र पहुंचा दी गई हैं।

### दूसरे चरण की 55 हजार उत्तरपुस्तिकाए पहुची केंद्र

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कॉपियों के मूल्यांकन के लिए प्रथम चरण में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की कुल 60, 227 उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में पहुंचाई गई थी।जहां कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की इन 60,227 कॉपियां में से महज 40प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन किया गया है। जबकि 60प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। उधर माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल ने दूसरे चरण की लगभग 55,000 उत्तर पुस्तिकाएं एक बार फिर केंद्र भेज दी है। जहां कक्षा दसवीं की 36000 उत्तर पुस्तिकाएं आई है जिसमें अंग्रेजी और गणित विषय का समावेश है। तो वहीं कक्षा बारहवीं की 19000 से अधिक उत्तर पुस्तिकाएं भेजी गई है जिसमें भौतिक शास्त्र ,अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान, पशुपालन और कृषि विषय का समावेश है। जबकि कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न की जा चुकी है, वही 4 मार्च को कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा भी संपन्न हो जाएगी। इसके बाद तीसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाएं भी केंद्र पहुंचा दी जाएगी।

### जिला सिवनी में उत्तर पुस्तिकाओं में लगाया जा रहा बारकोड

इस बार के मूल्यांकन में खास बात यह है कि इस बार सभी उत्तरपुस्तिका में बार-कोड लगाया जा रहा है। जिसकी जांच मूल्यांकनकर्ता (परीक्षक) को करनी है, बिना बार-कोड की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया किया जा रहा है।जिसके लिए सभी विषयों की विशेषज्ञ शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में लगाई है।मूल्यांकन का कार्य मूल्यांकन सेंटर के 08 कक्षो में किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अब तक 40त्न पूर्ण किए जा चुके मूल्यांकन कार्य में एक भी कॉपी बिना बारकोड के जचने मूल्यांकन केंद्र नहीं पहुंची है। वही जानकारी के अनुसार जिला सिवनी में उत्तर पुस्तिकाओं में बारकोड लगाने का कार्य किया जा रहा है।

### एक कॉपी जाचने मिल रहे 15 से 16 रु

बताया जा रहा है कि इस बार बोर्ड द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं के मूल्यांकन राशि को बढ़ाया गया है। जिसमें दसवी में प्रति उत्तरपुस्तिका 15 रूपए और बारहवीं की प्रति उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन का 16 रूपए मूल्यांकनकर्ता को दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के बाहर से आने वाले मूल्यांकनकर्ता को 150 रूपए डीए और शहर के मूल्यांकनकर्ताओं को 130 रूपए वाहन भत्ता मिलेगा। पिछली बार की तुलना में इस बार कॉफी जचने के लिए बढ़ाई गई राशि के बावजूद भी मूल्यांकन कार्य में मूल्यांकन कर्ता रुचि नहीं दिख रहे हैं।

### 8 मार्च तक केंद्र पहुच सकती है तिसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाएं

नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में इन दिनों कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। जिसके प्रथम चरण में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 60 227 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचाई गई थी जिसका 15 दिनों की समय सीमा के भीतर मूल्यांकन कर उनके प्राप्तांक ऑनलाइन मंडल को भेजना था। लेकिन इस कार्य को 9 दिन बीत जाने के बावजूद भी अब तक महज 40प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओ की ही जांच की गई है। जबकि 60प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होनी अभी भी बाकी है।प्रथम चरण की उत्तर पुस्तिकाओं का पूर्ण मूल्यांकन नहीं हुआ है उपर से माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा दूसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए लगभग 55,हजार उत्तर पुस्तिकाएं उत्कृष्ट विद्यालय केंद्र पहुंचा दी गई है।बताया जा रहा है कि 4 फरवरी को कक्षा 12वीं की परीक्षा संपन्न हो जाएगी। जहां 7 मार्च तक उन उत्तर पुस्तिकाओं में बारकोड लगाने का कार्य पूर्ण कर 8 मार्च तक तीसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाएं भी उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचा दी जाएगी।जिनका मूल्यांकन करने की समय सीमा भी निर्धारित की गई है।यदि मूल्यांकनकर्ता इस कार्य में रुचि नहीं दिखाएंगे और काम ऐसा ही चलता रहा तो पहले और दूसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी समय मे नहीं हो पाएगा और तीसरे चरण की उत्तर पुस्तिकाएं केंद्र पहुंच जाएंगी।

### सम्भवतः अप्रैल के पहले सप्ताह में बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएगे-नायडू

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्रीमती राज लक्ष्मी नायडू ने बताया कि इस समय बोर्ड परीक्षाएं कंप्लीट नहीं हुई है। उत्कृष्ट विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां परीक्षा के दिन 12बजे तक परीक्षाएं चलती है इसीलिए 1 बजे से मूल्यांकन का कार्य किया जाता है। जो मूल्यांकनकर्ता है वह केंद्र अध्यक्ष भी हैं।आज परीक्षा भी थी, इसीलिए कम संख्या में मूल्यांकनकर्ता आए हैं। लेकिन परीक्षा संपन्न होते ही मूल्यांकनकर्ता और बढ़ेंगे । इसके साथ ही तीनो चरणों को मिलाकर 15 मार्च की समय सीमा में मूल्यांकन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा ।हमे उम्मीद है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए जाएगे।

# 12212 दस्तावेजों की हुई रजिस्ट्री 114 करोड़ रुपये का आया राजस्व नेशनल हाइवे की सभी लोकेशन पर वृद्धि करें प्रस्तावित- कलेक्टर डॉ. मिश्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गत दिवस गुरुवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में कहा कि नेशनल हाइवे से जुड़ी सभी लोकेशन पर वृद्धि प्रस्तावित करें। इसके अलावा बालाघाट नगर के आस पास के क्षेत्रों वाले लोकेशन जैसे गर्रा और डोंगरिया और भटेरा, नवेगांव, कोसमी और आवलझरी में नगर के विस्तार की अधिक सम्भावनाएं है। इसलिये उन क्षेत्रों में वृद्धि के लिए प्रस्तावित किया जाए। पंजीयक विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये जिले की 2358 लोकेशन में 1291 लोकेशन पर बाजार मूल्य से कम या बराबर और 1067 लोकेशन पर बाजार मूल्य से अधिक दर पंजीयन महानिरीक्षक



कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों का प्रस्ताव रखा गया। विभाग द्वारा प्रस्तावित 825 लोकेशनो में 51 से 100 प्रतिशत से वृद्धि वाली 28 लोकेशन तथा 41 से 50 प्रतिशत में 62, 31- 40 में 80, 21 से 30 प्रतिशत वृद्धि में 169 लोकेशन चिन्हांकित कर प्रस्तावित की गई है। विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-24 में कुल 12212 दस्तावेजों को पंजीबद्ध कर 114 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्रित किया है। जबकि विभाग को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी 3 करोड़ के दस्तावेज और पंजीबद्ध करना होगा। बैठक में प्रभारी जिला पंजीयक राजेन्द्र मरकाम, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री बीएल उइके, नपा सीएमओ निशांत श्रीवास्तव, सीईओ गृह निर्माण लिखीराम कुसरे, उद्योग प्रबंधक अशोक मेश्राम, अधीक्षक भू-अभिलेख स्मिता देशमुख सहित अन्य तहसीलों के उपपंजीयक बालाघाट सुधीर डेहरियॉ, बैहर महासिंह मसराम, लांजी विद्यासागर उईके, वारासिवनी अनुराग अहरवार उपस्थित रहे।

### नेशनल हाइवे-543 के इर्द गिर्द 49 गांव

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिये गए निर्देशों के बाद पंजीयन कार्यालय द्वारा नेशनल हाइवे-543 के इर्द गिर्द आने वाले गाँवों/लोकेशनों की एक्सरसाइज की। विभाग द्वारा बताया गया कि लामता, बालाघाट रजेगांव पर स्थित ओसे गाँवो की सूची बनाई गई। जिसमें 49 गांव चिन्हित किये गए है। इसके अलावा बालाघाट नगर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे- गुजरी बाजार, मेन रोड़, गोंदिया मुख्य मार्ग, बस स्टैंड क्षेत्रों में आवासीय दरों को व्यावसायिक दरों के बराबर किया जाना प्रस्तावित किया जाएगा। इसके अलावा प्रस्तावित की गई लोकेशनों को पून- संशोधित कर सभी लोकेशन के प्रस्ताव व वृद्धि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।


रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत

**समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण**

**घोषणा**

**बालाघाट एक्सप्रेस, बालाघाट ( म.प्र. )**

**( फार्म नं. 4 )**

1. प्रकाशन का स्थान- काली पुतली चौक, बालाघाट (म.प्र.)
2. प्रकाशन की अवधि - दैनिक
3. मुद्रक का नाम - उमेश बागरेचा
   - नागरिकता - भारतीय
   - निवास - वार्ड नं. 9 गुजरी चौक, बालाघाट
4. प्रकाशक - उमेश बागरेचा
   - नागरिकता - भारतीय
   - निवास स्थान - वार्ड नं. 9 गुजरी चौक, बालाघाट
5. सम्पादक - उमेश बागरेचा
   - नागरिकता - भारतीय
   - निवास स्थान - वार्ड नं. 9 गुजरी चौक, बालाघाट
6. पत्र का स्वामित्व, भागीदार अथवा 1 प्रतिशत से अधिक पूंजी वाले हिस्सेदार - उमेश बागरेचा
   - नागरिकता - भारतीय
   - निवास स्थान - वार्ड नं. 9 गुजरी चौक, बालाघाट

*मै उमेश बागरेचा घोषित करता हुँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।*

दिनांक- 1 मार्च 2024

हस्ताक्षर
उमेश बागरेचा
प्रकाशक


# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की मासिक बैठक बिरसा में हुई सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत शाखा बिरसा में शुक्रवार 01 मार्च को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर व बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आरसी पटले द्वारा शाखा बिरसा के शाखा प्रबंधक सुपरवाइजर,



संस्था प्रबंधक, समिति प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, विक्रता, समिति लिपिकों की बैठक ली गई। श्री पटले ने शाखा बिरसा के बैंकिंग कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि समिति स्तर के कार्यों को नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण करे। इसके अलावा शाखा कार्य के तहत यह सुनिश्चित किया जावे कि शीर्ष स्तर, बैंक मुख्यालय के निर्देशों और आदेशों का समय सीमा में पालन करे। सीईओ श्री पटले ने शाखा के दैनिक कार्यों के साथ ही शाखा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान सीईओ श्री पटले ने कार्यों की समीक्षा में पाया की समिति मोहगांव प्रबंधक द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई है जिसके चलते समिति प्रबंधक को आरोप पत्र जारी किया गया। इसके अलावा बैठक में चार विक्रेता अनुपस्थित रहे जिन्हे एक दिन का अवैतनिक किए जाने निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पी जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सोनबाटोला में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। राजा भोज कृषि महाविद्यालय बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर का ग्राम सोनबाटोला प्राथमिक शाला भवन से प्रारम्भ किया गया। आयोजन में प्रथम स्वयं सेवकों द्वारा मुख्य अथितियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं माँ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भलावी ने जानकारी देते हुए बताया की शिविर को जन स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया है। यह एक 01 मार्च से 7 मार्च 2024 तक संचालित होगा। इसमें प्रात:काल से ही योग अभ्यास, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, एवं प्रतिदिन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक व सामाजिक परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी स्वयं सेवकों द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एनके बिसेन ने सभी स्वयं सेवको को प्रोत्साहित किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ग्राम सोनबाटोला के पूर्व सरपंच मनोज गौतम द्वारा ग्राम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने में सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. राजुकुमार पानसे, डॉ. उत्तम बिसेन, डॉ. घनश्याम देशमुख, मोहम्मद इमरान खान एवं तिलकचंद मेहर उपस्थित रहें।

# जनपद पंचायत परसवाड़ा और विधानसभा परसवाड़ा में लगा रहता है नाली में गंदगी का आलम नहीं दे रहा पंचायत विभाग और जनपद पंचायत ध्यान

परसवाड़ा(पद्मेश न्यूज)। तहसील परसवाड़ा और विधानसभा परसवाड़ा कहने को तो नाम मात्र का ही रह गया है पंचायत के वार्ड संख्या 6 में नाली तो बनाई गई लेकिन कुछ जवाबदार लोगों के द्वारा बाकी नाली बनाना भूल ही गए और नाली में ढक्कन लगाना भी भूल गए जिससे नाली में फैल रही गंदगी जिससे लोग हो रहे हैं परेशान इस गंदगी की ओर ना तो कोई पंचायत के सरपंच सचिव का ध्यान आकर्षित है और ना ही यहां के जवाबदारी जनपद सीईओ का भी ध्यान आकर्षित नहीं है जैसा मानो इन्हें किसी भी शासन प्रशासन और ग्रामीणों का डर और ना ही भय है एक तरफ सरकार अभियान चलाती है की स्वच्छ भारत स्वस्थ मिशन लेकिन कुछ परसवाड़ा में अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है यहां पर नालियों में गंदे पानी से यहां के स्थाई दुकानदारों को और दुकान में सामान खरीदने वाले खरीददार को नाली में गंदगी के कारण बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं जिस ओर किसी भी पंचायत के और ना ही जनपद के कर्मचारियों अधिकारियों का ध्यान आकर्षित नहीं है जो की नाली में गंदगी के कारण लोगों को बहुत सी बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है जैसे उमे नाली में मच्छर डेंगू जैसे बहुत से कीटाणुओं का भी जमावड़ा बना हुआ है ऐसे में दुकानदारों और दूर-दूर से आने वाले खरीददारों को बड़ी से बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है अगर पंचायत और जनपद के लोगों के द्वारा इस ओर ध्यान आकर्षित नहीं किया गया तो बीमारी का खतरा बना रहेगा जिससे आमजन बहुत ज्यादा परेशान होंगे जिसका परिणाम आना ज्यादा दूर नहीं होगा ।

### नाली का पानी मुख्य गली में बहने और जमा रहने से लोगों को भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं

नाली जाम रहने से गांव में बनी आरसीसी सड़क के किनारे बनी नाली



से गंदा पानी बह रहा है। गंदा पानी बहने से संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह गंदा पानी बहता रहा और नाली की सफाई नहीं की गई और नाली में ढक्कन नहीं लगाया गया तो सड़क पर फैली गंदगी से आम जनों को मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियों से बचाना असंभव है ।

### स्थानीय लोगों ने इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला

सड़क किनारे नालियों में पानी बहने से लोग परेशान हैं। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि ने बताया पंचायत के मुखिया की उदासीनता से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क नाली पर बह रहे गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। गुहार लगाने के बाद भी सफाई नहीं कराई जा रही है। गंदा पानी नाली पर जमा होने से बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

### स्थाई दुकानदारों का कहना है कि दुकान में सेंटेड अगरबत्ती नहीं लगाए तो दुकान में रहना बहुत कठिनाई की बात है

दुकानदार युग किराना अनाज भंडार उमेश बिसेन, दृश्य ऑप्टिकल चश्मा की दुकान नितिन ठाकरे, और लोचन ठाकरे, के द्वारा एवं ताज ऑटो पार्ट्स, जामने मोटरसाइकिल शोरूम, एवं धनंजय गौतम डॉक्टर, मोदी मेडिकल ,हर्ष मोबाइल शॉप, सुरभि जनरल स्टोर्स, राज मोबाइल शॉप, न्यू तक ऑटो सेंटर, साई भोजनालय, मोटरसाइकिल शोरूम हीरो, जैसे अनेकों दुकानदारों को इस गंदगी से भारी परेशान है जो कि दुकानदारों का कहना है कि हमें अगर दुकान में रहना है तो दिन के ?50 की अगरबत्ती जलाना पड़ता है तभी हम दुकान में रहना हमारी मजबूरी है अगर हम अपनी शॉप दुकान नहीं खुलेंगे तो हमारा परिवार का जीवन यापन कौन करेगा इसलिए मजबूर है हम इस गंदगी के आलम में रहकर भी हम अपनी दुकान खोल रहे हैं अगर हमें इस गंदगी से किसी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी हो जाती है तो इसका जवाबदारी कौन रहेगा इसलिए हम शासन प्रशासन से और यहां के जवाबदार अधिकारियों से निवेदन है कि हमारी दुकानों के सामने जो नाली बनाई गई है वह नाली को सफाई कर उसके ऊपर ढक्कन लगे ताकि हमें गंदगी से मुक्ति मिले और हम गंभीर बीमारियों से बच सके।


**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

**लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध**

निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998



**कार्यालय अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जिला पंचायत बालाघाट ( म.प्र. )**

**//निविदा सूचना//**

निविदा सूचना क्र./1104 / जि.पं. / महा.गा. नरेगा/2023-24 बालाघाट, दिनांक 0/03/2024

महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत निर्माण कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट में कलेक्टर एवं जिला कार्यकम समन्वयक, बालाघाट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालाघाट हेतु एसयूवी (जैसे-न्यू सफारी/हैरियर / इनोवा क्रिस्टा) एवं परियोजना अधिकारी, मनरेगा हेतु एसयूवी (जैसे-बुलेरो) वाहन किराये पर लगाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक व्यक्तियों / संस्थाओं जिनके पास 2021 से मॉडल के वाहन हैं, उनसे दिनांक 11.03.2024 तक निर्धारित प्रपत्र में मुहर / सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, निविदा प्रपत्र दिनांक 11.03.2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में रू. 300.00 नकद भुगतान कर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

पूर्ण रूप से भरे हुये निविदा प्रपत्र राशि रू. 5000.00 (पाँच हजार रू. मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट या एफ.डी.आर. के रूप में हों, के साथ इस कार्यालय में दिनांक 11.03.2024 को दोप. 02 बजे तक पहुँच जाना चाहिये। निविदाएं दिनांक 12.03.2024 को 03:00 बजे खोली जायेंगी।


अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं तथा उसी के अनुरूप निविदएं प्रस्तुत की जावें।

**अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक**
**महात्मा गांधी नरेगा**
**जिला पंचायत बालाघाट**

# सरपंचों को ठगी का निशाना बनाने के लिए आ रहे है पंचायतों में मोबाइल टावर लगाने के लिए पत्र

## शासन से नहीं जारी हुये है पंचायतों में मोबाइल टावर लगाने के कोई आदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। इन दिनों ग्राम पंचायत के सरपंच और पंचायत भवनों में एक आदेश मोबाइल टावर लगाने के नाम से बहुत अधिक तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें यह बताया जा रहा है कि टेलीफोन कंपनियों टावर लगाना चाह रही है जिसके लिए पंचायत या सरपंच रजिस्ट्रेशन करें और आपको टावर लगने के बाद मोटी रकम टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा दी जाएगी, जब इस विषय को लेकर हमने जिला पंचायत के प्रशासनिक सूत्रों से चर्चा कि तो बता चला की इस प्रकार के कोई आदेश ना ही जिला पंचायत से पंचायतो के लिए नहीं दिये गये हैं और ना ही प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत में अभी कोई टावर लगाने को लेकर आदेश जारी किए गए हैं, यह पूर्णत: फेक और झूठा आदेश है। आपको बता दे की इन दिनों ग्राम पंचायत व सरपंचों के पास पंचायत क्षेत्र में 5 जी टावर लगाने के नाम पर कुछ आदेश ग्राम पंचायत व सरपंचों के मोबाइल नंबरों पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें यह बताया जा रहा है कि कुछ टेलीफोन कंपनियों ग्राम पंचायत क्षेत्र में 5जी को लेकर मोबाइल टावर लगाना चाह रही है, जिसके लिए वह सबसे पहले आपका वेरिफिकेशन करेगी और उसके बाद आपको कुछ राशि देकर उसका रजिस्ट्रेशन करना है और उसके बाद आपको टेलीकॉम कंपनियां प्रति महीने मोटी रकम देगी, किंतु जब हमने पता किया कि इस प्रकार के आदेश शासन प्रशासन स्तर पर जारी किए गए हैं या नही तो प्रशासनिक सूत्रों से पता चला कि इस प्रकार के आदेश और टावर लगाने की जानकारी पूर्णता एक अफवाह है प्रशासन ने किसी प्रकार का कोई पंचायत में टावर लगाए जाने के आदेश या निर्देश अभी जारी नहीं किए हैं, यह निश्चित ही ग्राम पंचायत और सरपंचों को गुमराह करने और उनसे ठगी करने का एक माध्यम हो सकता है, वही जब हमने इस विषय पर कुछ सरपंचों से चर्चा की तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें भी उनके मोबाइल नंबरों और पंचायत के ग्रुपों में टावर लगाने के नाम पर आदेश आए थे और उन्होंने यह भी बताया कि इसके पहले भी कुछ कंपनियों



Airtel
DIVYA SREE TOWERS
Bannerghatta Main Rd, KEB Colony
Near Gurappana Palya, 1st Stage
BIM Layout 1, Bengaluru
Karnataka – 560029

airtel
BHARTI AIRTEL LIMITED
Contact & Support
Email : adiyaainbhartiairtel@gmail.com
+ 91 8265988421

airtel
BHARTI AIRTEL LIMITED
C-24, C Block, b
Block Sector – 59
Noida Uttar Pradesh
Pin 201307

**सूचना लैटर**

सेवा में,

श्रीमान् जी ग्राम पंचायत अध्यक्ष

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि आपकी ग्राम पंचायतत के कुछ माह पहले एक सर्वे हुआ था जिसके माध्यम से आपकी ग्राम पंचायत ............... में Airtel का 5G टॉवर लगवाना अनिवार्य है। जिसके समबन्ध में आपको लैटर के माध्यम से सूचना दी जा रही है। जिसके लिए कम्पनी आपकी 100 गज जमीन 20 वर्षो के लिए कराये पर लेगी जिसका किराया 15,000 रूपये माह कम्पनी देती है। आपके घर के 1 व्यक्ति को सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कम्पनी देती है। जिसकी तनख्वाह 12,000 रूपये माह कम्पनी देती है।

जिसकी योग्यता कक्षा 10 से 12 तक पास होना अनिवार्य है और उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होना चाहिए। कम्पनी द्वारा किराये पर ली जा रही जमीन साफ सुथरी होनी चाहिए जिस पर किसी प्रकार का लोन या कर्ज नहीं होना चाहिए। जमीन का रास्ता आने जाने का बीमा और सिक्योरिटी गार्ड का 5 लाखा का बीमा करवाया जाता है। कम्पनी द्वारा एग्रीमेन्ट पर 900000 रूपये आपको 5साल का अग्रिम किराया चैक के माध्यम से दिया जाता है। जसके लिए आपको अवगत कराया जा रहा है कि आपकी ग्राम पंचायत में 4G टॉवर लगाने की अनुमति प्रदान करे आपकी अति कृपा होगी।

सम्पर्क करने के लिए कॉल करें :– 8445277024 / 8265988421

नोट :– जमीन मालिक को कम्पनी में 1650/– रूपये का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद कम्पनी अपना कार्य प्रारम्भ कर देती है।

**आपको 2 प्रतिशत का भुगतान करना होगा सुरक्षा राशि**

**आपको 3 भारत सरकार के अनुसार 2% सुरक्षा राशि जमा करना अनिवार्य है**

धन्यवाद!

**नोट – जो भी राशि पेप होगी कंपनी के खाते में ही होगी** Airtel Bhartiya Pvt. (A/c 41485470671 Code : SBIN0007836)

दिनांक – ...............

Bharti Airtel Limited airtel

आदित्य जैन
असि0 डी0ई0ओ0
भारतीय एयरटेल क0लि0

द्वारा इस प्रकार के आदेश सरपंचों को भेजे गए थे, किंतु वह उस समय भी गलत थे।

### कुछ लोग टावर लगाने के नाम पर राशि मांगते हैं– अनीश खान

ग्राम पंचायत पांडरवानी



,लालबर्रा के सरपंच अनीश खान बताते हैं कि उनको भी व्हाट्सएप ग्रुप में और पंचायत के माध्यम से टावर लगाने के नाम पर कुछ आदेश मिले थे, किंतु उन्हें पता है कि इसके पहले भी इस प्रकार के आदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं जो की पूर्णत: गलत है उन्होंने अन्य साथियों से भी यह अपील की है कि वह इस प्रकार के कोई आदेश और टावर लगाने के नाम पर किसी जाल साजों की जालसाजी में ना आए और सतर्क रहे हैं उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोग टावर लगाने के नाम पर राशि मांगते हैं और राशि मांगने के बाद ओटीपी नंबर मांग कर खातों से राशि निकाल लेते हैं और उनसे बहुत से सरपंच और जनप्रतिनिधियों से उनकी चर्चा हुई है और इस प्रकार के आदेश सभी को मिल रहे हैं और यह सब ठगी करने वाले ठगी करने के लिए अलग-अलग तरीका अपनाते हुए इस प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं और यह आदेश ठगी करने के लिए जारी कर रहे हैं।

### उन्हें भी फोन आया था कि वह टावर लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन करें– ओमप्रकाश बिसेन

ग्राम पंचायत औल्याकंहार के ओमप्रकाश बिसेन सरपंच प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इसके पहले तो बहुत सारे सरपंच साथियों को दूरभाष पर यह फोन आ रहे थे कि उनके पंचायत में पानी की टंकी लगने वाली है और वह बार-बार फोन कर उन्हें परेशान कर रहे थे, किंतु अभी कुछ दिनों से इस समस्या से वह मुक्त हुए थे, कि अब टावर लगवाना



है करके फर्जी आदेश सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों में डाले जा रहे हैं और उन्हें भी फोन आया था कि वह टावर लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन करें और 1650 रूपये की राशि उन्हें दे किंतु उन्होंने या स्पष्ट कह दिया कि वह जब तक आमने-सामने आकर नहीं मिलेंगे वह राशि नहीं देंगे और कोई भी वह ऑनलाइन ट्रांजैक्शन नहीं करेंगे। जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर जिला प्रशासन की प्रशासनिक सूत्रों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा यह साफ कह दिया गया कि जिला पंचायत की ओर से ग्राम पंचायत और सरपंच को किसी प्रकार के कोई टावर लगाने के निर्देश जारी नहीं हुए हैं और ना ही अभी ग्राम पंचायत में टावर लगाने की कोई प्रक्रिया चल रही है वह पूर्णता गलत है कोई भी इन आदेशों के झांसे में ना आए।

# एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम शेरपार के मैदा टोला में एक व्यक्ति की खेत के कुएं में गिरने से मौत हो गई 29 फरवरी को 9:00 बजे करीब यह घटना उसे समय हुई जब यह व्यक्ति अपने खेत बकरी चराने के लिए गया था वाराणसी ने पुलिस ने मृतक अनिल पिता नंदलाल चौहान 45 वर्ष ग्राम सेरपार मैदाटोला निवासी की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल चौहान अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है जिसका छोटा भाई सुशील चौहान जिला पुलिस बल बालाघाट में प्रधान आरक्षक है और वह भरवेली पुलिस थाना में पदस्थ है। 29 फरवरी को 9:00 बजे अनिल चौहान बकरी चराने के लिए अपने खेत आया था बकरी चराने के दौरान अनिल चौहान ने बकरी खेत में बांध दी थी। परिवार के लोग जब खेत गए तब अनिल चौहान खेत में नहीं देखा परिवार वालों ने अनिल चौहान किंतु वह नहीं मिला। तलाश करने के दौरान समीप बडडु पटेल के खेत के कुएं में अनिल चौहान की लाश देखी गई। जिसकी रिपोर्ट उनके पिता नंदलाल चौहान 73 वर्ष के द्वारा वारासिवनी पुलिस थाना में की गई थी वारासिवनी में पुलिस थाना से सहायक उप निरीक्षक महल सिंह धुर्वे ने ग्राम शेरपार के मैदाटोला पहुंचकर मृतक अनिल चौहान की लाश बरामद की और पंचनामा कार्यवाही पश्चात अनिल चौहान की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। संभावना व्यक्त की जारी है कि जब अनिल चौहान अपनी बकरी को बांधने के बाद बडडू पटेल जे खेत मे रिंग वाले कुएं में पानी निकालने के लिए गया तभी अचानक फिसलने से वह कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई आगे मर्ग जांच सहायक उप निरीक्षक श्री धुर्वे द्वारा की जा रही है।

# घोडंगाटोला से एक युवक से की गई मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम आमगांव के घोडंगाटोला में एक युवक को लकड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया गया घायल युवक शिवलाल पिता फूलचंद सहारे 27 वर्ष ग्राम घोडंगा टोला निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवलाल सहारे मजदूरी करता है। 29 फरवरी की शाम 6:30 बजे शिवलाल सहारे अपने घर से अपने गांव के जितेंद्र डहरवाल की किराने दुकान गया था और दुकान के सामने खड़ा था। दुकान में पहले से जितेंद्र सोंनगडे बैठा हुआ था और वह कर के पास रोड पर बैठकर शराब पी रहा था। शिवलाल ने उसे बोला कि तूने कार में शराब रखा हुआ है मुझे भी पीने दे इसी बात को लेकर के जितेंद्र सोंनगडे ने दुकान के सामने बड़ी से लकड़ी निकाल कर शिवलाल सहारे को लकड़ी से मारपीट कर दिया। मारपीट करने से शिवलाल सहारे घायल हो गया जो अपने घर गया जिस घर वालों ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# पंजाब नेशनल बैंक में चोरी के असफल प्रयास का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में ?

## आज पुलिस कर सकती है खुलासा, सूत्रों के हवाले से खबर, पुलिस ने नही की पुष्टि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में लगातार बढ़ते जा रहे क्राइम ग्राफ को कम करने मुस्तहैदी से जुटी पुलिस आए दिनों नए नए मामलो के खुलासे कर रही है। हाल ही में समनापुर शोरूम में हुई चोरी सहित अन्य खुलासे के बाद अब पुलिस द्वारा पिछले दिनों हनुमान चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में हुई चोरी के प्रयास का खुलासा किया जा सकता है।सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने 12 फरवरी की रात्रि हनुमान चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में हुई चोरी के असफल प्रयास वाले मामले में लिप्त आरोपी की तस्दीक कर दी है। वही जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। जिससे इस वारदात को लेकर पूछताछ जारी है। जिसका खुलासा पुलिस द्वारा शनिवार को किया जा सकता है।हालांकि सूत्रों से मिली इस जानकारी की फिलहाल पुलिस द्वारा किसी प्रकार की पुष्टि नहीं की गई है।लेकिन सूत्रों की माने तो पंजाब नेशनल बैंक में चोरी के असफल प्रयास वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है जिसका खुलासा शनिवार को किया जाएगा।

### क्या है पूरा मामला

आपको बताए की 12 फरवरी की रात्रि किन्ही अज्ञात चोरो ने शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे हनुमान चौक पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की दिवार में बड़ा छेद कर बैंक में चोरी का प्रयास किया था। बताया जा रहा है कि बैंक में बैंककर्मी के पीछे की दीवार को तोड़कर एक शख्स बैंक के अंदर घुसा और बैंक में रखी आलमारियों को खोलने का प्रयास किया लेकिन आलमारी नहीं खुली थी।जिसके चलते कैश सहित अन्य सामग्रियो की चोरी करने में चोर नाकामयाब रहे थे।लेकिन नगर में बैंक की दीवार तोड़कर चोरी का प्रयास करना बड़ी घटना मानी जा रही थी।उधर बैंक प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, घटना की जानकारी लेने जबलपुर से बालाघाट पहुंचते थे तो वहीं बैंक में चोरी की घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने भी अपनी जांच शुरू कर दी थी। बताया जा रहा है कि इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है जिसके आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है जिसका खुलासा शनिवार को कंट्रोल रूम में पत्रकार वार्ता का आयोजन कर किया जाएगा हालांकि पुलिस द्वारा मामले की फिलहाल पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन आपको बताएं कि इसके पूर्व पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों ने बातों ही बातों में स्पष्ट कर दिया था कि बैंक की चोरी का जल्द खुलासा किया जा सकता है।वही अब पुलिस सूत्रों की माने तो बैंक में चोरी करने का असफल प्रयास करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है जिसका खुलासा शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर युवक से हुई 1 लाख रूपये की धोखाधड़ी

## जिले में नहीं रुक रही साइबर ठगी, वर्ष 2024 के दो महीने में 45 लाख की धोखाधड़ी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में साइबर ठगी का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है भले ही पुलिस और आम जनों के द्वारा साइबर ठगी को रोकने के लिए दिन प्रतिदिन नई-नई जानकारी व कार्यशाला के माध्यमों से लोगो को जानकारी दी जा रही है, किंतु साइबर ठगी की घटना जिले में बढ़ते ही जा रही है और साइबर ठगों द्वारा नए-नए हथकंडे अपनाते हुए साइबर ठगी की घटना को जिले में अंजाम दिया जा रहा है और लोगों की मेहनत की कमाई को ऑनलाइन ठगी कर एक ही मिनट में चंपत कर दिया जाता है वर्ष 2024 के दो महीना की बात करें तो इन दो महीना में लगभग 45 लाख की धोखाधड़ी साइबर ठगों द्वारा की जा चुकी है और इन दो महीना में लगभग 120 से अधिक मामले साइबर थाने में दर्ज हो चुके हैं, वही अभी शहर के एक युवक के साथ क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर एक लाख रुपए की धोखाधड़ी साइबर ठगों के द्वारा की गई है। आपको बता दे की जिले में साइबर अपराध पैर पसारता जा रहा है। जागरूकता की कमी और लालच के फेर में फंसकर पढ़े-लिखे लोग भी जालसाजों के झांसे में आ रहे हैं। इस साल जनवरी और



फरवरी माह में लगभग 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। आर्थिक ठगी के अलावा ब्लैकमेलिंग, हैकिंग जैसे मामले भी बढ़े हैं। बालाघाट जैसे छोटे जिले में भी अब महानगरों की तर्ज पर साइबर अपराध हो रहे हैं। इसके लिए साइबर नोडल शाखा की टीम लगातार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगा रही है, लेकिन पुलिस की तमाम कोशिशें विफल साबित हो रही है। साइबर नोडल शाखा से मिली जानकारी के अनुसार, इस साल साइबर अपराध के 120 से ज्यादा अलग-अलग प्रकरण सामने आए हैं। इसमें जनवरी माह में 64 और फरवरी में 62 से ज्यादा केस हैं। गुरुवार को क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन कराने के नाम बालाघाट के एक युवक से ठगों ने एक लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी।

**इस तरह से साइबर अपराध की होती है घटनाऐं**

- परिचित बनकर पैसे भेजने की बात कहकर ठगी
- पेंसिंल पैकिंग जैसे आनलाइन जाब के नाम पर ठगी
- ट्रेडिंग, पर्सनल लोन के नाम पर धोखाधड़ी
- सेना या पुलिस के रिटायर्ड अफसर के नाम पर बनकर ठगी
- इंटरनेट मीडिया पर लुभावने आफर देकर झांसे में लेना
- क्रेडिट कार्ड वैरिफाई कराने के लिए एप डाउनलोड कराकर ठगी

### क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम पर 1 लाख पार

आपको बता दे की साइबर थाना कोतवाली में एक शहर के युवक द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिसमें उन्हें क्रेडिट कार्ड के वेरिफिकेशन के नाम पर कॉल किया गया और उनसे कहा गया कि आपके क्रेडिट कार्ड का वेरिफिकेशन करना है आप उन्हें समुचित जानकारी दें और जब उनके द्वारा जानकारी के समय कहा गया कि आपको एक लिंक दिया जा रहा है, जिससे आप एक ऐप डाउनलोड करते हुए उसमें जानकारी वेरीफाई करें, इसके बाद उन्होंने जैसे ही लिंक के माध्यम से ऐप डाउनलोड किया और उसके बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से लगभग 1 लाख रुपए की राशि कट चुकी है, तब उन्हें यह एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी की घटना हो चुकी है तब उन्होंने इस पूरी घटना की जानकारी कोतवाली थाने में आकर साइबर शाखा में दर्ज करवायी।

# टॉवर हटाने धनसुआ के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

## टावर लाइन से लोगों के जान माल का बताया खतरा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत धन्सुआ से आए आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है।जिसमें उन्होंने किरनापुर से ग्राम भरवेली के लिए ले जाई जा रही 132 केवी. की टावर लाइन को गांव बस्ती के समीप से हटाने की मांग की है। कलेक्टर कार्यालय में सौंपे गए इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने मुरैना जिले में टावर लाइन से हुए हादसे का जिक्र करते हुए इस लाइन से लोगों के जान माल का खतरा बताया है। जिन्होंने टावर लाइन को गांव बड़ी मकान या रहवासी क्षेत्र के समीप से ना ले जाने की मांग करते हुए उसे शासकीय भूमि से ले जाने की गुहार लगाई है। जिन्होंने मांग पूरी न होने पर इसकी उच्च स्तरीय शिकायत किए जाने की चेतावनी दी है।



### हम नहीं चाहते कि मुरैना जैसा हादसा हो – समरित

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत धन्सुआ निवासी डी के समरित ने बताया कि गांव में टावर लाइन का काम शुरू है टावर लाइन गांव के मकान के पास से जा रही है। हम उसे हटाने की मांग करने आए हैं। हमारी मांग है कि यदि टावर लाइन कहीं ले जाना है तो उसे सरकारी भूमि या नहर के बाजू से ले जाया जाए,क्योंकि यदि टावर लाइन गांव के समीप रहवासी क्षेत्र से जाएगी तो इससे जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके पूर्व मुरैना में टावर लाइन के चलते चार लोगों की मौत हो गई थी। हम नहीं चाहते कि मुरैना जैसा हादसा यहां भी हो, और लोगों को जान माल का नुकसान उठाना पड़े।उन्होंने आगे बताया है कि विभाग द्वारा टावर लाइन डालने का सर्वे कब किया गया इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई,ना ही ग्रामीणों से अनुमति ली है। हमें ऐसा लग रहा है कि सरकार अपनी मनमानी कर रही है। जो नही होनी चाहिए।

### तो उच्च स्तरीय शिकायत की जाएगी– किशोर

वही ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत धन्सुआ के ग्रामीण किशोर बावनकर ने बताया कि उनके गांव बस्ती से एक 132 केवी की टावर लाइन डाली जा रही है। जिसके विद्युत पोल निजी प्लाट में आ रहे हैं।वही करीब 20 मकान के समीप से टावर लाइन डाली जा रही है।हम चाहते हैं कि टावर लाइन लगाई जाए लेकिन उसे रहवासी क्षेत्र से दूर रखा जाए और सरकारी जमीन से लगाया जाए। उन्होंने बताया कि टावर लाइन लगाने का सर्वे वर्ष 2018-19 में किया गया था लेकिन उसका ना तो विज्ञापन जारी किया गया और ना ही ग्रामीणों से किसी प्रकार की सहमती ली गई।जहा बगैर अनुमति के ही उन्होंने निजी प्लॉट मकान भवनो के समीप से लाइन ले जाई जा रही है। बगैर अनुमति के ही निजी प्लाटों में पोल भी गाड़े जा रहे है। हमारी मांग है कि गांव बस्ती के समीप से इसे हटाया जाए ताकि भविष्य में कोई खतरा न हो। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो इसकी उच्च स्तरीय शिकायत की जाएगी।

# लांजी के दो उपयंत्रियों पर योजनाओं में प्रगति नहीं लाने पर कार्यवाही के आदेश जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। गत बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लांजी उप खंड के अंतर्गत देवलगांव व खांडाफरी की योजना की प्रगति नगण्य पायी गई। साथ ही बैठक में उपयंत्री बीएल उद्दे अनुपस्थित पाए गए। इसके पूर्व 30 दिसम्बर को आयोजित हुई समीक्षा बैठक में भी उपयंत्री को सुधार के लिए समय दिया गया था। इसके बावजूद भी कोई प्रगति नही होने पर उपयंत्री बीएल उद्दे को 7 दिवस अवैतनिक अवकाश किया गया। इनके अलावा लांजी जनपद के ही रविन्द्र हट्टेवार के क्षेत्र में आने वाली योजनाओं में भी प्रगति नगण्य पायी गई। इन्हें भी सुधार के लिए आवश्यक समय दिया गया। लेकिन सुधार नही होने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत पाए जाने पर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाने के आदेश जारी किए गए है।

# बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी एवं लांजी के तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी होंगे

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जबलपुर संभागायुक्त द्वारा अनुविभागीय अधिकारी गोपाल सोनी और तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी को निलंबन से बहाल किया गया है। दोनों ही अधिकारियों के बहाली के पश्चात कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गोपाल सोनी को बालाघाट का एसडीएम नियुक्त किया है। जबकि तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी को लांजी तहसील में पदस्थ किया है। गोपाल सोनी के आदेश के उपरांत डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को बालाघाट एसडीएम प्रभार से मुक्त किया गया है।

# इन्वेंशन कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट पेश कर दिया प्रेजेंटेशन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।यह राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने 28 फरवरी सन् 1928 को की थी। इसी खोज के लिये उन्हे 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था।उनकी इसी वैज्ञानिक सोच को आगे बढाने, विज्ञान के प्रति लोगो में रुचि पैदा करने और नए-नए अविष्कार के लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर के पीजी कॉलेज में दो दिवसी इनवेंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पहले दिन शुक्रवार को यूजी और पीजी कैटेगरी के आटर्स , कॉमर्स और साइंस के विद्यार्थियों ने एक से एक मॉडल बनाकर न सिर्फ उनकी प्रस्तुति दी,बल्कि प्रेजेंटेशन देकर उन मॉडलों के महत्व के बारे में भी बताया।जहां उन्होंने आगामी समय में उनके प्रोजेक्ट पर काम कर लोगों को मिलने वाली सुविधा को और अधिक बढाए जाने की बात कही गई।शुक्रवार को नगर के पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित दो दिवसीय इन्वेंशन कार्यक्रम में पीजी कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालयों के छात्रों ने जहां एक ओर एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट पेश किए , तो वही प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन देकर उसके महत्त्व को भी बताया। बताया जा रहा है कि पहले दिन जिन विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट सिलेक्ट होंगे, दूसरे दिन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जहां बेस्ट मॉडल बनाने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों का वितरण कर पीजी कॉलेज में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।





### पुरस्कार वितरण के साथ आज कार्यक्रम का होगा समापन– डॉ दुर्गेश अगासे

पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान सहायक प्राध्यापक, एवं प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ दुर्गेश अगासे ने बताया कि प्रति वर्ष 18 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है इस दिवस के उपलक्ष में पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आज से 2 मार्च तक दो दिवसीय इन्वेंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पीजी कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर एक से बढ़क एक हिस्सा लिया है जिन्होंने एक मॉडल पेश किए हैं।कल शनिवार को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन पेश किया जायेगा। जिसमें बेस्ट मॉडल सिलेक्ट किए जाएंगे प्रतियोगिता में जिनके मॉडल सिलेक्टर होंगे उन्हें पुरस्कार वितरण कर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने और बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

# विद्युत करेंट की चपेट में आने से काशीराम की हुई मौत

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस





**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय के समीप निर्माणाधीन मकान में तराई करते समय विद्युत करेंट की चपेट में आने से खिर्री निवासी शिक्षक ५२ वर्षीय काशीराम रहांगडाले की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। लालबर्रा पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैतरा निवासी रविन्द्र बिसेन का शासकीय महाविद्यालय के समीप नवीन मकान का निर्माण कार्य जारी है और उनके निर्माणाधीन मकान के समीपस्थ उनके जीजा जी खिर्री निवासी शिक्षक काशीराम रहांगडाले का मकान पूर्व से बना हुआ है जहां वे रहते है।**

१ मार्च को प्रातः ९ बजे काशीराम रहांगडाले अपने साले रविन्द्र बिसेन के निर्माणाधीन मकान में तराई करने गया था और मोटरपंप चालू कर तराई कर रहा था। इसी दौरान मकान के समीप से गुजरी ३३ केव्ही के विद्युत तार के संपर्क में आने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तभी उसके परिजन व आसपास काम कर रहे लोगों ने काशीराम को विद्युत तार पर झुलते हुए देखा जिसकी सूचना तत्काल लालबर्रा पुलिस एवं विद्युत विभाग को दी गई जिसके बाद विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत सप्लाई बंद की गई और विद्युत तार के संपर्क में आते ही कुछ ही मिनटों में काशीराम की तड़पते हुए जान चली गई। वही विद्युत करेंट से शिक्षक की मौत होने की जानकारी नगर मुख्यालय में आग की तरह फैल गई और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद थाना प्रभारी हेमंत नायक पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर विद्युत विभाग व परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा लाया गया, जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि खिर्री निवासी ५२ वर्षीय मृतक काशीराम रहांगडाले शासकीय प्राथमिक स्कूल साल्हे मो. में शिक्षक के पद पर पदस्थ है जिनके मकान के समीप उनके साले नैतरा निवासी रविन्द्र बिसेन का नवीन मकान बन रहा है। जिसमें परिवार के सदस्यगण रोजाना तराई करते थे परन्तु आज काशीराम रहांगडाले तराई कर रहा था तभी उक्त हादसा घटित हो गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रविन्द्र बिसेन को पूर्व में नोटिस जारी कर सूचना दी गई थी कि जिस स्थान पर मकान का निर्माण किया जा रहा है उसके ऊपर से ३३ केव्ही विद्युत तार धपेरा मोहगांव की ओर गई है जिससे बिजली प्रदाय की जाती है। मकान का निर्माण न करवाये और विद्युत विभाग के द्वारा एनओसी भी नही दी गई थी। बावजूद उसके उनके द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। पुलिस ने मृतक काशीराम रहांगडाले का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है।

निर्माणाधीन मकान में तराई करते समय विद्युत करेंट की चपेट में आने से खिर्री निवासी ५२ वर्षीय काशीराम की मौत हो गई है, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**हेमंत नायक**
**थाना प्रभारी**
**लालबर्रा।**

# रैली निकालकर जन स्वास्थ्य एवं खेलों के महत्व के प्रति किया गया जागरूक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा में स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर गत दिवस से शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस का विशेष शिविर जारी है। शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा रैली निकालकर जन स्वास्थ्य एवं खेलों का महत्व से संबंधित नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान शिविरार्थियों के द्वारा परेड कर भारतीय ग्रामीण अंचल के खेल कोड़ा, बदाम छाई, परी पत्थर एवं जंगल में आग लगी खेलकर मनोरंजन किया एवं कार्ययोजना के अन्तर्गत ग्राम धरपीवाड़ा के सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ-साथ हेंडपम्पों में सोकपिट का निर्माण किया गया। साथ ही सोकपिट के निर्माण के अलावा ग्राम की नालियों की साफ सफाई भी की गई। जिसके बाद बौध्दिक परिचर्चा में जन स्वास्थ्य एवं खेलों के महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया और यह कार्यक्रम खेल अधिकारी बालाघाट कृष्णकुमार चौरसिया के मुख्य आतिथ्य, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विवेक कारे, क्रीडा अधिकारी डॉ. विवेक खरगाल के विशेष आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. एसके खण्डायत की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने जन स्वास्थ्य एवं खेलों का जीवन में कितना महत्व है उसके बारे में शिविरार्थी को जानकारी देकर पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों के माध्यम से भी भविष्य बेहतर बनाने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में शिविर प्रभारी मनीष शिवहरे द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविरार्थी उपस्थित रहे।




# महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त हुए अनिल 'बब्बी' शर्मा

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा के पूर्व अध्यक्ष अनिल बब्बी शर्मा को लालबर्रा शासकीय महाविद्यालय का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है जिससे श्री शर्मा के शुभचिंतकों में हर्ष की लहर व्याप्त है। चर्चा में महाविद्यालय के नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि अनिल बब्बी शर्मा ने बताया कि बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा मुझे लालबर्रा शासकीय महाविद्यालय का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं और जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन करते हुए छात्र-छात्राओं के हित में काम किया जायेगा एवं महाविद्यालय में जो भी कमियां रहेगी उसे शासन स्तर से दुर करने का प्रयास किया जायेगा।



# बुट्टा ह. में संगीतमय श्री भागवत कथा ज्ञानयज्ञ ३ से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १५ किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. स्थित पुरातन शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शिव मंदिर समिति के तत्वाधान में ३ मार्च से संगीतमय श्री भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए शिव मंदिर समिति बुट्टा ह. अध्यक्ष राजेन्द्र बघेल ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुट्टा ह. स्थित पुरातन शिव मंदिर परिसर में ३ मार्च से संगीतमय श्री भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें ३ मार्च को प्रातः ८ बजे से कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसके बाद भागवत कथा प्रारंभ होगा जिसमें ३ मार्च से लेकर ९ मार्च तक प्रतिदिन दोपहर १२ बजे से शाम ४ बजे तक एवं शाम ७.३० बजे से रात ११.३० बजे तक वृंदावन मथुरा (उ.प्र.) से पधारे कथा व्यास पं. शिवानंद जी महाराज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवनगाथाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि २ मार्च से श्री सत्य सांई भजन समिति के द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल के समय सुप्रभातम् एवं नगर संकीर्तन किया जायेगा। श्री बघेल ने बताया कि ९ मार्च को कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन, हवन-पूजन, मंगल आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील शिव मंदिर समिति अध्यक्ष राजेन्द्र बघेल, लेखचंद टेंभरे, उपाध्यक्ष डुलीचंद गाड़ेश्वर, दिनेश मात्रे, मोहनलाल भोंगाड़े, झनकलाल टेंभरे, सचिव प्रमोद सपाटे, जयचंद बनोटे, धनीराम झंझाड़े, कोषाध्यक्ष अरविंद गाड़ेश्वर, सुनील डिब्बे, अंजीलाल दशरिये, प्रहलाद हीरापुरे, पुजारी छन्नुलाल गौतम, सरपंच चंद्रकिशोर बघेल, उपसरपंच अमित डोंगरे, सचिव यशवंत नगपुरे, सहायक सचिव संतोष डोरस, संचालक चेतनलाल टेंभरे, लक्ष्मीनारायण झंझाड़े, बाबुलाल टेंभरे, बालाराम बिरनवार, केसरीचंद दशरिये, प्र. पाठक किशन भूरे, मंदिर पुजारी अखिलेश पुरी, ग्राम रक्षक लक्ष्मण डोंगरे सहित ग्रामीणजनों ने की है।



# पंढरापानी ( रानीकुठार ) में २५ हजार ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता ४ से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत रानीकुठार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंढरापानी में एकता कप रानीकुठार, बघोली, औल्याकन्हार के संयुक्त तत्वाधान में ४ मार्च से ग्रामीण स्तरीय २५ हजार ईनामी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. मकसुद अली ने बताया कि रानीकुठार, बघोली, औल्याकन्हार के संयुक्त तत्वाधान में ४ मार्च से ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार २५००१ रूपये, द्वितीय पुरस्कार १५००१ रूपये एवं प्रवेश शुल्क ८०१ रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति के संरक्षक बघोली सरपंच अरशद पापा पटेल, औल्याकन्हार सरपंच श्रीमती प्रेमलता/ओमप्रकाश बिसेन, रानीकुठार सरपंच श्रीमती ज्योति/विनोद ठाकरे, अध्यक्ष मो. मकसुद अली, उपाध्यक्ष तेजलाल नागेश्वर, सचिव प्रकाश भलावी, मीडिया प्रभारी कमलेश खरोले, सदस्यगण सावनलाल सलामे उपसरपंच रानीकुठार, अंजीरा/सुनील पाटिल उपसरपंच औल्याकन्हार, संपतसिंह नेता, अतरसिंह मड़ावी, मो. शेख तबरेज, दिनेश ब्रम्हे, दिपेन्द्र साहु, होलीराम बाहेश्वर, कमलेश अड़मे, अहमद अली, नरेश बावने, कमलसिंह उइके, संतोष माने, बसंत दिन्नेवार, कैलाश परते, रवि नेताम, रतिराम कावरे, कृष्णकुमार कावरे, विजय पंचेश्वर, सीमा/संपतसिंह नेताम, केसरबाई खण्डाते, शाहरूख अली, अजय ब्रम्हे, राहुल भारद्वाज, पवन जामरे सहित ग्रामीणजनों ने की है।



# भाजपा मंडल लालबर्रा की हुई बैठक

## बैठक में ज्वाइन भाजपा एवं लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने पर की गई चर्चा





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी निवासी भाजपा मंडल लालबर्रा उपाध्यक्ष डॉ. अरूण लानगे के निवास में १ मार्च को भाजपा मंडल लालबर्रा की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक भाजपा मंडल लालबर्रा के पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों की माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित बैठक में ज्वाइन भाजपा व लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी केसंबंध में विस्तार-पूर्वक चर्चा कर सभी को संगठित होकर पार्टी हित में काम करने, अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की नीति-रीति से प्रभावित कर सदस्यता दिलवाने व केन्द्र, प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने की बात कही गई। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को विजयश्री दिलवाकर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने का सभी ने संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने भी बैठक को संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखे और सभी को संगठित होकर पार्टी हित में काम करने की बात कही। भाजपा ज्वाइन जिला संयोजक अभय सेठिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी १९५१ से सड़क से लेकर सदन तक आम जनता की मुद्दों को उठाकर आज इस मुकाम पर पहुंची है और मध्यप्रदेश में लगभग २० वर्ष व केंद्र में १० वर्ष से भाजपा का शासन है एवं भाजपा के कार्यकर्ता अपने कामों के आधार पर लोकसभा की तैयारी में जुट चुके है और यह पार्टी ३६५ दिन काम करने वाली पार्टी है। साथ ही यह भी बताया कि मुझे भाजपा ज्वाइन का जिला संयोजक बनाया गया है और भारतीय जनता पार्टी ने इस बार ५१ प्रतिशत वोट लेकर भाजपा जन-जन की सेवा के लिए आगे आयेगी। श्री सेठिया ने बताया कि लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है और देश के प्रत्येक नागरिक को केन्द्र व प्रदेश सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिला है, ऐसा कोई व्यक्ति नही है जिसे किसी भी योजना का लाभ न मिला होगा। योजना के लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए लाभार्थी संपर्क अभियान प्रारंभ की गई है जिनके द्वारा लाभार्थियों से मुलाकात की जायेगी और उन्हे सभी योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव संपन्न होने के १५ दिनों के बाद से लोकसभा की तैयारी में जुट गये है और भाजपा सतत् काम करने वाली पार्टी है आने वाले समय में हम लोग अपने प्रतिद्वतदियों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले वाले और ४०० सीट जीतकर पुरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनायेगें। जिसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने-अपने कामों में जुट चुके है। इस अवसर पर भाजपा ज्वाइन जिला प्रभारी अभय सेठिया, जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, जिला पंचायत सदस्य लोकसभा संयोजक झामसिंह नागेश्वर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष योगेश लिल्हारे, उपाध्यक्ष डॉ. अरूण लानगे, डॉ. युवराज परिहार, संजय बिसेन, गुलेन्द्र भगत, इन्द्रकला रहांगडाले, ममता राउत, सुकवन परते, हुकुमचंद देशकर, अनिल चौधरी, राधेलाल खोखले, हेमेन्द्र कटरे, महेन्द्र दशरिये, दीपक दशरिये, भरतलाल देशमुख, आशा देशमुख, भवन नगपुरे, गणेश पटले, ललित पटले, धनेन्द्र सोनवाने, रविन्द्र सोनवाने, जीवनलाल, धनीराम बिसेन, अमृतलाल हरिनखेड़े, पंकज चौहान, सुरेश कानतोड़े, महेन्द्र मेश्राम, संजय ठाकरे, नेतलाल ठाकरे, प्रभुदयाल हनवत, ओमकारप्रसाद भोयर, धनसिंह देशमुख, चिंतामन चौहान, विजय पटले, डेलीराम पटले, गणेश पटले, ललित गौतम, रविन्द्र मानकर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के स्थानीय कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल की स्थानीय कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा गत २७ फरवरी से शुरू हो चुकी है और यह परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर संपन्न करवाई जा रही है। इसी निर्देश के परिपालन में लालबर्रा विकासखण्ड में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में भी गत २७ फरवरी से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई है और १ मार्च को कक्षा ६ वीं एवं ७ वीं के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्वक तरीके से हल किये। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत २७ फरवरी से कक्षा ६ वीं, ७ वीं की वार्षिक परीक्षा जारी है और १ मार्च को कक्षा ६ वीं के ७४ एवं कक्षा ७ वीं के ८४ छात्र-छात्राओं ने दोपहर २ बजे से शाम ४.३० बजे तक विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्वक तरीके से हल किये, किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है। साथ ही ४ मार्च को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों की वार्षिक परीक्षा संपन्न जो जायेगी जिसके बाद आगामी ६ मार्च से कक्षा ५ वीं एवं ८ वीं की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होगी जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। चर्चा में शासकीय उत्कृष्ट उमावि. लालबर्रा के शिक्षक रविशंकर हनवत ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार गत २७ फरवरी से कक्षा ६ वीं, ७ वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो चुकी है और १ मार्च को कक्षा ६ वीं के ७४ एवं कक्षा ७ वीं के ८४ छात्र-छात्राओं ने विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र हल किये और ३ मार्च को संस्कृत विषय का पेपर एवं ४ मार्च को सामाजिक विज्ञान के प्रश्नपत्र के साथ वार्षिक परीक्षा संपन्न हो जायेगी। जिसके बाद उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कर वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। श्री हनवत ने बताया कि ६ मार्च से कक्षा ५ वीं, ८ वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू होगी जिसकी तैयारी जारी है।



कंजई में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# गुणवत्ता पूर्वक नही हो रहा सड़क का पिचिंग कार्य

## सड़कों पर गड्ढे होने से हो रही दुर्घटना





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी से रामपायली मार्ग पर गड्ढे हो गये थे जिसका पिचिंग वर्क का कार्य किया जा रहा है। जिसमें वार्ड नंबर १४ स्थित रामपायली चौक पर कुछ गड्ढों को छोड़ दिया गया है । और वहां पर ब्रेकर पूर्व में जो बनाया गया था वहां करीब ५० मी का एरिया डामर जमा होने से उबड़ खाबड़ हो गया है। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जिनके द्वारा उक्त मार्ग का पिचिंग वर्क गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कार्य करने और रोड़ को समतल रखने के लिए मांग की जा रही है । ताकि आवागमन कर रहे लोगों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। जबकि यह पिचिंग वर्क मजदूरों के हाथ से करवाया जा रहा है । जिसे मशीन से करवाने की बात कही जा रही है ताकि उक्त कार्य समय के साथ खराब ना हो लंबे समय तक कार्य टीका रहे।**

### चौक पर ब्रेकर दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

उक्त चौक में रामपायली से वारासिवनी की ओर आने के दौरान चौक पर उक्त साइड़ से लोग चलते हैं । वहां ब्रेकर और उसके आसपास में डामर जमा हो गया है । जिससे उक्त स्थान की जमीन असमतल है जिसके कारण लोगों को चोटिल होना ही पड़ता है। इसमें विशेष कर रात्रि में उक्त स्थान स्पष्ट समझ नहीं आता है जिस कारण वहां मोटर साइकिल ब्रेकर जाते ही अनियंत्रित होने का डर बना रहता है। ऐसी स्थिति में कई वाहन गलत साइड से भी आना जाना करते हैं ,इन दोनों परिस्थितियों में दुर्घटना का डर बना रहता है और कई लोग चोटिल भी होते हैं।

### मार्ग का पूरा किया जाए पिचिंग कार्य

गर्रा से मोवाड़ तक उक्त मार्ग का पिचिंग कार्य करवाया जा रहा है जिसमें नगर के अंदर करीब दो दिन पूर्व कार्य करवाया गया था। जहां पर कुछ गड्ढे भरने के छोड़ दिए गए हैं जिसके कारण राहगीर और उक्त स्थान पर निवासरत लोगों को चिंता हो रही है कि उक्त कार्य पूर्ण होगा या नहीं जिसको लेकर वह परेशान है। क्योंकि मार्ग पर उन्हें परेशानी तो होती ही है परंतु यदि कार्य चालू है तो वह चाहते हैं कि एक साथ पूरा कार्य होना चाहिए ताकि भविष्य में और कोई समस्या उत्पन्न ना हो।

### गुणवत्ता पूवर्क नही हो रहा मार्ग का कार्य-अमित चौधरी

राहगीर अमित चौधरी ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि यह वारासिवनी से रामपायली मार्ग है जहां पिचिंग कार्य चालू था जो ठीक से नहीं हो पाया है । कुछ जगह गड्ढे खाली रह गये है जिन्हें भरा नहीं गया है। जबकि इन गड्ढों के कारण ही दुर्घटनाएं होती है । क्योंकि यह हाईवे रोड है जिस पर तेज गति से चलने से मोटर साइकिल अनियंत्रित हो जाती है और लोगों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। यह जो गड्ढे भरने का कार्य किया जा रहा है वह मजदूर के माध्यम से हो रहा है जबकि इसमें पेवर मशीन से गड्ढे को भरा जाना था । क्योंकि हाथ से गड्ढे भरने की गुणवत्ता हम सबको पता है वह ठीक नहीं है। हम चाहते हैं की गुणवत्ता के साथ काम हो जल्दी काम हो राहगीरों को समस्या ना हो।



### असमतल रोड़ है जिसे खोदकर लेवल में बनाना चाहिए-आशीष चौधरी

स्थानीय निवासी आशीष चौधरी ने बताया कि रोड़ का काम करने वालों ने ब्रेकर बनाए थे जो सही मापदंड में नहीं है । कहीं ऊंचे और कहीं नीचे जमीन हो गई है कई गाड़ी वाले गलत साईड से आना जाना करते हैं केवल उक्त ब्रेकर वाले स्थान से बचने के लिए। ऐसे में कभी दुर्घटना भी हो जाती है अभी पिचिंग कार्य हो रहा था अभी एक दिन पिचिंग कार्य करवाने वाला एक सुपरवाइजर को एक मोटर साइकिल वाले ने गलत साईड से टक्कर मार दिया। जिसने बताया कि ब्रेकर इतना खराब है कि समस्या बनी रहती है मैं वहां पर गिर चुका हूं इसलिए इस साईड से गाड़ी लेकर जाता हूं। उक्त स्थान पर ५० मी की खराबी है और असमतल रोड़ है जिसे खोदकर लेवल में अच्छी बनाना चाहिए।



### इनका कहना है

गड्ढे भराई का कार्य चालू है जो लगातार किया जा रहा है। और जहां भी जरूरत होगी वहां कार्य किया जाएगा जल्द ही यह कार्य पूर्ण होगा।

**दीपक आड़े**
**प्रबंधक एमपीआरडीसी बालाघाट**

# विधायक रहते क्षेत्र के विकास कार्यो में कोई कमी नही की-प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत १९ ग्राम पंचायतों में स्वीकृत २२ बडे विकास कार्यो का भुमिपूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इस समारोह में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधायक विवेक पटेल ,जं.प अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, उपाध्यक्ष श्रीमती पूष्पा अमूले, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे, श्रीमती प्रीति शिव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधू शूक्ला, किशोर अमूले, निरंजन बिसेन, प्रदीप शरणागत, नरेन्द्र शूक्ला, श्रीमती पुष्पा बिसेन,दीप चौहान, जसवंत पटले, अनिश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की हम सबसे पहले १९ ग्राम पंचायतों में स्वीकृत २२ बड़े बड़े विकास कार्यो के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद ढालसिंह बिसेन आदि का धन्यवाद ज्ञापित करते है। साथ ही ग्राम पंचायत तुमाडी, झालीवाडा, सिर्रा, मेंढ़की, सिंगोडी, देंवगांव, कासपुर, बोटेझरी,शेरपार, गटापायली, लड़सड़ा के साथ खैरलांजी की पंचायतो के जनप्रतिनिधि को भी विकास कार्यो की सौगात प्रदान करते हुये बधाई प्रेषित करते है। श्री जायसवाल ने कहा कि वारासिवनी व खैरलांजी क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो की सौगात प्रदान की जा रही है। जिन पंचायतों का नाम इस बार की सूची में नही आ पाया है उनके लिये प्रक्रिया प्रारंभ है। जल्द ही इन पंचायतों में भी विकास कार्यो के लिये राशि प्रदान की जायेगी। श्री जायसवाल ने कहा की हमने विधायक रहते समय भी क्षेत्र में विकास कार्यो में कोई कमी नही की है। प्रदेश के बजट के अलावा हमने प्रति वर्ष लगभग पंद्रह से सोलह करोड़ की राशि खनिज निधि से स्वीकृत करवाकर विकास कार्यो को पूर्ण तक कराया है। इसी तरह नपा वारासिवनी में मुख्यमंत्री विशेष निधि से हमने करोड़ो रूपये की राशि लाकर नगर को पुरे जिले में सबसे सुदंर बनाने का कार्य किया है। नदियों पर बड़े बड़े पूल के साथ अब हम ग्राम से ग्राम को जोड़ने वाले छोटे पूलो के अलावा महिलाओं के समूह के लिये सामूदायिक भवन बनाने की दिशा में तेज गति से कदम बढ़ा रहे है। श्री जायसवाल ने कहा कि वारासिवनी, खैरलांजी क्षेत्र की १९ पंचायतो में पंचायत भवन निर्माण, स्लैब पूलिया, स्कूल की बाउड्रीवाल,खेल मैदान,सामुदायिक भवन,स्टाप डेम निर्माण, बाजार चौक का सीमेंटीकरण, कांपलेक्स निर्माण जैसे कार्यो का भुमिपूजन एक साथ ही तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है।





# श्रेय लेने की झूठी राजनिति अब बंद होनी चाहियें - वेदप्रकाश पटेल

## सिकंन्द्रा से मेंहदूली सड़क का हो रहा निर्माण कार्य


वारासिवनी( पद्मेश न्यूज ) । ग्राम पंचायत सिकंन्द्रा से मेंहदूली सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से प्रारंभ है। विधायक विवेक पटेल के द्वारा सार्वजनिक रूप से मेंहदूली में पूर्ण हो रही सड़क का भुमिपूजन करने से प्रतिनिधियों में आक्रोश देखे जा रहे है। ग्राम सिकंन्द्रा से मेंहदूली तक ११ सौ मीटर सड़क निर्माण के लिये वर्क आर्डर २० अगस्त २०२३ को ही जारी हो चुका है। जिसकी लागत ९७.१३ लाख रूपये है। जिसकी कार्य एंजेसी शिवम इंटरप्राइजेस निर्धारित की गयी है। यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अपग्रेडेशन किया गया है। किंतू बरसात होने के कारण यह कार्य पिछले दो माह से नही हो पाया था अब तेज गति से प्रारंभ किया गया है। जिसमें बीटी के बाद डब्लूबीएम और डामरीकरण किया जा रहा है। मेंहदूली ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच वेदप्रकाश पटेल ने बताया की यह सड़क पूर्व में ही ग्राम के ग्रामीणो की मांग पर तात्कालिन विधायक प्रदीप जायसवाल व सांसद ढालसिंह बिसेन की अनुशंसा पर स्वीकृत हुयी है। जिसकी मई माह में स्वीकृति व जून माह में निविदा भी लग चुकी है। किंतू २९ फरवरी को इस सड़क का भुमिपूजन विधायक विवेक पटेल के द्वारा किया गया जो गलत है श्रेय लेने की झूठी राजनिति नही करना चाहियें। जब इस सड़क पर सिर्फ डामरीकरण का कार्य ही शेष बचा है तब भुमिपूजन कर स्वंय के प्रयास का हवाला देना विधायक का यह कार्य उचित प्रतित नही हो रहा है। सेवा सहकारी समिति थानेंगांव के पूर्व अध्यक्ष युगलकिशोर सुलकिया ने बताया की हम थानेंगांव से इस सड़क पर आना जाना करते है। इस सड़क पर दो माह से तीव्र गति से कार्य चल रहा है। किंतू विधायक विवेक पटेल के द्वारा भुमिपूजन के समाचार ने हैरान कर दिया। जबकि यह कार्य पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने पहले ही स्वीकृत करवा दिया था। इस सड़क को स्वीकृत कराने के पीछे उनकी सोच झालीवाड़ा से मेंहदूली पूल तक सीधे जोडने की रही है। जिससे पुल के माध्यम से इस मार्ग से राहगीर कंटगी व नागपूर तक सीधे जा सकते है। श्री सुलकिया ने कहा कि विधायक विवेक पटेल ने भूमीपूजन किया तब उन्होने स्थानीय सरपंच व प्रतिनिधि तक को कार्यक्रम में नही बुलाया है। हमारी विधायक से मांग है कि आप ग्राम की अन्य समस्याओं का समाधान स्वंय के प्रयासो से करें तो हम भविष्य में उनका स्वागत अवश्य करेंगे।





# सरंडी से वारासिवनी मार्ग को जोड़ने वाली पुलिया की बढ़ाई जाये ऊॅचाई

## ग्रामीणों ने की पंचायत से मांग, बरसात के समय थोड़े से पानी में आ जाती है बाढ़





वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत सरंडी को जोड़ने वाली मुख्य पुलिया की ऊँचाई बढ़ाये जाने की मांग ग्रामीणजन कर रहे है। उनके ग्राम से यह मार्ग सीधे वारासिवनी मार्ग से जुड़ता है। मगर बरसात के मौसम में इस पुलिया से पानी होकर गुजरने की वजह से आवागमन काफी प्रभावित होता है। वही उनका संपर्क वारासिवनी से वंचित हो जाता है। यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बना हुआ है। जिसमें जो पुलिया बनाई गई है उसकी ऊँचाई काफी कम है जिसकी वजह से पानी आने की दशा में इस पर बाढ़ आ जाती है। जिससे ग्रामीण जनों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

### पिल्लरों पर बनना था पुलिया - झामसिंह गौतम

पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण झामसिंह गौतम ने बताया कि यह मार्ग का निर्माण जब हो रहा था। तब ही यह पुलिया बना है। मगर इसकी उॅचाई काफी कम है। इस पुलिया का निर्माण पिल्लरों पर होना चाहिये था मगर उसमें मोंगा डाले गये है। जिसकी वजह से पानी आने पर बाढ़ आ जाती है। हमारे ग्राम के अधिकांश बच्चे शिक्षा ग्रहण करने वारासिवनी जाते है। मगर बाढ़ की हालत होने पर जो पुलिया का उस तरफ का भाग है वही बाढ़ उतरने तक इंतजार करते है। ,हम लोगों का भी काफी नुकसान होता है। हमने ग्राम सरपंच के सामने भी यह मांग रखी है कि पुलिया की उॅचाई बढ़ाई जाने के लिय कार्यवाही की जाये।

### सरपंच को भी कराया है अपनी समस्या से अवगत - धरमपाल डोंगरे

इसी तरह ग्रामीण धरमपाल डोंगरे ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों ने सरपंच को भी इस समस्या के संबंध में अवगत कराया है। जिन्होने हमे आश्वासन दिया है कि पुलिया की उॅचाई बढ़ाई जायेगी। जब जब बाढ़ आती है तो इस तरफ है वो इसी तरफ वही दूसरे छोर से ग्राम में आना वाला व्यक्ति उसी छोर पर रहता है। हम यही चाहते है कि पुलिया की उॅचाई बढ़ाई जाये ताकि आवागमन प्रभावित न हो वही हमारा संपर्क वारासिवनी मुख्यालय से विच्छेद न हो सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि ने दूरभाष पर बताया कि ग्रामीणजनों ने इस संबंध में उन्हे अवगत कराया था। पुलिया की हाईट बढ़ाई जाये। इस पुलिया के नीचे होने के कारण बहुत जल्द ही बाढ़ आ जाती है। जिससे ग्रामीणजनों को काफी परेशानी होती है। यह पुलिया प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंर्तगत बना है। जो प्रयास हम पंचायत स्तर पर कर सकते है हम करेंगे।

**राजेश गौतम**
**सरपंच प्रतिनिधि सरंडी**

# सिकन्द्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पशु मेला संपन्न

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। ग्राम सिकन्द्रा में आयोजित कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित शिविर में शुक्रवार को पशु मेला संपन्न हुआ। जिसमें गाय, भैंस, बैल, बकरी, बकरा आदि २२३ पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर टीकाकरण किया गया। तथा आवश्यक दवाईयाँ पशु पालकों को प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पशु पालकों को पशुओं को संतुलित आहार देने की जानकारी दी गई। इस पशु मेला में चलित पशु चिकित्सालय की जानकारी देते हुए डॉ. योगेन्द्र घोड़ेश्वर ने बताया कि टोल फ्री नं. १९६२ पर काल करके चलित पशु चिकित्सालय को बुलाया जा सकता है । जिसमें पहुँचकर चिकित्सक पशुओं का उपचार करेगें जिसका शुल्क निर्धारित है । शिविर में डॉं. भुलेश चौधरी, नीरज गौतम, रामेन्द्र पटले ,राम किशोर भोयर के द्वारा भी पशुपालकों एवं शिविरार्थियों को जानकारी दी गई। इस शिविर में में स्वच्छता कार्य के अतिरिक्त बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के विकास से संबंधित जानकारी दी गई । तथा सफलता का सूत्र एवं आध्यात्मक के प्रति आस्था विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिविर संचालक राकेश मिश्रा के द्वारा किया गया।

खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# राहत की सांस : ट्रम्प के खिलाफ मामला

संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को देश के सुप्रीम कोर्ट से उस वक्त कुछ हद तक कानूनी राहत मिलती नजर आई, जब अदालत कथित तौर पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को विफल करने के मामले में संघीय आपराधिक अभियोजन से छूट के एक पूर्व सेवारत राष्ट्रपति के रूप में उनके अधिकार के पक्ष और विपक्ष में अप्रैल के मध्य में दलीलें सुनने पर सहमत हुई। इसका मतलब यह हुआ कि मई से पहले सुनवाई की संभावना नहीं है और मामले पर फैसला जून के अंत तक आ सकता है। यह ठीक वही समय होगा जब अदालत के मौजूदा सत्र के लिए अंतिम फैसले आने की उम्मीद है। अदालत के इस कदम से श्री ट्रम्प के खिलाफ अभियोजन मामलों के कैलेंडर में काफी ज्यादा मोहलत जुड़ गई है और इसने न्याय विभाग की तरफ से इन मामलों की अगुवाई करने वाले विशेष वकील जैक स्मिथ की योजनाओं पर कारगर तरीके से पानी फेर दिया है। स्मिथ ने पिछले साल दिसंबर में यह आग्रह किया था कि न्यायाधीशगण किसी अन्य मध्यवर्ती अदालती कार्रवाई के बिना तुरंत इस मामले को सुनें। इससे पहले फरवरी में, डी.सी. सर्किट के अमेरिकी अपीलीय अदालत के तीन न्यायाधीशों वाले पैनल ने यह फैसला सुनाया था कि ट्रम्प को संघीय अभियोजन से व्यापक प्रतिरक्षा नहीं हासिल है। यह फैसला उनकी बचाव टीम के लिए एक कानूनी झटका था और इसके खिलाफ अपील की गई थी। अब, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि श्री ट्रम्प के खिलाफ निचली अदालत का फैसला तब तक स्थगित रहेगा जब तक कि वह इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेता। एक वैकल्पिक परिदृश्य में न्यायाधीशों ने मामले को रोकने के श्री ट्रम्प के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया होता, जिससे श्री स्मिथ को चुनाव को विफल करने वाले मामले में अभियोजन के लिए और ज्यादा तेजी से आगे बढ़ने का विकल्प मिलता, जिससे नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमे की संभावनाएं बेहतर होतीं।

श्री ट्रम्प के खिलाफ ढेर सारे कानूनी मामले हैं, जिनमें चार आपराधिक अभियोग भी शामिल हैं। ये सभी मामले राष्ट्रपति को अभियोजन से छूट पर फैसला आने के समय से प्रभावित होंगे। विशेष रूप से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भी कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पलटने को तैयार नजर आते हैं जिसने श्री ट्रम्प को एक संवैधानिक प्रावधान, जो विद्रोह का समर्थन करने वालों को सरकार में उच्च पद संभालने से रोकता है, के तहत राष्ट्रपति पद के चुनाव में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया था। ट्रम्प की बचाव टीम द्वारा अपनाई गई देरी की रणनीति के आलोक में कानूनी संकट के अलावा, श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाने की लड़ाई ने अमेरिकी राजनीति की दरारों को उजागर किया है। मतदाता ट्रम्प की क्षमताओं और उनके द्वारा खड़ा किए जाने वाले संभावित जोखिमों के आधार पर बंटे हुए हैं। डेमोक्रेट और रिपब्लिकन राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय नेताओं के संदर्भ में कोई ऐसा विश्वसनीय विकल्प खोजने में नाकाम रहे हैं, जिससे 2024 का चुनाव श्री ट्रम्प की हार का सबब बने। आज के अमेरिकी सपने के मूल में असली कमजोरी है – एक ऐसे नजरिए की कमी जो सभी अमेरिकियों को एक ही राजनीतिक झंडे के तले एकजुट कर सके। इसके लिए ऐसे नेताओं की जरुरत है जो एक वैश्विक शक्ति के रूप में अमेरिका की स्थिति के बारे में दीर्घकालिक नजरिया रखने में सक्षम हों और जिनके पास एक ऐसी सोच हो जो अपने सभी लोगों का ख्याल उनकी पहचान की परवाह किए बिना रखे।

# किसान संघर्षों को सत्याग्रह सिखाने वाला योद्धा विजयसिंह पथिक

विजयसिंह पथिक भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर वह एकमात्र नेतृत्व है जिसने समाज के साथ मिलकर सफल सत्यागह की शैली ईजाद की। पथिक जी का जन्म होली के दूसरे दिन दुल्हेंडी 27 फरवरी, 1884 को हुआ था। उनका मूल नाम भूपसिंह राठी था। उनके पिता और माता के परिवारों की 1857 की क्रांति में सकिय भागीदारी थी। पथिक इन्दौर में 1905 में प्रसिद्ध क्रांतिकारी देशभक्त शचीन्द्र सान्याल के सम्पर्क में आये। उन्होंने पथिक जी को रासबिहारी बोस से मिलवाया। क्रांतिकारियों के इस समूह में पथिक जी कई महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का हिस्सा रहे। 1912 में जब अंग्रेजों ने दिल्ली को राजधानी बनाया तो क्रांतिकारियों ने उद्घाटन समारोह में वायसराय के जुलूस पर चांदनी चौक में बम फेंका। इस कार्यवाही में पथिक जी शामिल थे। 1914 में रासबिहारी बोस और शचीन्द्र सान्याल ने सम्पूर्ण भारत में एक साथ सशस्त्र कांति के लिए अभिनव भारत समिति नाम का संगठन बनाया। पथिक जी को इस काम के लिए राजस्थान का जिम्मा सौंपा गया। अजमेर से प्रमुख समाचार पत्रों का सम्पादन और प्रकाशन प्रारम्भ किया। बिजौलिया का प्रसिद्ध किसान आन्दोलन, बेगू किसान आन्दोलन, सिरोही का भील आन्दोलन, बरार किसान आन्दोलन ये सब बडे किसान आन्दोलन पथिक जी के नेतृत्व में खड़े हुए। राजस्थान के स्वतंत्रता आन्दोलन का विस्तार कर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक ले गये। उस दौर के बड़े नेता गांधी और तिलक थे उन तक राजस्थान के स्वतंत्रता संघर्ष की पूरी योजना और परिणामों को पहुँचाया। ऐनी हडसन के जरिये ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में राजस्थान स्वतंत्रता संघर्ष की आवाज को उठाया। रियासतों के दमन और शोषण को समझाने वाली विशाल प्रदर्शनी अधिवेशन स्थलों पर आयोजित की। यह सब पथिक जी की दूरदृष्टि और नेतृत्व शैली को समझने के लिए पर्याप्त है। 1920 में वर्धा में राजस्थान सेवा संघ की स्थापना की गई। इसके माध्यम से सत्याग्रह के प्रयोग शुरू किए। बाद में संघ की गतिविधियों का केन्द्र अजमेर बना। देशभक्त युवाओं को खोज-खोज कर आन्दोलन में शामिल किया गया। माणिक्य लाल वर्मा, राम नारायन चौधरी, हरिभाई किंकर, नैनूराम और मदनसिंह करौला जैसे देशभक्त और आजाद भारत के बड़े नेता पथिक जी के राजस्थान सेवा संघ की ही देन थे। 1929 में पथिक जी राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये।

पथिक जी की कार्यशैली और नेतृत्व शैली दोनों अद्भुत रहे। दोनों के केन्द्र में सत्याग्रह की पद्धति निहित थी। उनके कार्यकम और प्रबंधन का अनूठापन परिणाम देने वाला था, वह सत्याग्रह ही था। लगान के सम्बन्ध में, ठिकाने के अत्याचारों के सम्बन्ध में, किसानों की बहादुरी के सम्बन्ध में, गीत और भजन बनाकर उनके द्वारा किसानों में गांव-गांव आन्दोलन का प्रचार करना, सब कुछ सत्याग्रह को साक्षी मानकर ही किया गया था। पथिक जी ने सम्मिलित हस्ताक्षरों से राज्य को किसानों के अभाव अभियोगों के लिए आवेदन देना बन्द करवा दिया। केवल पंचायत के सरपंच के नाम से ही लिखा-पढ़ी की जाने लगी। चेतावनी दी गई कि अब किसान अनुचित लागतें और बेगारें नहीं देंगे। पंचायत ने यह निश्चय किया है कि यदि ठिकाना इन्हें समाप्त नहीं करेगा तो पंचायत उन्हें अन्य टैक्स भी नहीँ देगी। राज्य ने अपने कर्मचारियों और ठिकाने के पक्ष में आदेश दिया कि सरपंच या पंचायत के नाम से किसी अर्जी या आवेदन पर कोई कार्यवाही न हो अर्थात राज्य ने पंचायत के अस्तित्व को मानने से इन्कार कर दिया। विजय सिंह पथिक ने किसानों को समझाया कि कोई किसान व्यक्तिगत रूप से या सम्मिलित हस्ताक्षर करके आवेदन न दे। सभी किसानों की ओर से बोलने का अधिकार एकमात्र पंचायत को ही होगा। उनके इस आह्वान से सम्पूर्ण राजस्थान सत्याग्रह की गूंज से जाग्रत हो उठा। पथिक जी के आह्वान पर बिजौलिया के किसानों ने युद्ध का चन्दा देने से इन्कार कर दिया। प्रेमचन्द भील भजन गा-गा कर किसानों को सत्याग्रह के लिए प्रेरित करते रहे। पथिक जी ने गणेश शंकर विद्यार्थी को पत्र लिखा कि वे बिजौलिया में किसान सत्याग्रह चला रहे हैं उनके प्रसिद्ध पत्र प्रताप की सहायता की आन्दोलन को अत्यन्त आवश्यकता है। साथ ही बिजौलिया के किसानों की ओर से गणेशशंकर विद्यार्थी को राखी भेजी गई। पत्र मिलते ही गणेशशंकर विद्यार्थी का जवाब आया कि बिजौलिया आन्दोलन के लिए प्रताप के पृष्ठ सदैव खुले हैं। आप अपने सत्याग्रह पथ पर चलते रहिए। यह सत्याग्रह की शैली का ही प्रभाव था कि देखते ही देखते राजस्थान का स्वतंत्रता संघर्ष पूरे देश में पहचाना जाने लगा।

विजयसिंह पथिक सत्याग्रह पथ पर अडिग रहे और आजादी के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। 29 मई, 1954 को जब उनका देहान्त हुआ तब भी पथिक जी एक समरस, शान्तिपूर्ण और सुन्दर समाज के निर्माण में जुटे थे और एक नया अखबार आरंभ करने की योजना बना रहे थे। पथिक जी जीवन भर सामंतवाद, जातिवाद, पूंजीवाद, सम्प्रदायवाद, धर्मांधता, सामाजिक कुप्रथाओं, शोषण, दमन और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। पथिक जी जहाँ देश, समाज और राष्ट्र के लिए बड़े सवालों को लेकर चिंतनशील थे, वही बेरोजगारी, पर्यावरण विनाश, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे सामाजिक महत्व के मुद्दों पर अपने अखबारों के जरिए बराबर लिख रहे थे। इसीलिए देश का पहला और असली सत्याग्रही विजयसिंह पथिक है। गांधी को भी यह स्वीकार करना पड़ा। गांधी ने स्वयं कहा बिजौलिया आन्दोलन पर अपने भाषण में मै बिजौलिया वालों को क्या संदेश दूं? बिजौलिया के प्रतिनिधि तो मुझे संदेश देने आये है कि बापू, तूने जो सत्याग्रह छेड़ा, विफल रहा, हम लोग अपने आन्दोलन को सफल करके आये हैं। सत्याग्रह की शक्ति ने स्वतंत्रता संघर्ष को सामाजिक महत्व के जनान्दोलन में बदलने का बड़ा काम किया। पूरे स्वतंत्रता संग्राम में सत्याग्रह एक शक्तिशाली हथियार की तरह उपयोग में आया। वास्तव में भारतीय स्वाधीनता संग्राम की कहानी सत्याग्रह की ही कहानी है। आज भी न इसका महत्व कम हुआ है और न ही इसकी प्रासंगिकता कम हुई है। जैसे-जैसे दुनिया में अन्याय, शोषण और अत्याचार बढ़ेगा वैसे-वैसे सत्याग्रह के लिए आग्रह और तीव्र होंगे। इस जादुई हथियार को समझने के लिए पथिक साहित्य/शोधकार्य/इतिहास सामग्री/संस्मरण और उनके जीवनानुभवों तथा सामाजिक कार्यों को समझना आवश्यक है। उनके द्वारा प्रकाशित छः प्रमुख समाचार-पत्रों में राजस्थान केसरी, नवीन राजस्थान, तरुण राजस्थान, राजस्थान संदेश, नव-संदेश और ऊपरमाल को डंको है। पथिक जी ने पत्रकारिता को सत्याग्रह का शस्त्र बनाया और समाज व राष्ट्र को संघर्ष करना सिखाया। एक सफल सत्याग्रह राष्ट्रीय चेतना में कैसे प्रस्फुटित होता है और समाज को बदलाव के लिए खड़ा करता है, यह पथिक के प्रयोगों से ही सीखा जा सकता है।

वास्तव में, सामाजिक न्याय के योद्धा के रूप में एक समाज सुधारक, किसान नेता, पत्रकार, साहित्यकार और भविष्य दृष्टा के रूप में एक महान चिंतक की भूमिका में सक्रिय विजयसिंह पथिक आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतकों में एक ऐसा नाम है जो भारतीय चिंतन परम्परा की गहरी समझ के साथ भारतीय राजव्यवस्थाओं के उदय और विकास-क्रम की ऐतिहासिकता की मौलिक विवेचना करते हैं। आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का एक बड़ा योगदान है और उस राष्ट्रीय आन्दोलन में अजस्र योगदान करने वाले विजयसिंह पथिक रहे हैं। स्वतंत्रता के वास्तव में सामाजिक न्याय के योद्धा के रुप में एक समाज सुधारक, किसान नेता, पत्रकार, साहित्यकार और भविष्य दृष्टा के रुप में एक महान चिंतक की भूमिका में सकिय विजयसिंह पथिक आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतकों एक ऐसा नाम है जो भारतीय चिंतन परम्परा की गहरी समझ के साथ भारतीय राजव्यवस्थाओं के उदय और विकास कम की ऐतिहासिकता की मौलिक विवेचना करते हैं। आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का एक बडा योगदान है और उस राश्ट्रीय आन्दोलन में अजस्र योगदान करने वाले विजयसिंह पथिक रहे है। स्वतंत्रता के संघर्ष का वह आन्दोलनात्मक पक्ष हो चाहे रचनात्मक पक्ष पथिक जी की भूमिका बेजोड़ रही है। इस सबसे भी बढ़कर जो वैचारिक अवदान पथिक जी का रहा वह भारतीय चिंतन परम्परा की अमूल्य थाती है। पथिक जी की भारतीय राजनीति पर तीन बहुत ही प्रमुख पुस्तकें हैं। पहली भारत की राजनीतिक संस्कृति और दूसरी भारतीय राजनीति के तत्व तथा तीसरी चुनाव पद्धतियां और जनसत्ता। इनमें भारत के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास को समझते हुए भारत में राजव्यवस्थाओं के विकासक्रम को चिन्हित करने का महान प्रयास तो किया ही राष्ट्र निर्माण के शुरुआती दौर में ही राजनीतिक सुधारों को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की। उनकी दूर-दृष्टि देश को लेकर एक सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में सकारात्मक राष्ट्र-निर्माण की योजना की सूचक है। पथिक जी का वैचारिक धरातल अत्यंत विस्तृत है। उन्होंने राजनीति, इतिहास, अर्थशास्त्र, धर्म, दर्शन के साथ-साथ समकालीन मुददों और समस्याओं पर निरन्तर लेखन और चिंतन किया। विजयसिंह पथिक एक ऐसा विचार है जो इस देश की मूल भावनाओं में जन्मा है। मौलिक ढंग का चिंतन और देशज परम्परा का वाहक पथिक विचार है। पथिक-पथ के विचार में एक समावेशी दृष्टि है, जो सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है। पथिक जी के विषय में जैसे-जैसे अनुसंधान आगे बढ़ेगा उनके व्यक्तित्व की विशालता और विराटता उतनी ही हम सबके सामने आयेगी। वह एक असाधारण व्यक्तित्व है। जितना परत-दर-परत हम उन्हें समझने की कोशिश करते हैं, उतना ही पथिक जी विस्तार पाते जाते हैं। पथिक जी की इस विराटता और विशालता को समझना साधना का विषय है। उनके जीवन की एक-एक घटना प्रेरणाओं से ओत-प्रोत है। जो किसी भी समतावादी, न्यायप्रिय, शांतिपूर्ण और समरस समाज का सपना देखने वाले व्यक्ति को प्रेरित करती है, स्पंदित करती है। विजयसिंह पथिक के सामाजिक-राजनीतिक चिंतन का प्रचार-विस्तार आज की महती जरूरत है। उनके सामाजिक-राजनीतिक विचारों को समझकर उन्हें अपने व्यवहार में लाकर हमारे राष्ट्र निर्माता पथिक-पथ का अनुसरण कर एक मजबूत भारत के निर्माण का सपना पूरा कर सकते हैं। पथिक तेरा जो प्रण है वहीं मेरा रण है।

**- डॉ0 राकेश राणा**

## अनेकता में एकता नहीं!



विश्व में भारत देश की पहचान के रूप में एक कथन अभी तक कहा जाता रहा है "कश्मीर से कन्याकुमारी तक अनेकता में एकता भारत की पहचान है"। यह बात या नारा विभिन्न संस्कृति, धर्म, भाषा, वेशभूषा, रहन-सहन आदि को लेकर कही जाती रही है। परंतु अब समय आ गया है,उक्त कथन में हल्का सा संशोधन कर "अनेकता" की जगह "अनैतिकता में एकता" कर दिया जाना चाहिये। दुर्भाग्य वश यह देश की सिर्फ राजनीतिक क्षेत्र व पार्टियों में ही नहीं बल्कि जीवन के समस्त क्षेत्रो में पहचान बन गई है।

देश की राजनीति में "नैतिकता के पतन" का सबसे बड़ा और नंगा नाच (उदाहरण) वर्ष 1970-80 के दशक में हुआ था, जब विपक्ष की पूरी की पूरी सरकार ही भजनलाल के नेतृत्व में गैरकांग्रेसी से "कांग्रेसी" हो गई। वह जमाना था "गैर कांग्रेसवाद" संविद शासन के रूप में फैल रहा था। परन्तु तब कांग्रेस ने भी अपने पूरे सत्ता काल में अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए चुनी गई सरकारों को हटाकर 77 बार राष्ट्रपति शासन लागू करके कौन सी नैतिकता का परिचय दिया था? तत्समय नैतिकता की दुहाई देने वाली जनसंघ पार्टी अपना राजनीतिक सफर प्रारंभ कर जनता पार्टी से होकर आज वह विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी "भारतीय जनता पार्टी" के रूप में स्थापित है। "पार्टी विद द डिफरेंस", "सबको परखा-हमको परखो" का नारा देने देकर सत्ता में आते ही उसने भी वही "अनैतिकता की कैंची" की धार को "तेज" कर सरकारों को पलटाया है, जिसकी वह पहले नैतिकता का झंडा उठाकर आलोचना करती रही है। 10 साल के एनडीए के शासनकाल में 6 से अधिक सरकारें ( गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र इत्यादि में जनादेश नहीं मिला था, इसी अनैतिकता के धारदार औजार का उपयोग कर जनादेश के विपरीत अपनी सरकार बनाई व विपक्ष की सरकार गिराई।

ऐसा नहीं है कि भाजपा ने नैतिकता के मापदंड को उच्चतम स्तर पर कभी नहीं रखा हो। वह जमाना "अटल-आडवाणी की भाजपा" का था। जब अटल बिहारी वाजपेई ने नैतिकता के मापदंड के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए मात्र एक वोट के खातिर अपनी सरकार की बलि दे दी थी। जबकि उसके पूर्व किस तरह से पीवी नरसिम्हा राव की अल्पमत की सरकार बचाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों का खुल्लम-खुल्ला खरीद फरोख्त कर कांग्रेस ने सरकार बचाई थी। प्रमोद महाजन जो उसे समय के अटल बिहारी वाजपेई के चाणक्य कहे जा सकते थे, ऐसा ही कार्य करके सरकार को बचा सकते थे। परंतु अटल बिहारी वाजपेई ने ऐसा होने नहीं दिया। यह था नैतिकता का उच्चतम मापदंड।

ताजा मामला हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक घटनाक्रम का है। राजनीति शतरंज के शह-मात के खेल में अनैतिकता की शह को मात अनैतिकता ने ही दी है । हंसी तब आती है, जब पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर विधानसभा में तथाकथित रूप से बजट पारित होने के बाद "लोकतंत्र व नैतिकता की दुहाई" की बात करते हैं। निश्चित रूप से देश की राजनीति का यह शायद पहला उदाहरण है, जहां दोनों पक्षों ने अनैतिकता को साध्य ही नहीं बल्कि साधन भी बना लिया। परंतु प्रश्न यह है कि यहां पर अनैतिकता का खेल प्रारंभ किसने किया? विपक्षी दल भाजपा ने विधानसभा में कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया था, बल्कि राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के समय कांग्रेस के 6 विधायकों को अनैतिक रूप से तोडा, उन्हें केंद्रीय अर्ध सैनिक बल की सुरक्षा में हरियाणा में पंचकूला के सेक्टर एक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रखा। क्या यह नैतिक कदम था?

यह कहा जा सकता है कि चुने गए, प्रतिनिधियों के बाजार की मंडी में जब कोई बिकने के लिए आया है, तो उसमें बोली लगाने अथवा खरीदने वाली की क्या गलती है? परंतु प्रश्न यह है कि मंडी में माल स्वेच्छा से स्वतः आया अथवा लाया गया? यदि वे स्वेच्छा से आए तो फिर उन्हें उन्मुक्त कर स्वतंत्र क्यों नहीं रहने दिया गया? अर्धसैनिक बल की सुरक्षा में दूसरे राज्य क्यों ले जाया गया? इसलिए जयराम ठाकुर को सरकार गिराने में असफल होने पर नैतिकता की दुहाई व लोकतंत्र की हत्या करने का कोई नैतिक अधिकार बनता नहीं है, ना बचता है। जिस अनैतिकता से सरकार गिराने का प्रयास हिमाचल प्रदेश में किया गया, कमोबेश उसी अनैतिकता का उपयोग कर सरकार बचाने का प्रयास भी सफल हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने जिस तरह से विपक्ष भाजपा के 15 विधायकों को निलंबित कर बजट पारित करवाया, निश्चित रूप से वह संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन और अनैतिक है। संसदीय कार्यप्रणाली में ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। परन्तु अनैतिकता ही अनैतिकता पर भारी पड़ गई, ऐसा पहली बार हुआ है। क्योंकि इसके पूर्व अधिकांश मामलों में एक पक्ष को ही अनैतिकता का हथियार उपयोग करने का अवसर मिलता था, दोनों पक्षों को नहीं। झारखंड में "आपरेशन लोटस" असफल होने के बाद भाजपा के लिए यह दूसरा झटका है। यद्यपि वहां पर इस तरह की अनैतिकता का टेस्ट नहीं हो पाया था, क्योंकि ऐसा करने का अवसर ही उत्पन्न नहीं हो पाया था।

कहा भी गया है "लोहा लोहे को काटता है"। इसीलिए राजनीति में निश्चित सफलता के लिए आज अनैतिकता की काट नैतिकता नहीं, बड़ी अनैतिकता ही रह गई है। गांधी जी का यह सिद्धांत आज की राजनीति में पूरी तरह से खोखला हो गया है, कि "साध्य ही नहीं साधन भी पवित्र होना चाहिए"।

**- राजीव खंडेलवाल**

**(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)**

# अकबर हों या शाहजहां ,कोई नहीं बचेगा....

7 भारत तेजी से बदल रहा है । अब यहां एकनजर वाली सरकार अपना रंग दिखा रही है । अब देश में चाहे अकबर हों या शाजहाँ बचने वाले नहीं है। भले ही अकबर और शाहजहां को जहान से गए हुए सैकड़ों साल हो गए हैं लेकिन उनके नाम से हमारी सरकार आज भी नफरत करती है ,बिदकती है । अब इस देश में रहने वाले तमाम अकबरों और शाहजहानों को केवल और केवल इस देश की अदालतों का सहारा है जो अभी भी आम आदमी को आम आदमी मानती हैं ,उन्हें धर्म की नजर से नहीं देखतीं।

मेरी बात समझने के लिए आपको एक साथ अनेक खबरों को जोड़कर देखना होगा । पहली खबर डबल इंजन से चलने वाले उत्तर प्रदेश से बनती है । आपको पता है कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति है । यूपी की सरकार को अकबर के नाम से ही चिढ है । दुर्भाग्य से लखनऊ के कुकरैल नदी के किनारे बसी एक अवैध बस्ती का नाम अकबरनगर है। यहां 1068 से ज्यादा अवैध मकान और 50 से अधिक दुकानें बनी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस कुकरैल नदी पर रिवरफ्रंट बनाना चाहती है। जाहिर है कि इसके लिए अकबर नगर को नेस्तनाबूद करना जरूरी है। सरकार की उदारता के चलते अकबर नगर में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए सभी को 15 लाख रुपये की कीमत वाला मकान 4.80 लाख में दिया जा रहा है। लेकिन अकबर नगर वाले यहां से जाना नहीं चाहते। फिर भी लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अकबरनगर में 23 बुलडोजर लगाकर दो बड़े कॉम्प्लेक्स-शोरूम ढहा दिए।

इससे पहले अकबरनगर की अवैध बस्ती को गिराने की कार्रवाई दिसंबर महीने में हुई थी। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए बस्ती के लोगों को राहत दे दी थी। यहां लखनऊ के अकबर नगर में एलडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए से 4 मार्च तक कार्रवाई न करने को कहा है । सुप्रीम कोर्ट 4 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई करेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के कुछ ही देर बाद एलडीए ने अपनी कार्रवाई को शुरू कर दिया है ,अब यही यदि अकबर नगर न होकर रामकृष्ण नगर या दीनदयाल नगर होता तो बुलडोजर इनकी और देखते तक नहीं।

दूसरी खबर है उत्तर प्रदेश के ही हापुड़ में रहने वाले अब्दुल करीम टुंडा की। अब्दुल क्रीम एक जमाने में पिलखुवा में बढ़ई का काम करता था। मुंबई में 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा (81 वर्षीय) को गुरुवार, 29 फरवरी को अजमेर की विशेष टाडा अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामले के दो अन्य आरोपियों इरफान अहमद और हमीर-उल-उद्दीन उर्फ हमीदुद्दीन को टाडा कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। सीबीआई अब्दुल करीम टुंडा के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में विफल रही।

बंगाल के सन्देश खाली उत्पीड़न के खलनायक शाहजहां खान को भी फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ह। भाजपा पिछले कई दिनों से इसी शाहजहां खान की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति कर रही थी। हकीकत भी है और अफ़साना भी की शाहजहां हों या अकबर हमेशा भाजपा की राजनीति के स्थाई पात्र रहते हैं।

संयोग कहें या दुर्भाग्य की देवभूमि उत्तराखंड में जहाँ डबल इंजिन की सरकार है वहां भी हल्द्वानी हिंसा के आरोप अकबर और शाहजहां के भाई बंधु हैं। हल्द्वानी हिंसा के कथित सूत्रधार अब्दुल मलिक है। वहां सरकार सो रही थी और मलिक भाई नोटरी पर सरकारी जमीनें बेच रहे थे वो भी भाजपा नेताओं के संरक्षण में। लेकिन दुर्भाग्य से जब हिंसा भड़की तो अब्दुल मलिक को भाजपा के नेताओं ने अनाथ छोड़ दिया ,हालाँकि उनके साथ सरकारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने से होने वाले लाभ में सभी बराबर के हिस्सेदार रहे। उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी का मामला भी अकबर और शाहजहां के कुनबे से ही बाबस्ता है।

मुझे कभी -कभी लगता है कि हमारी एकनजर वाली सरकार अकबर और शाहजहां की 20 करोड़ आबादी का आखिर करेगी क्या ? सरकारी पार्टी ने अपने यहां तो विधानसभा हो या लोकसभा या राजयसभा इन लोगों को मौक़ा न देने का इरादा जाहिर कर ही दिया है। लगता है कि सरकार को इस 20 करोड़ की आबादी से अब कोई लेना-देना नहीं है। यदि होता तो एकनजर की सरकार जानबूझकर समान नागरिक संहिता लाने और स्पेशल मैरिज एक्ट को रद्द करने का उत्साह न दिखाती। यदि वाकई समदर्शी सरकार होती तो राम मंदिर जन्मभूमि विवाद सुलझने के बाद सरकार अयोध्या में जितना भव्य राम मंदिर बनाने में सक्रिय रही उतनी ही वहां नई मस्जिद बनवाने में भी सक्रिय भूमिका निभाती। लेकिन ये असम्भव था और है। सरकार को अकबरी वोट नहीं चाहिए । सरकार को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जितने नान अकबरी वोट चाहिए वो उसके पास हैं। उसका काम तो चल ही जाएगा।

मजे की बात देखिये कि दो दशक तक न्याय का इन्तजार करने के बाद बरी हुए टुंडा के मन में कोई नफरत नहीं है ,कोर्ट के फैसला आने के बाद अब्दुल करीम टुंडा ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा, कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है, कोर्ट की बहुत मेहरबानी. सच्चाईछुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से...। आपको बता दें कि पांच व 6 दिसंबर, 1993 को मुंबई से नई दिल्ली, नई दिल्ली से हावड़ा, हावड़ा से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, सूरत से बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस, हैदराबाद से नई दिल्ली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस ट्रेनों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे. इस आतंकी बम धमाकों में दो यात्रियों की मृत्यु हुई थी।

भाजपा के झांसे में आकर अकबर और शाहजहां के तमाम वंशज ,जैसे कांग्रेस के एक गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हो गए और उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली ,लेकिन अब न वे घर के हैं और न घाट के। भाजपा में जो शाहनवाज रह भी गए हैं वे मजबूरी में हैं। उनके जैसे कितने लोग हैं जिनका भाजपा में अब कोई नामलेवा नहीं हैं और जो हैं वे भी मजबूर है। यदि समर्थन नहीं करेंगे तो वे भी घर के न घाट के रह पायंगे। भाजपा इन सबसे घर और घाट छीन लेने पर आमादा है।

आने वाले दिनों में अकबरों और शाहजहानों से जुड़े ऐसे अनेक मामले सामने आएंगे । इन सब से देश का मान बढ़ेगा या घटेगा ये हम नहीं जानते ,लेकिन ये साफ़ है की हम जान-बूझकर उन लोगों को दण्डित कर रहे हैं जो न अकबर हैं ,न बाबर हैं और न शाहजहां है । यदि वे अपराधी हैं तो अपराधी तो हर समाज में है। चंद शाहजहानों या मलिकों की वजह से पूरी की पूरी 20 करोड़ की आबादी को तो अपराधी मानकर उनके साथ अपराधियों या दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता ? यदि आप समान नागरिक संहिता ला रहे हैं तो उन्हें विधानसभाओं,लोकसभा और राजयसभा में भेजने से इंकार क्यों कर रहें हैं मिया ! आम चुनावों में उतरने से पहले इन सवालों का जबाब देने की हिम्मत भी दिखाई जाना चाहिए की नहीं भाईओ-बहनो !

**- राकेश अचल**

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार अच्छा रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मजबूती के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चाँदी (9999) 71300, चाँदी (99) 71200, टंच 70600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 63900,

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। उठाव की सुस्तता से शुक्रवार को दलहनों में चना सुस्ती पर रहा। मूंग में बाजार मजबूत नज़र आये। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा, किन्तु बाजार मजबूत नज़र आये। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में व्यापार की मात्रा कम ही रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार उठाव की सुस्तता से शुक्रवार को दलहनों में चना बाजार मजबूती पर रहे। मूंग में भी टिकाव रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही देखा गया। किन्तु भावों में मजबूती नज़र आयी। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। उधर, किराना जिंसों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा, जिंसों की कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रही। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना** :- शक्कर 3760-3830, खोपरा गोला 115-125, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

**तेल** :- सींगदाना 1510-1530, मुम्बई 1530, राजकोट तेलिया 2400, सोया साल्वेंट 890-895, सोया रिफाइंड 935-938, कपास्या 905, धूलिया 910, कड़ी 910,

**रात की धारणा** :- गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 895, मुम्बई सोया 930,

**खली** :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1825, देवास-उज्जैन 1825, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2850 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** :- सरसो 5900-6000, रायडा 4100-4400, सोयाबीन 4350-4400, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** :- चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5750-5800, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5700-5725, एवरेज 5600-5650, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 8600-8700, तुअर महाराष्ट्र 10000-10100, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** :- चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 12800-12900, तुअर दाल फूल 13600-13700, तुअर दाल बोल्ड 14600-14700, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10700-10800, बोल्ड 10900-11000, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11100,

**अनाज** :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** :- इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

## सेंसेक्स 1000 अंक चढ़कर 73,000 के पार

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मार्च सीरीज की शुरुआत पर भारतीय शेयर बाजार की धमाकेदार शुरुआत हुई है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 400 अंक की बढ़त पर कारोबार कर रहा था जो अब लगभग 1000 अंक की बढ़त के साथ 73,500 के करीब कारोबार करता दिखाई दे रहा है। वहीं निफटी 22100 के लेवल पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील लगभग 2 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहे हैं। टाटा मोटर्स, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो और पावर ग्रिड अन्य टॉप गेनर्स हैं। दूसरी ओर, सन फार्मा 0.8 फीसदी फिसल गया। व्यापक बाजार में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.7 फीसदी बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप 1 फीसदी बढ़ा।

## आज का राशिफल



मेष आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं, जिससे उनके जीवन में खुशहाली रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप टीमवर्क के जरिए अपने कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित नहीं होना है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। किसी अजनबी पर भरोसा करना आपको नुकसान देगा।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए अपने डेली रूटीन को बनाए रखने के लिए रहेगा। आप उसमें बदलाव न करें और यदि आपने किसी अजनबी पर अधिक भरोसा किया, तो वह आपके उसे भरोसे को तोड़ सकता है। आपको खर्चो के साथ-साथ अपने बचत पर भी ध्यान देना होगा, तभी आप अपने भविष्य के लिए कुछ योजनाएं बना पाएंगे। नौकरी में कार्यरत लोग अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक मामले गति पकड़ेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए कार्य क्षमता में वृद्धि लेकर आएगा और आप अपने कारोबार में आगे बढ़ेंगे, लेकिन आपको अपने माता-पिता से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। आप अपनी आय और व्यय में बजट बनाकर चले, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। मित्रों का साथ और समर्थन बढ़ेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में आप कामयाब रहेंगे। आपको लोगों की भावनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। मेलजोल का दायरा भी बढ़ेगा। आपको एक के बाद एक सूचना सुनने को मिल सकती है। जन कल्याण के कार्य से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। मेलजोल का दायरा भी बढ़ेगा। आपको एक के बाद एक सूचना सुनने को मिल सकती है। जन कल्याण के कार्य से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कन्या राशि- आज आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। आपके यहां परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। सभी का सहयोग बना रहेगा। व्यक्तिगत मामलों में आप सावधान रहें और आपको कोई मूल्यवान वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको प्राप्त हो सकती है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। दीर्घकालीन योजनाएं गति पकड़ेगी और आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको आवश्यक कामों में तेजी दिखानी होगी और और आर्थिक मामलों में आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

वृश्चिक राशि- आज के दिन आपको किसी कानूनी मामले में सावधान रहना होगा, नहीं तो उसमें आपसे कोई गलती हो सकती है। आप किसी के प्रलोभन में ना आएं। आप अति उत्साहित होकर कोई काम ना करें, नहीं तो आपसे कोई गलती हो सकती है और किसी योजना में धन लगाने से पहले उसके नीति- नियमों पर पूरा ध्यान दें। यदि आपने जीवनसाथी से कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए रहेगा और कामों में तेजी आएगी। व्यावसायिक क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको शासन व प्रशासन के मामले में सावधान रहने की आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा और आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़े, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों की पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मकर राशि- आज का दिन आपकी पद प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। सामाजिक योजनाओं को बल मिलेगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है और आपकी पद पर प्रतिष्ठा बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में योग्यता अनुसार काम मिलने से आपकी प्रशंसा का ठिकाना नहीं मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पैतृक संपत्ति संबंधित मामलों में आपको जीत मिलेगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप सभी को जोड़कर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। निजी संबंधों में मधुरता आएगी। विभिन्न कार्यों में तेजी आएगी और आपको यदि कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो उसे आप तुरंत आगे ना बढाएं। आध्यात्मिक के कार्य की ओर अग्रसर रहेंगे। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य समस्याओं में लापरवाही दिखाने से बचना होगा, नहीं तो वह बाद में कोई बड़ी बीमारी बन सकती हैं। कामकाज को लेकर आप किसी से कोई बातचीत करें, तो उसमें स्पष्टता बनाए रखें और अपने आवश्यक कामों की सूची बनाकर आगे बढ़ेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

## शब्दजाल- 7466

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | सु | चे | ता | कृ | प | ला | नी | इ |
| न | सुं | क | ज | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | ध | आ | ज | य | ल | लि | ता | ह | प | उ |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | ह | इ | मा |
| ब | रा | ब | ड़ी | दे | वी | क | र | क | त्ते | भा |
| द | जे | कि | र | क | दा | का | को | ड | क | र |
| शी | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ती |
| ला | दे | श | शि | न | प | य | रा | घु | व | ला |
| दी | दि | ल | क | ले | दा | र | जा | या | वी | दे |
| क्षि | ज | ति | ला | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | ष | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में 'भारत की 10 महिला मुख्यमंत्रीयो के नाम' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

सुचेताकृपलानी, शशिकला, काकोडकर, मायावती, राबड़ी देवी, सुषमा स्वराज, शीलादीक्षित,उमाभारती,वसुंधराराजे,जयललिता

### शब्दजाल - 7465 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**02 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

**ग्रह स्थिति**

| | |
|---|---|
| सूर्य | कुंभ में |
| चंद्र | वृश्चिक में |
| मंगल | मकर में |
| बुध | कुंभ में |
| गुरु | मेष में |
| शुक्र | मकर में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**लग्नारंभ समय**

| | |
|---|---|
| मीन | 07.01 बजे से |
| मेष | 08.32 बजे से |
| वृष | 10.12 बजे से |
| मिथुन | 12.10 बजे से |
| कर्क | 14.23 बजे से |
| सिंह | 16.40 बजे से |
| कन्या | 18.51 बजे से |
| तुला | 21.02 बजे से |
| वृश्चिक | 23.17 ब.से |
| धनु | 01.33 बजे से |
| मकर | 03.38 बजे से |
| कुंभ | 05.24 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 62 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 07.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 14.42 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 18.06 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 07.54 बजे तदनन्तर विष्टि 20.25 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871906
**जूलियन दिन** 2460371.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान
**तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः पाप का कारण

राजा सत्यप्रिय एक धर्मपरायण शासक थे। एक दिन उनके मन में सवाल उठा कि आखिर क्या कारण है कि लोग पाप करने को विवश होते हैं? यह प्रश्न उन्होंने अपने गुरु से किया। गुरु मुस्कुरा कर बोले, 'राजन, इसका जवाब तुम्हें विद्यामती नामक एक युवती दे सकती है।' गुरु ने राजा को विद्यामती का पता बताया। राजा उन्हें प्रणाम कर उस युवती के पास पहुंचे। विद्यामती अति रूपवान एवं गुणवान थी। राजा ने उसे अपनी शंका बताई तो विद्यामती ने कहा, 'इसका जवाब पाने के लिए आपको कुछ दिन मेरे यहां अतिथि बनकर रहना होगा।' राजा बोले, 'मगर, मैं तो राजा हूं। यहां कैसे ठहर सकता हूं। मेरी प्रजा दिन-रात मुझे अपनी समस्याएं बताती रहती है ...।' राजा की बात बीच में काटकर विद्यामती बोली, 'पर प्रश्न का उत्तर आपको तभी मिल पाएगा।' यह सुन कर राजा वहां रुक गए और अपने राज्य में यह सूचना भिजवा दी कि वह एक अति आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए हैं। विद्यामती राजा की दिन-रात सेवा करती, उन्हें स्वादिष्ट भोजन खिलाती और उनसे ज्ञान-विज्ञान व वेदों आदि के बारे में बात भी करती। राजा विद्यामती पर मोहित हो गए और एक दिन उन्होंने प्रणय निवेदन कर डाला। इस पर विद्यामती बोली, 'बस महाराज, आज आपको आपका जवाब मिल गया। अब आप जा सकते हैं।' राजा ने हैरानी से कहा, 'यह मेरा उत्तर नहीं।' इस पर विद्यामती बोली, 'महाराज पाप की जड़ लोभ है जिसकी चपेट में आज आप भी आ ही गए। कहां पहले आप यहां रुकने तक को राजी नहीं थे और कहां आज आप मुझे अपनी रानी बनाने को तैयार हैं। यह लोभ ही तो है, जो मनुष्य को गलत मार्ग की तरफले जाता है और उसकी बुद्धि भ्रष्ट कर देता है।' विद्यामती का यह जवाब सुनकर राजा लज्जित होकर बोले, 'आप सत्य कह रही हैं। लोभ ही मनुष्य से गलतियां कराता है, जैसे आज मुझसे करा रहा था।' वह विद्यामती को नमस्कार कर लौट गए।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6410

**ऊपर से नीचे:-**

1. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-2
2. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-3
3. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-2
4. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-4
5. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-2
9. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-3
10. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-2,2
12. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-3
13. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-3
18. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-3
19. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका?-3
20. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-4
21. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-2
22. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-3
24. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-3
26. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-3
27. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-3
29. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-2

**बायें से दायें:-**

1. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-2,1,2
4. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-2,1,1
6. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-2
7. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-2
8. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-2
11. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-2
14. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-3
15. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-2
16. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-3
17. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-2
20. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-4,2
22. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-3
23. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-2
24. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-2
25. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-2
28. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-2
29. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-2,1,2
30. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-1
31. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-3

### फिल्म वर्ग पहेली- 6409

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6719

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | 3 | | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6718 का हल

## शब्द पहेली - 7934

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली - 7933 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

# 2024-25 में लक्ष्य से कम गेहूं खरीदेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 2024-25 रबी सीजन में गेहूं खरीद का लक्ष्य पिछले सीजन में गेहूं खरीद का लक्ष्य पिछले सीजन से घटा दिया है। सरकार ने 2024-25 रबी सीजन के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य तीन से 3.2 करोड़ टन तय किया है। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है। कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 जुलाई-जून में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। साल 2002 में सरकार ने 4.4 करोड़ टन और साल 2023 में लगभग साढ़े तीन करोड़ टन खरीद का लक्ष्य तक किया था। पिछले वर्ष में 2.62 करोड़ टन की वास्तविक खरीद हुई थी। एफसीआई के गोदामों में गेहूं का स्टॉक न्यूनतम स्तर पर है। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में राज्यों के खाद्य सचिवों की पिछले दिनों बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी सीजन 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज, बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। बैठक में केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के विविधीकरण और आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। सरकार ने 2023-24 के सत्र में 3.41 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 2.62 करोड़ टन गेहूं की खरीद की थी। 2022-23 में गेहूं की खरीद 4.44 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले केवल 1.88 करोड़ टन थी। उत्पादन में गिरावट के कारण खरीद कम रही थी। खाद्य सचिव ने हाल में कहा था कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसानों के आंदोलन से खरीद परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।2024-25 में लक्ष्य से कम गेहूं खरीदेगी केंद्र सरकार।

## घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा, डीजल पर घटा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया गया है लेकिन डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले कर को पहले की तरह शून्य रखा गया है। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो गई हैं। देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया गया था। इसके साथ ही भारत उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों को होने वाले असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद हुआ

## सेंसेक्स 1245 , निफ्टी 355 अंक ऊपर आया

मुम्बई। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी उछाल रहा। इससे बाजार अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के शानदार आर्थिक आंकड़े जारी होने के कारण आई है जिससे बाजार को बल मिला। आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। बाजार 100 अंक से अधिक की बढ़त के साथ ही 72,606.31 पर खुला और कारोबार के दौरान 73,819.21 अंक के शीर्ष स्तर पर पहुंचा।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई 1245.05 अंक करीब 1.72 फीसदी बढ़कर 73,745 पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तीस कंपनियों में से 26 के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 355.95 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी बढ़कर 22,338.75 अंक के सर्वोच्च स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 6.46 फीसदी ऊपर आया जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में 4.46 फीसदी की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर बाजार के सकारात्मक रुख के बाद भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट रही।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शानदार बढ़त दर्ज की गयी। आंकड़ों के अनुसार, 2023 के अंतिम तीन महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी ऊपर आयी है। जो डेढ़ साल में सबसे तेज़ गति है। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में देश की जीडीपी 8.4 फीसदी की तेज रफ्तार के साथ ऊपर आयी है। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मार्च सीरीज की शुरुआत पर भारतीय बाजार की तेज शुरुआत हुई है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 400 अंक की बढ़त पर कारोबार कर रहा था। व्यापक बाजार में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.7 फीसदी बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप 1 फीसदी बढ़ा। भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी में उम्मीद से अधिक 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस शनिवार बाजार में कारोबार होगा। एक्सचेंजों ने जानकारी दी है कि डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्राडे स्विच-ओवर के लिए ये खास सेशन रखा गया है। कल 2 मार्च को शेयर बाजार का पहला सेशन सुबह 9.15 से 10 बजे तक होगा। दूसरा सेशन 11.30 से 12.30 बजे तक होगा।

### मुख्यमंत्री यादव ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित की 1576 करोड़ की राशि कहा -

# समय के बदलते चक्र में वैदिक घड़ी से दुनिया में मप्र और देश का नाम बढ़ेगा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समय के बदलते चक्र में उज्जैन में स्थापित दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्यप्रदेश एवं देश का नाम दुनिया में बढ़ायेगी। अब भारत का समय दुनिया में जाना जायेगा। राज्य सरकार सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित साहित्य का सृजन करने का प्रयास भी कर रही है। सम्राट विक्रमादित्य पर हमें सदैव गर्व रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कालिदास अकादमी उज्जैन में संस्कृति विभाग स्वराज संस्थान एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विक्रमोत्सव-2024 का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1576 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 2.85 लाख लाड़ली योजना की बालिकाओं के खाते में 85 करोड़ रुपये की राशि भी अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ विक्रम पंचांग का भी विमोचन किया।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन अतिथियों के साथ मां सरस्वती एवं सम्राट विक्रमादित्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी, सांसद श्री अनिल फिरोजिया और विधायक सर्वश्री अनिल जैन कालुहेड़ा, सतीश मालवीय, चिंतामण मालवीय तथा महापौर श्री मुकेश टटवाल मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सभ्यता को सर्वत्र पहचाना गया है। नागरिक तंत्र स्थापना के प्रथम पुरूष के रूप में सम्राट विक्रमादित्य जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव सरकार द्वारा समाज को साथ लेकर चलने वाला उत्सव है। उज्जैन काल गणना की नगरी है। साथ ही महाकाल की नगरी भी उज्जयिनी है। हम सनातन संस्कृति के संवाहक हैं। सनातन संस्कृति पर हमें गर्व है। महाकवि कालिदास ने अपने ग्रंथ और काव्यों के माध्यम से उज्जैन की गौरवगाथा का वर्णन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर अर्श भारत, वीर भारत, संकल्प न्यास और मण्डला, डिंडोरी, जबलपुर, सतना, जिलों के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित पुस्तकों, रामराजा शीर्षक से प्रकाशित पुस्तकों और ओरछा के रामराजा पर केन्द्रित सीडी का विमोचन भी किया। केन्द्रीय नागरिक उडड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उज्जैन प्राचीन नगरी है। उज्जैन मध्यप्रदेश ही नहीं समूचे विश्व की एक प्राचीन धरोहर है। यह गौरव की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन ही नहीं पूरे प्रदेश का विकास करने का कार्य कर रहे हैं । उज्जैन को धार्मिक, आध्यात्मिक केन्द्र ही नहीं व्यापार, व्यवसाय एवं प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने का प्रयास भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उज्जैन के विकास में सिंधिया परिवार के योगदान उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि महाराजा राणोजी सिंधिया द्वारा महाकाल मंदिर निर्माण करवाया गया था और माधव महाराज द्वितीय ने माधवगंज में फ्री-ट्रेड फेयर की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि उज्जैन में अपार संभावनाएं हैं। उज्जैन व्यापार मेले की शुरूआत प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में कृषि के साथ ही फार्मा इंडस्ट्री, टेक्सटाइल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि इन्दौर के बाद उज्जैन भी आने वाले समय में मिनी बाम्बे के रूप में पहचाना जायेगा।

नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, पूर्व मंत्री पारस जैन, पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, विवेक जोशी, श्री बहादुर सिंह बोरमुण्डला, जगदीश अग्रवाल सहित जन-प्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, संभागायुक्त डॉ. संजय गोयल उपस्थित थे।

## संजय दुबे बनेंगे अपर मुख्य सचिव

भोपाल। अपर मुख्य सचिव कल्पना श्रीवास्तव गुरुवार को सेवानिवृत हो गई हैं। अब अपर मुख्य सचिव के पद पर 1993 बैच के अधिकारी पदोन्नति होंगे। वरिष्ठता क्रम में संजय दुबे को यह मौका मिलेगा। वर्तमान में अपर मुख्य सचिव का कोई पद रिक्त नहीं है। जिसके कारण संजय दुबे को अभी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है, संजय बंधोपाध्याय की केंद्रीय प्रति नियुक्ति से वापसी के बाद, अपर मुख्य सचिव का कोई पद रिक्त नहीं है। पद रिक्त होने के बाद ही पदोन्नति हो सकती है। मुख्य सचिव वीरा राणा को 21 मार्च को सेवानिवृत्ति होना है। यदि उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया, तो जून माह के बाद ही पदोन्नति के आसार बनेंगे।

### शालिगराम बघेल बने नए ईएनसी

भोपाल। राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता(भवन) शालिगराम बघेल को बनाया है। अभी तक इस पद पर जीपी मेहरा पदस्थ थे। जीपी मेहरा गुरुवार को सेवानिवृत हो गए हैं। उनके स्थान पर अब शालिगराम बघेल को नया ईएनसी बनाया गया है। 12 फरवरी को उन्हें प्रभारी प्रमुख अभियंता बनाया गया था।

## सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

भोपाल। जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल http:icmis.mp.gov.in पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं।

पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुएल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा।

विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम 45 दिवस के भीतर आवेदन पर कार्यवाही की जायेगी। कुछ कमियां होने पर पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। जिसकी सूचना एसएमएस से दी जायेगी। पंजीयन पोर्टल पर आवेदन मान्य होने पर पोर्टल से ही पंजीयन प्रमाण-पत्र जनरेट होगा जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर रहेंगे।

# विद्यार्थी उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना का लाभ प्राप्त करें

भोपाल। निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना का लाभ ले सकते हैं। निम्न आय वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती है क्योंकि बैंकों द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक ऋण प्राप्त करने पर कोलेट्रल सिक्युरिटी मांगी जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक व्दारा जारी निर्देश अनुसार वर्तमान में उच्च शिक्षा के लिए बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 4 लाख रूपये तक के ऋण के लिए किसी प्रकार की कोलेट्रल सिक्युरिटी की आवश्यकता नहीं होती। इससे अधिक राशि के ऋण के लिए बैंक द्वारा कोलेट्रल सिक्युरिटी लिये जाने का प्रावधान है। निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों के परिवार द्वारा उनके पास भूमि, भवन आदि नहीं होने से कोलेट्रल सिक्युरिटी दी जाना संभव नहीं होता है। ऐसे गरीब मेघावी विद्यार्थी, जिन्हें उच्च शिक्षा के लिए ऋण की आवश्यकता है, उन्हें उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना से राज्य सरकार की गारंटी पर बैंकों से शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है। योजना का नोडल विभाग संस्थागत वित्त है।

योजना का क्रियान्वयन तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आयुष एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाता है। योजना में विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा के लिये ऋण प्राप्त करने के लिए शासन के तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आयुष एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उनसे संबंधित अधिसूचित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए गारंटी दी जात है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 200 विद्यार्थियों के प्रकरणों के लिए गारंटी दी जा सकेगी। विभाग-वार विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के लिए दी जाने वाली गारंटी की संख्या का निर्धारण वित्त विभाग व्दारा किया गया है। इसमें विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण भी सम्मिलित रहेंगे, परंतु ऐसे विद्यार्थियों की संख्या विभाग के लिए निर्धारित संख्या की कुल संख्या के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। उच्च शिक्षा के लिए गारंटी योजना में ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 5 लाख रूपये से अधिक न हो। विद्यार्थी को बैंक से ऋण के लिये आवेदन संबंधित बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप में नियमानुसार करना होगा। साथ ही कालेट्रल सिक्युरिटी के लिए शासकीय प्रत्याभूमि जारी करने के लिए निर्धारित प्रारूप में दस्तावेजों के साथ पृथक आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेंगे। विद्यार्थी बैंक के माध्यम से भी संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकते है।

उच्च शिक्षा ऋण के लिए गारंटी योजना में विद्यार्थियों के चयन के लिए योजना का क्रियान्वयन करने वाले विभागों में छानबीन समिति गठित की गई है। समिति की अध्यक्षता संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव/सचिव करेंगें तथा संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष, संचालक, संस्थागत वित्त एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति अथवा उनके प्रतिनिधि इस समिति के सदस्य होंगें। छानबीन समिति विद्यार्थी द्वारा चयनित पाठ्यक्रम की गुणवत्ता शिक्षण संस्थान की मान्यता, विद्यार्थी के पालक की आर्थिक स्थिति पाठ्यक्रम में विद्यार्थी के चयन की प्रक्रिया, विद्यार्थी द्वारा बैंक से लिये गये ऋण की वापसी की संभावना का मूल्यांकन आदि के आधार पर योजना के लिए विद्यार्थी का चयन करेगी।

## कम्युनिकेशन कंपनी पर ईड़ी और सीसीई का छापा

### करोड़ों रुपए की गड़बड़ी, जासूसी उपकरणों का भी शक

भोपाल। केंद्रीय प्रवतन निदेशालय(ईड़ी) और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की टीम ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई स्थानों पर छापे मारे हैं भारती कम्युनिकेशन के संचालक के आवास और व्यापारिक ठिकानों पर छापे डाले गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारती कम्युनिकेशन के संचालक गुरवेश कुमार द्वारा मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कई विभागों में वायरलेस सेट,जीपीएस सहित अन्य संचार माध्यमों के उपकरणों की सप्लाई की गई है। इस कंपनी द्वारा केंद्र सरकार के कई विभागों, रेलवे और पुलिस को वायरलेस सेट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सप्लाई किए हैं। करोड़ों रुपए की सप्लाई में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी की गई है। इसके साथ कंपनी द्वारा चीन के सॉफ्टवेयर का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया है। जिसके कारण जासूसी होने का भी शक जांच एजेंसियों को है। देश की सुरक्षा के लिए इसे खतरा बताया जा रहा है। जिस तरह से छापेमारी की गई है। उसमे भारी पुलिस बलों को तैनात किया गया है। उससे लगता है, कि आने वाले समय में कई अन्य जांच एजेंसियां भी इस कंपनी द्वारा सप्लाई किए गए उपकरणों और सॉफ्टवेयर की जांच कर सकती हैं। इस छापेमारी के लिए कई अधिकारी दिल्ली से सीधे छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के भोपाल पहुंचे थे। इस टीम में तकनीकी टीम भी मौजूद थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कंपनी के संचालक ने बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियां की है। इसके साथ ही चीन के उपकरण और सॉफ्टवेयर का उपयोग भी गलत तरीके से किया गया है। इसकी जानकारी संबंधित विभागों को नहीं दी गई थी। जिसके कारण छापे की कार्रवाई हुई है।

### कैलाश मकवाना को मिले 10 में से 10 नंबर

भोपाल। आईपीएस अधिकारी कैलाश मकवाना की सीआर में संशोधन हो गया है। मुख्यमंत्री ने सुनवाई करने के बाद उन्हें 10 में से 10 नंबर दिए हैं। लोकायुक्त संगठन में जब वह पदस्थ थे। लोकायुक्त संगठन में उनकी सीआर को खराब कर दिया गया था। इसकी अपील उन्होंने मुख्यमंत्री के यहां की थी। पूरी सर्विस के दौरान कैलाश मकवाना की सीआर ए प्लस रही है। मकवाना को अब जाकर राहत मिली है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक पद के लिए अब जो पैनल तैयार होगा। उसमें प्रमुख दावेदार के रूप में कैलाश मकवाना भी शामिल होंगे। उनकी एक ईमानदार पुलिस अफसर की छवि हमेशा रही है। उल्लेखनीय है नवंबर माह में वर्तमान पुलिस महानिरीक्षक सुधीर सक्सेना सेवानिवृत्ति होंगे।

## महादेव सट्टा एप के मुख्य प्रमोटर गिरीश तलरेजा को ईडी भोपाल की टीम ने किया गिरफ्तार

भोपाल। भोपाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एक और मुख्य आरोपी गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि तलरेजा के ठिकानों पर बीते समय भी छापा मारा गया था। सूत्रो के अनुसार बीती रात ईडी की टीम ने गिरीश तलरेजा को भोपाल स्थित उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया है। गिरीश तलरेजा महावेद सट्टा एप के मुख्य प्रमोटर्स में शामिल है। गौरतलब है कि जब ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महादेव सट्टा एप को लेकर कार्रवाई शुरू करते हुए शुभम सोनी को गिरफ्तार किया था। उसके बाद खुलासा हुआ कि रायपुर में रहने वाला शुभम सोनी और भोपाल निवासी प्रदीप तलरेजा और रतनलाल जैन के बीच करोड़ों की रकम का लेनदेन हुआ है। आगे की पड़ताल में सामने आया कि प्रदीप तलरेजा भी महादेव सट्टा एप का प्रमोटर है। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर ईडी ने आगे की जांच शुरू की। बीती रात इंटेलीजेंस की सूचना के बाद ईडी की टीम ने गिरीश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के सूचना मिलने पर ईडी रायपुर की टीम उसे अपनी कस्टडी में लेने के लिये जल्दी ही भोपाल आने वाली है।

इसके साथ ही टीम भोपाल के फरार अन्य आरोपी रतनलाल जैन की भी तलाश कर रही है जो अभी फरार है। सूत्रो के अनुसार गिरीश तलरेजा सट्टा किंग के नाम से जाना जाता है, करीब 5 साल पहले उसे कोलार से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद साल 2019 में वह मुंबई से दुबई जाने की फिराक में था, लेकिन तब सीआईएसएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसे साल 2019 में भी भोपाल पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर लिया था। कोर्ट से जमानत पर बाहर आने के बार गिरिश महादेव ऐप से जुड़ गया, उसे मनी लॉन्ड्रिंग और करोड़ों रुपए के हेर फेर के मामले में आरोपी बनाया गया है।

## सरकारी स्कूलों में गणवेश प्रदाय करने के संबंध में निर्देश

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को गणवेश उपलब्ध कराने के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखा है। प्रदेश के 22 जिलों में गणवेश वितरण की कार्यवाही राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा की जा रही है। स्व-सहायता समूहों को 15 मार्च, 2024 तक निःशुल्क गणवेश उपलब्ध कराये जाने के निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दिये गये है।

प्रदेश के 30 जिलों में कक्षा 1 से 8 तक के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गणवेश की राशि विद्यार्थियों के खातों में जमा कराई जायेगी। प्रदेश के सीएम राईज स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश विद्यालय द्वारा प्रदाय किये जायेंगे। इन जिलों में विद्यार्थियों के बैंक खाते में गणवेश की राशि 600 रूपये प्रतिदर से प्रदाय की जायेगी।

### शिक्षा पोर्टल में मॉड्यूल तैयार

सरकारी स्कूलों में गणवेश का वितरण सुव्यवस्थित तरीके से हो सके, इसके लिये शिक्षा पोर्टल में गणवेश वितरण प्रबंधन मॉड्यूल तैयार किया गया है। शासकीय शालावार छात्रों की सत्यापित सूची विकासखंड स्तर पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग
मध्य प्रदेश शासन

### निःशुल्क प्रवेश ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में सत्र 2024-25 में निःशुल्क प्रवेश ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन के बाद आवेदन की पावती और मूल दस्तावेज लेकर चयनित जनशिक्षा केन्द्र पर 5 मार्च, 2024 तक सत्यापन कराने के लिये कहा गया है। नियत तारीख के बाद सत्यापन न होने की दशा में आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज मुरैना से प्रारंभ होगी

### रोड शो के साथ कई सभाओं को भी संबोधित करेंगे

भोपाल। अभा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज2 मार्च को धौलपुर (राजस्थान) सीमा से दोपहर 1.30 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज 2 मार्च को दोपहर 1.30 बजे मध्यप्रदेश के मुरैना में प्रवेश करेगी। कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष योगेश यादव के नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित पार्टी के अन्य नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में पार्टी ध्वज को सलामी देकर उत्तरप्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को ध्वज सौंपाने का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे जे.बी. ढाबा, पिपरई (देवपुरी ढाबा) में किया जायेगा। न्याय यात्रा के 2 मार्च के प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मप्र प्रभारी शिव भाटिया, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह हैं।

श्री मिश्रा ने बताया कि यात्रा दोपहर 2.30 बजे अंडर ब्रिज के पास मुरैना में रोड शो होगा,जहां गांधी का भव्य स्वागत भी किया जायेगा। तत्पश्चात शाम 5 बजे ग्वालियर शहर में यात्रा का स्वागत और ग्वालियर में ही चार शहर नाका से हजीरा चौक तक रोड शो होगा, तत्पश्चात राहुल गांधी का संबोधन होगा। यात्रा का रात्रि विश्राम गोल्डन लोटस गार्डन में होगा।



श्री मिश्रा ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से सेवादल के अध्यक्ष, प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा समन्वय समीतियां, सभी पार्षदगण, पंचायत प्रतिनिधियों आदि सहित अन्य प्रतिनिधिगण भी यात्रा से जुड़ेंगे।

## पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

भोपाल। पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का 83 वर्ष की उम्र में शुक्रवार सुबह निधन हो गया। पिछले कुछ समय से डॉ कुरैशी बीमार चल रहे थे। इलाज के लिए उन्हें राजधानी भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अजीज कुरैशी का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से परिवार के साथ ही सियासी गलियारे में शोक की लहर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। सन् 1973 में श्री कुरैशी मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भी रहे और 1984 में सतना निर्वाचन क्षेत्र से वह लोकसभा चुनाव जीते थे। डॉ कुरैशी को 24 जनवरी, 2020 को मप्र उर्दू अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पूर्व राज्यपाल डॉ कुरैशी के निधन की सुचना दे रहे उनके भतीजे सूफियान अली ने बताया कि वो पहली दफा 1972 में सीहोर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे और उसके बाद 1984 में लोकसभा सदस्य चुने गए। उन्होंने बताया कि डॉ कुरैशी की नमाजे जनाजा कोहेफिजा स्थित सूफिया मस्जिद में बाद नमाज इशा 8:30 बजे अदा की जाएगी और बड़ा बाग कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है।

## मध्यप्रदेश को अब एक स्वतंत्र, प्रभावी, परिणामदायक और पूर्णकालिक गृहमंत्री की आवश्यकता- जीतू पटवारी

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज जारी बयान मे कहा कि इंदौर से एक बार फिर चिंता बढ़ाने वाली खबर आई है, फिल्मी स्टाइल में पलक झपकते ही 5 लाख रुपए लूट लिए गए, घटना चिंतित करती है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था कहां जा रही है।

श्री पटवारी ने कहा कि पेट्रोल भरवाने के लिए पीड़ित सुनील शर्मा ने डिक्की खोली ही थी कि बाइक सवार दो लुटेरे आए और बैग लेकर भाग गए, गुरुवार रात तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं था, 04 दिन पहले ही इंदौर पुलिस ने कथित मेगा गुंडा अभियान के तहत फ्लैग मार्च किया था, क्योंकि यह कहा जाने लगा था कि स्वच्छता में तो इंदौर नंबर वन है ही, लेकिन चोरी/डकैती में कहीं नंबर वन न बन



जाए इसी को देखते हुए पुलिस के तमाम अधिकारी मैदान में उतरे और रात 11:00 से सुबह 5:00 बजे तक विशेष अभियान चलाया गया, लेकिन अब लग रहा है कि अपराधियों के हौसले ज्यादा बुलंद हैं! श्री पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक राजधानी गहरी और गंभीर चिंता में डूब रही है, बेलगाम हो चुके अपराध अब रोजाना ही सुरक्षा व्यवस्था के दावों को धूल चटा रहे हैं, लोग बेवजह परेशान हो रहे हैं, लेकिन सरकार बेपरवाह है। जनता की चिंता इसलिए ज्यादा बढ़ती जा रही है। क्योंकि इंदौर की तरह ही मध्य प्रदेश के कई गांवों , शहरों में कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है, लेकिन सरकार बेपरवाह है।

श्री पटवारी ने याद दिलाया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री जी को लिखे पत्र में भी मैंने कई घटनाओं के साथ, संभावित समाधान पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था, लेकिन सरकार बेपरवाह है।

श्री पटवारी ने दोहराया कि मध्यप्रदेश को अब एक स्वतंत्र, प्रभावी, परिणामदायक और पूर्णकालिक गृहमंत्री की आवश्यकता है, एक ऐसा व्यक्ति जो जिम्मेदार होने के साथ, जवाबदेह भी हो।

## जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

भोपाल। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया सरल

भोपाल। आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस , नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। एक अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म-1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है।

# ईशान और अय्यर को बीसीसीआई अनुबंध से बाहर करने पर कीर्ति आजाद ने उठाये सवाल

## रोहित, विराट सहित सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना हो अनिवार्य

नई दिल्ली। युवा विकेटकीपर ईशान किशन और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का सालाना अनुबंध नहीं दिये जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान के बाद अब पूर्व बल्लेबाज कीर्ति आजाद ने भी बीसीसीआई के इस फैसले पर सवाल उठाये हैं। आजाद का कहना है कि केवल दो खिलाड़ियों को ही सजा क्यों मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहना चाहिये। आजाद ने कहा कि रोहित और विराट सहित पूरी टीम पर घरेलू क्रिकेट खेलने का नियम लागू होनी चाहिए।

इससे पहले ईशान और अय्यर को बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के




कारण केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। इसी को लेकर आजाद ने कहा ,'यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है पर हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलनी चाहिए क्योंकि पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है.। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी क्रिकेट खेलना चाहिए। फिर चाहे वह रोहित हो या विराट। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया जिससे आप देश के लिये खेल सके।'



आजाद ने कहा है कि केवल ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को सजा देना सही नहीं है। आजाद,' केवल दो को सजा देना सही नहीं मानते है। उन्होंने कहा कि हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के स्टार क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में खेलने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि घरेलू क्रिकेट में खेलने से उनका समय बेकार होगा। रणजी ट्रॉफी में उन्हें खेलना अच्छा नहीं लगता हालांकि अब बीसीसीआई ने अब इसपर सख्त कदम उठाया है और कहा है कि जो भी खिलाड़ी यदि राष्ट्रीय टीम से बाहर है और फिट है उसे घरेलू क्रिकेट में खेलना होगा। इससे पहले पठान ने कहा था कि नियम सभी पर लागू होना चाहिये पर ऑलराउंड हार्दिक पंड्या घरेलू क्रिकेट से बाहर हैं लेकिन उनपर कार्रवाई नहीं होती।

# शैफाली के अर्धशतक से महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली ने आरसीबी को हराया

बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स ने यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यू पीएल) मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 25 रनों से हराया। इस मैच में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दिल्ली की ओर से शैफाली वर्मा ने अर्धशतक लगाकर जबकि एलिसा केप्सी ने भी 46 रन बनाये। शैफाली ने 50 रन बनाये। इसके बाद बीच के ओवरों में मैरिजाना कैप ने 32 और जीस जोनोसेन ने 36 रन बनाकर अपनी टीम को स्कोर 194 रन तक पहुंचाया। इसके बाद 195 रनों के लक्ष्य का पीछा कतरे हुए आरसीबी को मंधाना ने 43 गेंदों पर 74 रन बनाकर अच्छी शुरूआत दी पर अंतिम ओवरों में आरसीबी ने 9 गेंदों पर 5 विकेट खो दिये जिससे उसे इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने पहले पावरप्ले में दिल्ली को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। ओपनर मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा के लिए रन बनाना कठिन रहा। पावरप्ले के बाद शैफाली ने तेज से आक्रमण शुरु कर दिया। शैफाली ने जहां 31 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जबकि एलिसा कैप्सी ने 33 गेंदों पर 4 चौके और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। मध्यक्रम में मेरिजाना कैप ने 16 गेंदों पर 3 छक्कों के साथ 32 तो जेस जोनासेन ने 16 गेंदों पर 36 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचा दिया। अरुधंति ने भी 4 गेंदों पर 10 रन बनाए।


# पीएसल में रुदरफोर्ड की आक्रामक बल्लेबाजी से क्वेटा ग्लेडिएटर्स जीती

कराची। पाकिस्तान प्रीमियर लीग क्रिकेट (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के शेरफेन रुदरफोर्ड ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिलायी। पीएसएल के इस मुकाबले में क्वेटा ने रुदरफोर्ड की शानदार पारी की सहायता से अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इस मैच में कराची ने इससे पहले खेलते हुए जेम्स विंस के 37, मोहम्मद नवाज के 28 और अनवर अली के 25 रन से 165 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वेटा को जेसन रॉय 52 और सऊद शकील 24 की अच्छी शुरूआत हुई। इसके बाद शेरफेन रुदरफोर्ड ने 31 गेंदों पर एक चौके और 6 छक्कों की सहायता से 58 रन बनाकर टीम को पांच विकेट रहते जीत दिला दी।

वहीं इससे पहले कराची की शुरुआत खराब रही। कप्तान शान मसूद पहले ही ओवर में 2 रन बनाकर आऊट हो गए थे जबकि सीफर्ट 21 रनों का योगदान ही दे पायें। जेम्स विंस ने 37 रन बनाए। इसके अलावा शोएब मलिक ने 12 जबकि मोहम्मद नवाज ने 28 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 10 गेंदों पर 13 और इरफान खान ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए। अंत में अनवर अली ने 14 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर स्कोर 165 पर पहुंचा दिया। वहीं क्वेटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अकिल हुसेन ने 34 रन देकर दो विकेट लिए।

# बीसीसीआई अनुबंध में पंड्या को ए जबकि कुलदीप को बी ग्रेड दिये जाने पर उठे सवाल

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सालाना केन्द्रीय अनुबंध में हार्दिक पंड्या को एक ग्रेड जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को बी ग्रेड अनुबंध दिये जाने पर सवाल उठ रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर बीसीसीआई की आलोचना की है। लोगों का कहना है कि हार्दिक पंड्या केवल एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट खेलते हैं इसके बाद भी उन्हें ए ग्रेड दिया गया है जबकि कुलदीप को तीनों प्रारुपों में खेलने के बाद भी बी ग्रेड में रखा गया है।




बीसीसीआई के ग्रेड एक में साल में पांच करोड जबकि बी में तीन करोड़ की रकम खिलाड़ियों को मिलती है। ऐसे में कुलदीप को ग्रेड बी में होने के कारण सालाना 3 करोड़ रुपये जबकि पंड्या को 5 करोड़ रुपये मिलेंगे। लोगों का कहना है कि पंड्या ने लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। माना जाता है कि पंड्या ने टीम प्रबंधन को बता दिया है कि उनकी फिटनेस टेस्ट खेलने की नहीं है, इस कारण वह केवल एकदिवसीय और टी20 टीम में रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कुलदीप इस समय भारत के एकमात्र चाइनमैन स्पिनर हैं, जो तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं। कुलदीप इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेल रहे हैं। वह एकदिवसीय और टी20 टीम में भी खेलते हैं।

कुलदीप ने पिछले एक साल में भारतीय टीम की ओर से 43 मैच खेले हैं। इसमें 30 एकदिवसीय , 10 टी20 और 3 टेस्ट मैच शामिल हैं। दूसरी ओर हार्दिक ने कुल 31 मैच खेले, जिनमें 20 एकदिवसीय और 11 टी20 मुकाबले शामिल हैं। करियर की शुरुआत से अब तक कुलदीप ने 103 एकदिवसीय, 35 टी20 और 11 टेस्ट मैच खेले हैं जबकि हार्दिक ने कुल 189 मैच खेले हैं। इनमें 11 टेस्ट, 86 एकदिवसीय और 92 टी20 मैच शामिल हैं।

# अब तक मुरलीधरन और वार्न के नाम ही हैं इतने विकेट

मुम्बई। इंग्लैंड के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन धर्मशाल में सात मार्च से भारतीय टीम के खिलाफ शुरु होने रहे पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। दो दशक से खेल रहे 41 साल के एंडरसन ने अबतक 698 विकेट लिए हैं और अपने 700 टेस्ट विकेट के लिए उन्हें केवल दो विकेट चाहिये। इससे वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले विश्व के पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम ही 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन के पास धर्मशाला में होने वाले पांचवे टेस्ट में अपने 700 विकेट का आंकड़ा पूरा करने का अवसर है।

एंडरसन ने भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैंने रिवर्स स्विंग करने के तरीके जहीर की गेंदबाजी देखकर ही सीखे थे।




एंडरसन ने कहा, 'मैंने जहीर को काफी खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया है। जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला उस समय एंडरसन शीर्ष स्तर पर थे। एंडरसन वर्तमान दौर के भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह से काफी प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के शानदार प्रदर्शन को लेकर एंडरसन ने कहा, 'उसके स्तर के किसी व्यक्ति से आप इस तरह के मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका काफी अच्छी तरह फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है।

उन्होंने कहा, 'उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हम उसके इस तरह के प्रदर्शन से हैरान नहीं हैं। इंग्लैंड के इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा, 'बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज काफी अच्छे गेंदबाज हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आप इशांत शर्मा को भी इस श्रेणी में डाल सकते हैं और यह काफी मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है।

# भारत की अदिति एचएसबीसी महिला गोल्फ में संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंची

सिंगापुर। भारत की अदिति अशोक एचएसबीसी महिला गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रुप से 23वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। विश्व में 40 वहीं वरीयत प्राप्त अदिति ने एलपीजीए एशियाई चरण की इस दूसरी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में पार 72 के स्कोर बनाया। अदिति ने 18 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में 5 बर्डी की पर इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। अदिति गत सप्ताह ही होंडा एलपीजीए थाईलैंड में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थी। वहीं अमेरिका की सारा स्मेलजेल 4 अंडर 68 के स्कोर के साथ ही शीर्ष पर चल रही हैं। उन्होंने पांच बर्डी और एक बोगी की। वहीं न्यूजीलैंड ओपन में खेल रहे एकमात्र भारतीय पुरुष गोल्फर ज्योति रंधावा ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले दौर में 2 अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त 51 वां स्थान हासिल किया।

# आईपीएल और टी20 विश्वकप के लिए अभ्यास कर रहे दीपक चाहर

मुंबई। युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर अब आईपीएल के 17 वें संस्करण के साथ ही इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभ्यास कर रहे हैं। चाहर पिछले कुछ समय में पारिवारिक परेशानियों के कारण खेल से दूर थे। वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका और इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से भी बाहर रहे थे।

चाहर ने कहा कि उन्हें पिछले कुछ समय के दौरान फिटनेस और वर्कआउट के अलावा ट्रेनिंग का ज्यादा समय नहीं मिला। इसलिए वह तैयारी के लिए राष्ट्रीय किकेट अकादम (एनसीए) गये। जिससे कि आईपीएल और टी20 विश्व कप के लिए वह पूरी तरह से फट हों।

उन्होंने कहा, 'मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं हालांकि अब पूरी तरह फिट हूं। बाकि सब भी ठीक है और इसलिए मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए भी अभ्यास शुरु कर दिया है। चाहर ने कहा, 'मैं चोटों के कारण पिछले दो टी20 विश्व




कप में नहीं खेल पाया। साथ ही कहा कि अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता क्योंकि किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।

चाहर ने कहा कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने उनके करियर को निखारने और इसे लंबा करने में अहम भूमिका निभाई है। कप्तान का ही हाथ है। इसलिए वह चाहते हैं कि धोनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के अभी कप्तान बने रहें। उन्होंने कहा कि धोनी को अभी दो से तीन साल खेलना चाहिये। धोनी पिछले एक साल से घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। चाहर का कहना है कि उन्हें अपने करियर के इस पड़ाव पर चेन्नई सुपरकिंग्स की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचना चाहिए और अपने खेल का आनंद उठाना चाहिए।

# सूर्यकुमार और जहीर अनंत-राधिका प्री-वेडिंग सेरेमनी में शामिल होने पहुंचे

जामनगर। क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव और जहीर खान भी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की तीन दिनों तक चलने वाली प्री-वेडिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए यहां पहुंचें हैं। अनंत और राधिका की शादी जुलाई में होने वाली है पर इससे पहले दोनो की प्री वेडिंग सेरेमनी के लिए दुनिया भर सितारे पहुंच रहे हैं।

भारतीय टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार इन दिनों चोटिल होने की वजह से टीम से बाहर चल रहे हैं। सूर्यकुमार नीता अंबानी के मालिकाना अधिकार वाली इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाईजी टीम मुंबई इंडियंस से खेलते हैं। सूर्यकुमार के अलावा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान भी इसी टीम से खेलते हैं।

# लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 में नामीबिया को हराया

कीर्तिपुर। माइकल लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 मुकाबले में नामीबिया को 57 रनों से हरा दिया। लेविट ने 62 गेंदों पर 135 रन बनाये। इस मैच में नामीबियाई बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने 33 गेंदों पर शतक लगाया था जिसका जवाब लेविट ने 49 गेंदों पर शतक लगाकर दिया। इससे डीच टीम ने 247 रन बनाये। इसके बाद नामीबिया की टीम ये लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी और 20 ओवरों में 188 रन रनों पर ही सिमट गयी। इस प्रकार उसे मुकाबले में 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा।



इस मैच में डच टीम नीदरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। तीसरी ही ओवर में मैक्स 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये पर इसके बाद माइकल लेविट और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने स्कोर 208 तक पहुंचाया। दोनों ने करीब 15 ओवरों में 190 से ज्यादा रन बनाए। एंगेलब्रेक्ट ने जहां 40 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाए तो वहीं, माइकल लेविट 62 गेंदों पर 10 छक्कों की मदद से 135 रन बनायेहे। इसके बाद तेजा निदामानुरु ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए वहीं नामीबिया की ओर से ट्रम्पेलमैन ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि बेन शिकोंगो ने 28 रन देकर 1 तो जेन फ्राईलिंक ने 57 रन देकर एक विकेट लिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज माइकल वेन 7 तो मालान कुर्गर 3 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद जे कोट्जे ने 26 तो कप्तान जे स्मिट ने 8 गेंदों पर 19 रन बनाये। मध्यक्रम में जान फ्राइलिंक ने 27 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए तो अंत में विकेटकीपर बल्लेबाज जेन ग्रीन ने 20 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

# पांड्या को इस कारण बीसीसीआई अनुबंध में बरकरार रखा गया

मुम्बई। भरतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू टूर्नामेंटों की अनदेखी के लिए जहां श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को केन्द्रीय अनुबंध नहीं दिया है। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को घरेलू क्रिकेट से दूर रहने के बाद भी ए ग्रेड अनुबंध दिया है जिसका कारण अब सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पांड्या को ए ग्रेड में इसलिए बरकरार रखा गया है क्योंकि उन्होंने वादा किया है यदि वह राष्ट्रीय टीम में नहीं होंगे तो वह सफेद गेंद क्रिकेट खेलने से पीछे नहीं हटेंगे और जरूरत पड़ने पर सैयद मुश्ताक अली टी20 या विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ौदा की ओर से खेलेंगे।

पांड्या विश्व कप के दौरान लगी चोट के बाद से ही टीम से बाहर रहे हैं पर अब उन्होंने डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के साथ ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। इसमें वह रिलायंस की ओर से खेल रहे हैं। पांड्या के बारे में सकारात्मक बात ये रही कि वह समय समय पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में भी पहुंचते रहे हैं। इसी बीच बीसीसीआई के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, पंड्या ने यह भी



कहा है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से समय मिलने पर वह घरेलू टूर्नामेंटों में भी खेलेंगे। साथ ही कहा कि हमने पंड्या के साथ बात की इसमें उन्हें उपलब्ध होने पर घरेलू सफेद गेंद टूर्नामेंट खेलने के लिए कहा गया है। वहीं बीसीसीआई की मेडिकल टीम के अनुसार हार्दिक अभी लाल गेंद वाले टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने की हाल में नहीं हैं। इसलिए वह रणजी ट्रॉफी से भी बाहर रहे हैं पर अगर भारतीय टीम की कोई प्रतिबद्धता नहीं होती है तो उन्हें अन्य सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट खेलने होंगे। यदि नहीं, तो उन्हें भी अनुबंध से बाहर होना पड़ेगा। चूक जाएंगे। बता दें कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के बाद बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है। ऐसे में ये ऑलराउंडर आने वाले समय में घरेलू क्रिकेट खेलते हुए नजर आ सकता है।

### टी20 विश्व कप में सूर्या अंतर पैदा करेंगे - हुसैन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा की है। हुसैन ने कहा कि सूर्या टी20 में शानदार बल्लेबाजी करते हैं पर अन्य प्रारुपों में वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। 2021 में टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सूर्यकुमार अब तक 60 टी20 मैचों में चार शतक और 17 अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने 2022 में आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था।हुसैन का मानना है कि एकदिवसीय क्रिकेट में सूर्यकुमार को समझ नहीं आता कि कैसे खेलना है पर टी20 में वह जबर्दस्त खेलते हैं। ऐसे में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में सभी की नजरें उन पर रहेंगी। सूर्यकमार पिछले साल आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर रहे थे। वह एकदिवसीय में हालांकि इस प्रकार का प्रदर्शन दोहरा नहीं पाये हैं। हुसैन ने कहा ," इस समय दुनिया की नजरें टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार पर लगी रहेंगी। वह जबर्दस्त खेलता है। मिस्टर 360 है क्योंकि चारों तरफ स्ट्रोक लगाता है पर पचास ओवरों के क्रिकेट में इस प्रकार नहीं खेल पाता।" उन्होंने कहा ," टी20 क्रिकेट में हर बार उसे पता होता है कि क्या करना है अन्य प्रारुपों में वह समझ नहीं पाता कि कैसे खेलना है। टी20 मजेदार क्रिकेट है और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी देखना और भी मजेदार।" टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होगा और हुसैन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका इस बार खिताब जीत सकता है।

# घरेलू क्रिकेट आधार पर किसी खिलाड़ी को खेलने मजबूर नहीं कर सकते - साहा

कोलकाता। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने कहा है कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो उसे जबरन खेलने को मजबूर नहीं किया जा सकता। साहा ने ये बात विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के घरेलू क्रिकेट की अनदेखी को लेकर कही है। ईशान और अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसी कारण केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया है। साहा ने इसको लेकर कहा कि अनुबंध नहीं दिये जाने का फैसला बीसीसीआई का है जबकि रणजी नहीं खेलना इन दोनो का निजी निर्णय थी। ये दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ समय पहले तक भारतीय टीम में भी थे। इन दोनो ने गत वर्ष एकदिवसीय विश्वकप भी खेला था। ईशान अंतिम बार दिसंबर में भारतीय टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गये थे। वहीं




अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही जारी इस सरीज के पहले 2 टेस्ट खेले थे।

साहा ने कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं। मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को बेहतरीन करार दिया।

# आर्चर के टी20 विश्व कप खेलने की संभावनाएं

लंदन । इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं। आर्चर कोहनी की चोट के कारण पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं पर उनके इस टूर्नामेंट तक फिट होने की उम्मीदें हैं। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की 2019 में एकदिवसीय विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह पिछले साल मई से ही पेशेवर क्रिकेट नहीं खेल पाये हैं। आर्चर अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं और उनके खेलने से मुकाबले में अंतर पैदा होता है। ऐसे में इंग्लैंड के जीतने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी।

दिसंबर में वेस्टइंडीज दौरे के समय उन्होंने सीमित ओवरों की टीम के साथ अभ्यास किया था पर वह खेल नहीं पाये थे। इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा,"हमारी योजना उसे टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है।

# देर रात से सुबह तक चला मंथन, कई दिग्गज को हटा, नए चेहरों को मौका दे सकती हैं भाजपा



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक शुक्रवार सुबह तड़के समाप्त हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पहली लिस्ट को लेकर भाजपा की यह मंथन गुरुवार रात 10.50 बजे शुरु होकर शुक्रवार तड़के 3.15 बजे तक चला। बैठक के बाद सूत्रों ने बताया कि यूपी में भाजपा सहयोगी दलों के लिए आधा दर्जन सीटें छोड़ सकती हैं। इतना ही नहीं, पहली लिस्ट में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित करीब 30 नामों पर मुहर लग सकती है, जिस पर बैठक में चर्चा हुई। पहली लिस्ट में ज्यादातर पश्चिमी यूपी की सीटें होंगी।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति में तेलंगाना पर भी काफी चर्चा हुई। तीन मौजूदा सांसदों को फिर टिकट देने की संभावना है। पहली सूची में तेलंगाना से 4-5 नामों के घोषणा की उम्मीद है। माना जा रहा है कि जी किशन रेड्डी, बंडी संजय कुमार, अरविन्द धर्मपुरी को दोबारा टिकट मिल सकता है। वहीं, बंगाल में आधे से ज्यादा निवर्तमान सांसदों को टिकट मिल सकता है। इसमें जगन्नाथ सरकार, लॉकेट चटर्जी, दिलीप घोष, सुकांतो मजुमदार प्रमुख हैं। भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को आसनसोल से टिकट मिल सकता है। इसके अलावा, केरल से भाजपा 5-6 उम्मीदवारों का नाम का ऐलान कर सकती है।

मध्य प्रदेश की सारी सीटों पर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में चर्चा हुई। खास तौर पर छिंदवाड़ा को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। सूत्रों की मानें तब शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से लड़ाया जा सकता है। खुद शिवराज का कहना है कि पार्टी हाई कमान जो आदेश देगा, उसका पालन किया जाएगा। वहीं, ज्योतिरादित्य सिंधिया के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, एमपी से कुछ विधायकों को भी टिकट दिया जा सकता है।

राजस्थान से वसुंधरा या फिर उनके बेटे दुष्यंत राजे को रिपीट करने की उम्मीद है। छत्तीसगढ़ में भाजपा चार लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों का ऐलान कर सकती है। दुर्ग लोकसभा सीट से विजय बघेल को फिर से मौका मिल सकता है। बाकी भाजपा कई सीटों पर नए प्रत्याशी उतार सकती है। भाजपा छत्तीसगढ़ से 2 महिला उम्मीदवारों को मौका दे सकती है।

वहीं, झारखंड से पूर्व सीएम और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा को टिकट मिल सकता है। साथ ही निशिकांत दुबे का भी टिकट दिया जा सकता है। कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुईं गीता कोड़ा को भी टिकट मिल सकता है। इसके अलावा, गोवा से केन्द्रीय मंत्री श्रीपद नायक को भी टिकट मिल सकता

## नल जल योजना के पानी से मोहताज कोसरीटोला वासी



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत मुरझड़ के कोसरीटोला में नल जल योजना होने के बाद भी पानी नही मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीणजन काफी परेशान है। उन्हे काफी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होने अपनी इस समस्या से सरपंच को भी अवगत कराया है। हालाकि मुख्य बस्ती मुरझड़ में दोनो वक्त का भरपूर पानी मिल रहा है। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण सरस्वता बाई कावरे ने बताया कि उनके कोसरीटोला में जो नल जल योजना है उसका पानी उन्हे प्राप्त नही हो रहा है। जिस जगह से वे पानी लाते है उसे यह माना जाये की खरीदकर ला रहे है क्योकि हमे उसका शुल्क देना पड़ता है। यह शुल्क जिसके कुऐं से हम पानी ले रहे है उसे देते है। हम यही चाहते है कि जब हमारे कोसरीटोला में नल जल योजना है तो उसका लाभ हमें मिलना चाहिये। आगामी समय गर्मी का है ऐसे में पानी नही मिलने से हमारे सामने काफी संकट खड़ा हो जायेगा। वही गिरवन बाई कावरे ने पद्मेश को बताया कि नल जल योजना होने के बाद भी हम लोग पानी से मोहताज है। कई बार सरपंच को शिकायत कर चुके है। मगर हमारी कोई सुनवाई नही हो रही है। हम लोग काफी दूर से पानी लेकर आते है। जिससे काफी तकलीफ हो रही है। हम यही चाहते है कि जब नल जल योजना के तहत हमारे घरों में नल लगे है तो उससे हमे क्यो नही पानी मिल रहा है। अगर कोई खराबी है तो उसका सुधार कार्य पंचायत कराये। ताकि हम लोग पानी की समस्या से न जूझे। जब इस संबंध में पद्मेश ने सरपंच प्रतिनिधि मुरझड़ मनोज गौतम से दूरभाष पर चर्चा करनी चाही तो उनसे संपर्क नही हो पाया।

## प्रशासनिक व्यवस्था के तहत हुए फेरबदल संयुक्त कलेक्टर को बनाया वारासिवनी का एसडीएम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से संयुक्त कलेक्टर राजीव रंजन पांडेय को अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी पदस्थ किया गया है। ज्ञात है कि पिछले दिनों एसडीएम कामिनी ठाकुर का स्थानांतरण हो जाने से कार्यमुक्त किया गया था। श्री पांडेय को एसडीएम वारासिवनी बनाए जाने के बाद उनको आवंटित कार्य डिप्टी कलेक्टर एमआर कौल को सौंपे गए है। इसी तरह नायब तहसीलदार संजय बारस्कर को लांजी से लालबर्रा नायब तहसीलदार पदस्थ किया गया है। वहीं नायब तहसीलदार लालबर्रा सुरेश कुमार को लालबर्रा के सम्पूर्ण प्रभार एवं आहरण संवितरण अधिकार से मुक्त किया गया। सहायक अधीक्षक कृष्णा नायक को प्रभारी नायब तहसीलदार उकवा पदस्थ किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

## मप्र के इकलौते निर्दलीय विधायक पर रंगदारी का आरोप



रतलाम। बाजना कस्बे में मेडिकल स्टोर का संचालन करने वाले तपन राय ने एक वीडियो वायरल किया गया था। आरोप लगाया कि 19 फरवरी को सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने उसको अपने निवास पर बुलाया था और एक करोड़ रुपए की मांग की। साथ ही धमकाते हुए कहा, अगर मांग पूरी नहीं हुई तो बाजना में नहीं रहने दूंगा। इसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने सैलाना थाने में रंगदारी का मामला दर्ज करा दिया। बता दें कि डोडियार मध्य प्रदेश के इकलौते निर्दलीय विधायक हैं।

वहीं दूसरी तरफ विधायक कमलेश्वर डोडियार का भी बयान सामने आया था। अपनी सफाई में एमएलए ने एक वीडियो जारी करके कहा, सभी आरोप निराधार हैं और स्वयं तपन राय मेरे पास 20 लाख रुपए लेकर आया था। उसने मेरे को बोला था कि मेरे जितने भी अवैध धंधे हैं वह मेडिकल स्टोर की आड़ में आप चलने दीजिए। मैंने उसे मना करके वहां से लौटा दिया था। और कहा था यदि एक करोड़ रुपए भी देगा तो मैं तेरे को अवैध धंधे नहीं करने दूंगा। किसी को भी बाजना क्षेत्र में अवैध धंधे नहीं करने दूंगा।

विधायक कमलेश्वर का आरोप है, तपन राय मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध धंधे करता है और गर्भपात आदि करवाता है। यही नहीं, अवैध क्लिनिक भी चलवाता है। फरियादी तपन राय ने विधायक के खिलाफ एक शिकायती आवेदन रतलाम एसपी ऑफिस में दिया था। जांच के अब सैलाना थाने में कमलेश्वर डोडियार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, विधायक कमलेश्वर डोडियार पर आईपीसी की धारा 323, 294, 506, 327, 284 और 34 में प्रकरण दर्ज किया गया है। विधायक के अलावा उनके प्रतिनिधि दशरथ डिंडोर का भी नाम शामिल है. बता दें कि इससे पहले भी कमलेश्वर डोडियार पर कई मुकदमे दर्ज हैं. एक मुकदमा उन पर नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का भी है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने क्यों कहा, कोई इंडिया गेट को खरीद कर वहां घर बना लेगा

नई दिल्ली । दिल्ली में अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन रोक से इंकार कर हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण की स्थिति दिल्ली में ऐसी है कि कोई इंडिया गेट को भी खरीदकर वहां पर घर बना लेगा। कोर्ट ने स्पेशल टास्क फोर्स की ओर से द्वारका सहित कई इलाकों में चल रहे धस्वतीकरण कार्रवाई पर स्टे लगाने से इंकार किया। बिल्डर्स और प्रभावित संपत्ति मालिकों ने अलग-अलग याचिका दायर करते हुए तुरंत कार्रवाई रोकने का आदेश देने की गुजारिश की थी। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का हवाला देकर बीएसईएस से बिजली आपूर्ति बहाल कराने की भी मांग की गई थी। हालांकि, बेच ने सहमत नहीं हुआ और इस दस्तावेजी सबूतों की मांग की जो साबित करें कि निर्माण वैध है।

कोर्ट ने नाराजगी पेश कर कहा, यह सच में गजब है कि लोग पहले कानून तोड़ते हैं, फिर कोर्ट चले आते हैं। आप साफ हाथ के साथ नहीं बल्कि सने हुए हाथ लेकर आए हैं। स्थिति ऐसी है कि कोई इंडिया गेट को खरीद सकता है और वहां घर बना लेगा। आज पूरा शहर रहने लायक नहीं बचा। जब बिल्डर्स की तरफ से वकील ने कोर्ट से हस्तक्षेप कर ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग की तब अदालत ने कहा, मगरमच्छ के आंसू मत बहाओ। हमें सेंक्शन प्लान दिखाए, कुछ ऐसा दिखाइए जिसके आधार पर हम कार्रवाई रोक सकें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इसतरह के खरीदारों की मुश्किलों को भी माना जो ऐसी जमीनों को खरीदते हैं और उस पर निर्माण करते हैं फिर ध्वस्तीकरण का सामना करना पड़ता है। हालांकि, कोर्ट ने संकेत दिया कि इसमें अधिक कुछ नहीं किया जा सकता है।

## फिर आई मोदी सरकार...सिलेंडर 2 हजार रुपये का होगा



झारग्राम। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने आशंका जाहिर कि अगर केंद्र की सत्ता में फिर से भाजपी आई तब रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाकर दो हजार रुपये होगी। ममता ने कहा, अगर भाजना चुनाव जीतती है, तब वे रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाकर 1,500 रुपये या 2,000 रुपये तक कर सकते हैं। ऐसा होने पर हमें फिर से खाना पकाने के लिए लकड़ी जलाना शुरु करना होगा। ममता ने मोदी सरकार को अप्रैल के अंत तक आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण पूरा करने की चेतावनी देकर दावा किया कि यदि ऐसा नहीं हुआ, तब उनकी सरकार मई से इनका निर्माण शुरू कर देगी। पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी की घोर आलोचक ममता ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक मनरेगा का बकाया भुगतान नहीं किया है। हमारी सरकार ने 59 लाख लोगों को उनके बकाया का भुगतान किया है बता दें कि इन दिनों भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच संदेशखाली यौन उत्पीड़न मामले के मुख्य आरोपी और टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी को लेकर तीखी राजनीतिक लड़ाई चल रही है। तृणमूल कांग्रेस ने विवादास्पद राजनेता को छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

## कैडिला के सीएमडी राजीव मोदी की मुश्किलें बढ़ीं, पीड़िता ने 6 पन्नों का बयान दर्ज कराया

अहमदाबाद। कैडिला फार्मा के सीएमडी राजीव मोदी पर लगे दुष्कर्म के मामले में उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाल ही में पुलिस ने इस मामले में राजीव मोदी को क्लीन चिट दे दी थी। लेकिन बल्गेरियाई की युवती ने सामने आकर कहा कि मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। दरअसल कल बल्गेरियाई युवती ने पुलिस आयुक्त के कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया। लड़की 8 घंटे तक पुलिस आयुक्त कार्यालय में रही और 6 पन्नों का बयान कराया है। उस दौरान पुलिस ने बल्गेरियाई युवती से 12 सवाल भी पूछे हैं। इस मामले में महिला थाने के एसीपी पर लगे आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। बल्गेरियाई लड़की के बयान के दौरान सेक्टर 1 जेसीपी, सोला पुलिस स्टेशन के पीआई, अनुवादक और महिला कांस्टेबल मौजूद थे। इस मामले में एसीपी हिमाला जोशी पर युवती को बहला-फुसलाकर वापस भेजने और उसकी शिकायत दर्ज नहीं करने का आरोप लगा था। युवती के थाने पहुंचने के वक्त का सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला है। जब युवती महिला थाने पहुंची तो उसके मोबाइल फोन की ऑडियो रिकॉर्डिंग चालू थी। युवती ने सेक्टर 1 जेसीपी को पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दी। पुलिस द्वारा रिकार्ड की गई ऑडियो क्लिप एफएसएल को भेजी जाएगी। चूंकि एसीपी हिमाला जोशी फिलहाल छुट्टी पर हैं, इसलिए उनका जवाब अभी नहीं लिखा गया है। छुट्टी से वापस आने के बाद उनसे इन आरोपों के संबंध में जवाब भी लिया जाएगा। निकट भविष्य में इस युवती को पुलिस द्वारा भरे गए ए समरी को लेकर हाई कोर्ट में पेश किया जाएगा। पीड़िता अपने वकील के साथ सामने आई और कैडिला के सीएमडी राजीव मोदी के खिलाफ रेप मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीड़िता ने पुलिस जांच पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि घटना के काफी देर बाद मेरा मेडिकल टेस्ट हुआ है। पुलिस ने शुरू से ही जांच में ढिलाई बरती है। गुजरात पुलिस ने ठीक से जांच न करते हुए समरी रिपोर्ट दाखिल की है। हम सुप्रीम कोर्ट गए लेकिन वहां भी हमें याचिका वापस लेनी पड़ी। समरी रिपोर्ट के कारण हमने आवेदन वापस ले लिया है। वहीं पीड़िता ने कोर्ट से इस मामले की जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने उसे उचित जवाब तक नहीं दिया। पहले भी पुलिस ने समझौता कर मामला खत्म करने की बात कही थी। पुलिस ने मामले की जांच में पुराने गवाहों से पूछताछ नहीं की। नए स्टाफ से पूछताछ के बाद पुलिस ने मामले की संक्षिप्त रिपोर्ट भर ली है। ऐसी कई युवतियों को शिकार बनाया गया है और पीड़ितों से पूछताछ तक नहीं की गई है। पीड़िता के वकील राजेश मिश्रा ने कहा कि जब हम सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करने गए तो पुलिस पहले ही ए-समरी रिपोर्ट दाखिल कर चुकी थी।

## अन्नाद्रमुक ने दिया चेलेंज तमिलनाडु में सीतारमण और जयशंकर को उतारे चुनावी मैदान में

चेन्नई । ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) के नेता केपी मुनुसामी ने चुनौती दी है कि अगर बीजेपी को वास्तव में भरोसा है कि तमिलनाडु में उसका जनाधार बढ़ा है, तो क्या वह केंद्रीय मंत्रियों निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर को तमिलनाडु में किसी भी सीट से चुनावी मैदान में उतार सकती है?

मीडिया रिपोर्ट में इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि विदेश मंत्री एस जयशंकर या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बेंगलुरु से चुनाव लड़ेंगे। 2019 में बीजेपी ने बेंगलुरु की सभी तीन सीट पर जीत दर्ज की थी। सीतारमण राज्यसभा में कर्नाटक प्रतिनिधित्व करती हैं और तमिलनाडु, तेलंगाना की राजनीति से काफी अच्छी तरह से वाकिफ हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के एक बयान के बाद ये बहस छिड़ी। सोमवार को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया था कि सीतारमण और जयशंकर इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा था, यह लगभग तय है कि वे चुनाव लड़ेंगे।

## सीएए के लागू होने की आहट से असम में विरोध प्रर्दशन शुरु

### पीएम मोदी के दौरे के दौरान 12 घंटे की भूख हड़ताल

दिसपुर। असम में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित 30 से अधिक समूहों ने प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असम दौरे के दौरान नौ मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे की भूख हड़ताल सहित आंदोलन होगा। शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं।

30 स्वदेशी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं और इसके बाद सीएए को लागू करने की घोषणा करना लोगों के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने कहा, असम के लोगों ने कभी भी सीएए को स्वीकार नहीं किया है और अगर इस लागू किया जाता है, तब इस ओर बढ़ाए गए हर कदम का विरोध होगा। उन्होंने कहा कि, कानूनी लड़ाई के साथ-साथ हम केंद्र के फैसले के खिलाफ लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रखने वाले हैं।

शर्मा ने कहा कि सीएए विरोधी आंदोलन 4 मार्च को हर जिला मुख्यालय में मोटरसाइकिल रैलियों के साथ शुरू होगा और एक मशाल जुलूस भी निकाला जाएगा। बात दें कि प्रधानमंत्री 8 मार्च से असम की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे है। इस दौरान वे काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी करने, 17वीं सदी के अहोम सेना कमांडर लाचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण और शिवसागर मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखने और 5.5 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) से बने घरों का उद्घाटन होगा। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले ही अपने भाषणों में सीएए के ऐलान की बात कह चुके हैं। उन्होंने, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर कहा कि 2019 में कानून पारित हुआ था। इस संबंध में नियम जारी करने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाएगा। शाह ने कहा, सीएए देश का कानून है, इसका नोटिफिकेशन निश्चित रूप से हो जाएगा। चुनाव से पहले ही सीएए को अमल में आना है इसमें किसी को कंफ्यूजन नहीं रखना है।

## सतर्क रहे किसान, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भारी बारिश की संभावना

नई दिल्ली। आईएमडी यानी भारत मौसम विज्ञान ने पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों मे भारी बारिश की संभावनाएं जाहिर की हैं। साथ ही मौसम विभाग ने किसानों को भी अलर्ट कर फसलों से जुड़ी एडवाइजरी जारी की है। अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस या पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिम हिमालयी क्षेत्र और उत्तरी मैदान में 1 से 3 मार्च तक मौसम तेजी से बदल सकता है।

आईएमडी का कहना है कि उत्तरी राजस्थान के किसान जल्द गेहूं, ज्वार और सरसों की कटाई कर लें और उपज को किसी सुरक्षित स्थान पर रख लें। साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में खेतों से पानी को बाहर निकलने की व्यवस्था रखे, ताकि जल जमाव की स्थिति से बचा जा सके। इसके साथ ही इन राज्यों के किसानों को भी कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की सलाह दी है। जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में रात से 3 मार्च तक बारिश/बर्फबारी के आसार हैं। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्य प्रदेश में 1 से 3 मार्च के बीच बारिश की काफी संभावनाएं हैं। इस दौरान 2 मार्च को तेज हवाएं और कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।1 और 2 मार्च को पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली में तेज आंधी-तूफान के साथ मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं, इस दौरान उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी बारिश हो सकती है।

## अब हिमाचल के एक मंत्री कैबिनेट छोड़कर चले गए, वजह तलाश रहे लोग

शिमला। हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर आए संकट के बादल फिलहाल टल गए है लेकिन एक मंत्री का कैबिनेट बैठक से चले जाना अपने आप में संदेह पैदा कर रहा है। इसकी वजह तलाशी जाने लगी हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार के एक कैबिनेट मंत्री ने बागी कांग्रेसी नेताओं से बातचीत की है। यह मुलाकात चंडीगढ़ के एक होटल में हुई है। यहां मंत्री की गाड़ी होटल के बाहर स्पॉट हुई है। फिर मंत्री ने बागी कांग्रेस नेताओं से मीटिंग की है। हालांकि, मीटिंग की ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। लेकिन बताया जा रहा है कि मंत्री दिल्ली भी जा सकते हैं। अहम बात यह है कि मंत्री के साथ दो कांग्रेस विधायक भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि गुरुवार को शिमला में सीएम सुक्खविंदर सिंह सुक्खू ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी. इस दौरान उन्होंने संकेत दिए थे कि बागियों की पार्टी में वापसी हो सकती है। सीएम सुक्खू ने ओक ओवर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि सभी अपने छोटे भाई हैं और कुछ तो बड़े भी हैं। बागियों की गलती माफ की जा सकती है। दो विधायकों की पत्नियां मुझसे मिलने आई थी। हालांकि, इस बीच सीएम की बात को बीच में हुड्डा और डीके शिवकुमार ने काट दिया था।

शिमला में गुरुवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बागियों का समर्थन करते हुए कहा था कि जल्दबाजी में फैसला हुआ है। जब पूछा गया कि छह बागी कांग्रेसियों के विधायिकी के निष्कासन के फैसले लोकसभा चुनाव पर असर पड़ेगा तो उन्होंने कहा कि बिलकुल असर पड़ेगा। जब आपको एक साल से अधिक का समय हो गया है और आप उनकी बात नहीं सुन रहे। उनका नाराज होना जायज सी बात है. उनको बिठाते और बातचीत करते तो कोई सॉल्युशन निकालते तो आज यह हालात पैदा नहीं होते।

## चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक रहे हैं पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह

नई दिल्ली। यूपी कैडर के पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह इन दिनों काफी चर्चा में हैं। वजह ये है कि पहले उन्होंने अभिनेत्री सनी लियोनी के साथ एक म्यूजिक एल्बम बनाया,फिर जौनपुर से अध्योध्या के लिए तीर्थ बस सेवा शुरु कराई। बड़े बड़े आयोजन का लोगों का दिल जीत और अब लोकसभा चुनाव के लिए ताल ठोकते बताए जा रहे हैं।

अभिषेक सिंह अपने गृहजिले जौनपुर में राजनीतिक और सामाजिक रूप से काफी एक्टिव हैं। अयोध्या में जब जनवरी में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई तो फरवरी में उन्होंने जौनपुर के लोगों को फ्री में बस से अयोध्या भेजना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने बताया था कि रोजाना 5 बसें श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम जा रही हैं। अभिषेक ने इन बसों का नाम जौनपुर निषाद रथ रखा था। दरअसल जौनपुर लोकसभा सीट पर निषाद वोटबैंक निर्णायक भूमिका में है। वह अपने जिले में ऐसे कार्यक्रम करते रहते हैं जिसमें भारी संख्या में भीड़ जुटती रहे। आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह की पत्नी दुर्गा शक्ति नागपाल हैं, जो इस समय बांदा की जिलाधिकारी हैं। उन्होंने साल 2008 में सिविल सेवा परीक्षा पास की थी, हालांकि तब उनका चयन भारतीय राजस्व सेवा के लिए हुआ था। इसके बाद 2009 में सिविल सेवा में उन्हें 20वां स्थान मिला था और उन्हें पंजाब कैडर दिया गया था. अभिषेक सिंह के साथ जब शादी हो गई, तो उन्हें यूपी कैडर दिया गया. दुर्गा के ससुर भी नोएडा में रहते हैं, जोकि रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी हैं।

अभिषेक सिंह को साल 2022 में गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था. इसी दौरान सरकारी कार का सामने खड़े होकर उन्होंने फोटो खिंचवाई और सोशल मीडिया पर डालने के बाद विवाद बढ़ गया, जिसकी वजह से वो



चर्चा में आ गए। चुनाव आयोग ने इसे अनुशासनहीनता माना और नवंबर में उन्हें पद से हटा दिया गया। गुजरात से लौटने के बाद अभिषेक सिंह ने यूपी में फिर अपनी ड्यूटी जॉइन कर ली थी।

हाल ही में अभिषेक सिंह ने अपने गृह नगर जौनपुर में गणेश महोत्सव का आयोजन कराया था। जिसमें मुंबई के तमाम फिल्मी कलाकार शामिल हुए थे। अभिषेक सिंह कई वीडियो एल्बम्स में एक्टर के रूप में काम कर चुके हैं। एक्टिंग के शौकीन अभिषेक सिंह दिल तोड़ के सॉन्ग से रातोरात सुर्खियों में आ गए थे। गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला के लिखे और फेमस सिंगर बी प्राक के गाए गाने को टी सीरीज ने जुलाई 2020 में रिलीज किया था। इसके बाद आईएएस अभिषेक को सिंगर जुबिन नौटियाल की आवाज में रिलीज हुए गाने तुझे भूलना तो चाहा... में देखा गया. साथ उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज दिल्ली क्राइम के सीजन-2 में भी काम किया था।

यूपी के चर्चित आईएएस अधिकारी रहे अभिषेक सिंह का इस्तीफा 5 महीने बाद मंजूर हो गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद यूपी सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। वो बीते साल फरवरी महीने से सस्पेंड चल रहे थे, जिसके बाद उन्होंने अक्टूबर में इस्तीफा दे दिया था। उनका करियर हमेशा विवादों में रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हैं कि अभिषेक सिंह जौनपुर से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। अभिषेक सिंह को साल 2015 में तीन साल के लिए दिल?ली में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया था, उसके बाद 2018 में यह अवधि दो साल के लिए और बढ़ा दी गई, लेकिन उस दौरान वे मेडिकल लीव पर चले गए। दिल?ली सरकार ने अभिषेक को वापस उनके मूल कैडर यूपी भेज दिया। लंबे समय तक उन?होंने यूपी में नौकरी ज्वाइन नहीं की और इसके लिए उन्होंने नियुक्ति विभाग को संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। हालांकि साल 2022 में उन्होंने नौकरी ज्वाइन कर ली थी।

## चिकित्सक एवं एक मरीज के खिलाफ बीमा कंपनी ने दर्ज कराया केस

नोएडा। नोएडा में बीमा कंपनी से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक चिकित्सक एवं एक मरीज सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि 'रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' के अधिकारी ओंकार सिंह ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, शैलेंद्र कुमार नामक व्यक्ति ने इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' से स्वास्थ्य बीमा कराया था और कुमार ने 2020 में बीमा के तहत दावा पेश करते हुए कहा था कि उस स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण एक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। सिंह ने बताया कि बीमा कंपनी ने शक होने पर मामले की जांच की और पाया कि शैलेंद्र ने डॉक्टर बी पी सागर और अन्य लोगों के साथ मिलकर कंपनी से धोखाधड़ी की और अस्पताल में अपने भर्ती होने की झूठी बात बताकर बीमा के लिए दावा किया।

# संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार का बालाघाट में विरोध

## सड़क पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता, आरोपियों को फांसी देने की मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हो रहे अपराध व अत्याचारों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (क्ष्छ्क्ष) की ओर से देश भर सहित बालाघाट में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को बालाघाट में भाजपा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आंबेडकर चौक पहुंचे और प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, अभय सेठिया, महेंद्र सुराना, संजय खंडेलवाल, दिलीप चौरसिया,मौसम हरिनखेडे, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर,सुरजीत सिंह ठाकुर,कुणाल ऐलकर, रूपेश वैध,वंदना बारमाटे, पूनम गोरले, मीनाक्षी हरिनखेडे,उषा धुवारे,भूपेंद्र सुहागपूरे, संतोष सिंघारे, दीपक लिल्हारे,राज हरिनखेडे, वकील वाधवा, मनोज हरिनखेडे, डॉक्टर अक्षय कटरे, महेश शरणागत, खिमेंद्र गौतम, उज्जवल आमाडारे, आलोक हरवाल,योगराज टेभरे,नमन गांधी, शुभम, यशवंत रिनायत, शुभम शिवालय, हिमांशु चौकसे,संजू वराडे,राहुल जैमी, सिकेनद्र बाजनघाटे,राजेश लिल्हारे,सेवक राम पेंढ़ारकर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी पर अराजकता व तुष्टीकरण की राजनीतिक का आरोप लगाया। दरअसल, संदेशखाली क्षेत्र की कई महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि शाहजहां और उनके समर्थक रात में उनके घर की बहू-बेटियों को ले जाते थे. अब महिलाएं वहां टीएमसी नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी हैं. महिलाओं के इस प्रदर्शन को भाजपा का भी साथ मिल गया है। भाजपा द्वारा मध्य प्रदेश के सभी जिलों में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।




### ममता सरकार की कड़ी निंदा करते हैं उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए - मौसम हरिनखेरे

इस संबंध में भाजपा नेत्री मौसम हरिनखेरे ने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि हमारे देश के अंदर बंगाल प्रांत के 24 परगना जिले के स्थित संदेश खाली में जो घटना घटी है वह बहुत ही निंदनीय है। वहां जिस तरह से महिलाओं का उत्पीड़न हुआ है खुलकर वहां की महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाया है उन्होंने अधिकृत तौर पर यह बातें कहीं और जांच में सामने आया है प्रदेश सरकार ने उसमें संज्ञान नही लिया,तो हाई कोर्ट को स्वत:संज्ञान लेकर वहां पर केंद्र का दल जाता है तब एफआईआर दर्ज होती है और मजबूरी वश टीएमसी के नेता शाहजहां शेख को 48 घंटे के बाद उनकी गिरफ्तार शो की जाती है। पूरी सरकार कहीं ना कहीं ऐसे अपराधियों को संरक्षण दे रही है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं का उत्पीड़न वहां होना यह एक गंभीर वह निंदनीय विषय है। इसके संबंध में भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व के निर्देश में बालाघाट जिला मुख्यालय में बंगाल की ममता सरकार की विरोध में यहां धरना प्रदर्शन कर रही है। हम यहां ममता सरकार की कड़ी निंदा करते हैं उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और ऐसी सरकार को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। महिलाओं को संरक्षण देना चाहिए।

### आरोपियों को दे फांसी की सजा-श्रीमती भारती पारधी

इस दौरान भाजपा नेत्री भारती पारधी ने कहा संदेशखाली के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जो रवैया रहा, माता-बहनों के साथ जो अत्याचार हुए. जिस तरह से उनकी आबरू को लूटी गई है. उनके परिवारों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया।पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में महिलाओं के शोषण और अमानवीय अत्याचारों के विरुद्ध कड़ी निंदा करते हैं एवं आक्रोश प्रकट करते है। संदेशखाली में महिलाओं पर हो रही घटना को लेकर शासन से इसके विरुद्ध कड़े कदम उठाने की मांग करते हैं, ताकि महिलाओं की अस्मिता सुरक्षित रह सके. पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न की विडम्बना अत्यंत खेदजनक एवं मानवता को शर्मसार कर देने वाली है। यह गंभीर विषय है, दुर्भाग्य से बंगाल की मुख्यमंत्री महिला होने के बाद भी महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अत्याचारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि बांग्ला में निरीह निरपराध महिलाओं का शोषण और दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निंदनीय है।

### पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल- श्रीमती भारती ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष

बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर ने इस संदर्भ में कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उत्तर 24 परगना जिले के इस सीमावर्ती क्षेत्र में सामाजिक तानाबाना छिन्नभिन्न होता दिखाई दे रहा है. अराजकता का माहौल, आसमाजिक तत्वों की सक्रियता अवैध घुसपैठ जनसंख्या को असुन्तलन का प्रयास राष्ट्र की सुरक्षा के लिए धोखादायक है. उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग इन सभी कानून- व्यवस्था को बहाल करने वाली संस्थाओं द्वारा कड़े शब्दों में लताड़े जाने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं होना और अपराधियों को पकड़ने का प्रयास भी न करना बल्कि पूरे मामले को संप्रयदायिकता का रंग चढ़ाना राज्य सरकार की पक्षपातपूर्ण मानसिकता को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल का राज्य प्रशासन महिलाओं की रक्षा करने और उन्हे न्याय दिलाने में असफल रहा है। महिलाओं का बर्बर बलात्कार और उनका यौन शोषण करने का अरोपी शाहजहां शेख जैसे अपराधियों को राज्य सरकार का प्रश्रय मिल रहा प्रतीत होता है।सभ्य समाज का मस्तक लज्जा से झुका देने वाली ऐसी स्थिति का समस्त महिला समाज पश्चिम बंगाल सरकार की कड़ी निंदा करता है. उन पीड़ित महिलाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार पुलिस एवं जांच ऐजेंसियों से निवेदन करता है कि अपराधियों को कठोर दंड दिया जाए. साथ ही पीड़ित महिलाओं की उपचार के साथ उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।

# भारत में सर्विस रूल एक समान हो-किशोर समरिते

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरिते ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि भारत में जहां समान नागरिकता तथा वन रैंक वन पेंशन की बात की जा रही है, वहीं भारत सरकार सर्विस रूल पर मौन है। जबकि भारत में न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका में सर्विस रूल एक समान होना चाहिये, इसमें काफी भिन्नता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सेवा निवृत्ति की उम्र 65 वर्ष है। वहीं राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष है। वही व्यवस्थापिका में लोकसभा एवं राज्यसभा में महासचिव लोकसभा एवं महासचिव राज्यसभा की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष है। जबकि राज्यों के विधानसभाओं तथा विधान परिषद् में प्रमुख सचिव विधानसभा एवं विधान परिषद् की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष है। वहीं कार्यपालिका में केबिनेट सचिव भारत सरकार की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष है तथा राज्यों के मुख्य सचिव की सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष है। यह गंभीर मामला है। किशोर समरिते ने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय की सेवा निवृत्ति उम्र 65 वर्ष है। यही समय अवधि व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका में लागू करने से देश में संविधान एवं सरकार की एक रूपता प्रदर्शित होगी। भारत में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, भारत सरकार के केबिनेट सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, व्यवस्थापिकायें महासचिव लोकसभा एवं महासचिव राज्यसभा सहित देश के सभी भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा सहित प्रथम श्रेणी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक सभी कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति उम्र 65 वर्ष किया जाना चाहिये तथा देश में सर्विस रूल में सेवा निवृत्ति की उम्र न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा व्यवस्थापिका के प्रयास से चतुर्थ श्रेणी शासकीय सेवकों की सेवा निवृत्ति उम्र 65 वर्ष किया जाना चाहिये। यह व्यवस्था केन्द्र एवं राज्यों के सभी कर्मचारियों के लिये तत्काल लागू की जानी चाहिये।



# मोटरसाइकिल की ठोकर से महिला की मौके पर मौत

## रामपायली थाने के पदमपुर और लड़सड़ा की बीच हुई दुर्घटना, मोटरसाइकिल चालक युवक भी घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम पदमपुर से लड़सड़ा के बीच मोटरसाइकिल एक महिला को ठोस मारकर और अनियंत्रित हो गई। मोटरसाइकिल की जबरदस्त ठोकर से जहा महिला की मौके पर ही मौत हो गई वही मोटरसाइकिल चालक युवक भी घायल हो गया। मृतिका राजवंती पति कुंवरलाल कोहरे 50 वर्ष ग्राम पदमपुर निवासी है। 1 मार्च को 12:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह महिला अपने गांव से पैदल ग्राम लड़सड़ा बैंक रुपये निकालने जा रही थी। घायल युवक विक्की ठकरेल ग्राम पदमपुर निवासी को रामपायली के अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजवंती कोहरे अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करती है। जिसके परिवार में पति दो बेटे और एक बेटी है। तीनो की शादी हो चुकी है । राजवंती कोहरे के एक बेटा गंगाझरी में अपने परिवार के साथ रहता है और पति छोटा बेटा हैदराबाद मजदूरी करने गए है।




राजवंती कोहरे परिवार के अन्य लोंगो के साथ घर मे रहती थीऔर मजदूरी करती थी। 1 मार्च को 12:00 करीब राजवंती कोहरे अपनी ननद के साथ अपने घर ग्राम पदमपुर से पैदल ग्राम मेंढकी प्रेमनगर अपनी रिस्तेदारी में जा रही थी और विक्की ठकरेल अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल में पदमपुर से लड़सड़ा की ओर जा रहा था। तभी पदमपुर और लड़सड़ा बीच तेज रफ्तार मोटरसाइकिल राजवंती कोहरे को ठोस मारकर अनियंत्रित हो गई। मोटरसाइकिल की जबरदस्त ठोकर से जहा राजवंती कोहरे की सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल चालक युवक विक्की ठकरेल भी घायल हो गया। मोके से उसके दो साथी फरार हो गए। घायल विक्की ठकरेल को रामपायली के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामपायली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतिका राजवंती कोहरे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात रामपायली अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये।आगे जांच की जा रही है।


# स्विफ्ट कार की ठोकर से स्कूटी सवार आरक्षक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत बालाघाट रोड पर स्थित पोहा मिल के पास स्विफ्ट कार ने स्कूटी को ठोस मार दी। इस सड़क दुर्घटना में स्विफ्ट कार की ठोकर से स्कूटी सवार एसएएफ का आरक्षक अतुल करण पिता दिलीप कारण 37 वर्ष वार्ड नंबर 19 वारासिवनी निवासी घायल हो गया। जिनका इलाज वारासिवनी के सिविल अस्पताल में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल करण एस ए एफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ है और ग्रामीण थाना बालाघाट में उनकी तैनाती है। 29 फरवरी की रात्रि 9.45 बजे करीब आरक्षक अतुल करण अपनी स्कूटी में बालाघाट से वारासिवनी में जा रहे थे। वारासिवनी के पास पोहा मिलकर सामने एक स्विफ्ट कार ने स्कूटी को ठोस मार दी। स्विफ्ट कार की ठोकर से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई वहीं आरक्षक अतुल करण घायल हो गया। जिनका इलाज वारासिवनी के सिविल अस्पताल में किया। वारासिवनी पुलिस ने आरक्षक अतुल करण द्वारा की गई रिपोर्ट पर स्विफ्ट कार CG 04 एम जे 8615 के चालक के विरुद्ध धारा 279 337 भादवी और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किये। जिसकी विवेचना प्रधान आरक्षक राम प्रसाद भरने द्वारा की जा रही है।

# डंपर की ठोकर से बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थाना अंतर्गत ग्राम बेहरई समीप धारासाही टोला के पास में डंपर ने बुलेट मोटरसाइकिल को ठोस मार दिया ।इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक प्रियांश पिता दिनेश अवधिया26 वर्ष वार्ड नंबर 11 लालबर्रा निवासी घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियांश अवधिया दुबई में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। हाल ही वह अपने घर लालबर्रा आया हुआ था। 1 मार्च को 2:30 बजे करीब प्रियांश अवधिया बुलेट मोटरसाइकिल में अपने घर लालबर्रा से आर टीओ ऑफिस डोंगरिया जाने निकला था तभी धारसाही टोला और लेंडझरी के बीच सामने से आ रहा डंपर ने बुलेट मोटरसाइकिल को ठोस मार दिया। डंपर की ठोकर से प्रियांशु अवधिया बुलेट मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल से उपचार के बाद प्रियांश अवधिया को नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह घटना लालबर्रा थाना क्षेत्र में हुई जिला अस्पताल पुलिस ने प्रियांश अवधिया का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना लालबर्रा भिजवा दिए डंपर का नंबर एमपी 50 ए 1246 बताया गया है।







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट